वर्ष : 30 | अंक :130
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 12 मार्च-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# 3 देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता

## सीएए को लेकर केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कुछ ही दिनों में हो सकता है। बीजेपी ने इस बार अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है। खुद प्रधानमंत्री अलग अलग मंचों से ये बात कह चुके हैं कि अगर 400 पार करना है तो किस तरह से काम करना है। जनता के बीच जाकर पीएम मोदी की तरफ से घोषणाएं की जा रही हैं। वहीं इसी क्रम में आज सीएए की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तीन देश अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई इसमें शामिल हैं। इसमें मुसलमानों को इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि ये तीनों मुस्लिल बहुल देश हैं और वहां अल्पसंख्यक अन्य धर्मों के लोग हैं। भारत का संविधान ये अधिकार देता है कि मानवतावादी दृष्टिकोण से धार्मिक शरणार्थियों को मूलभूत अधिकार मिले। ऐसे शर्णार्थियों को नागरिकता प्रधान की जा सके। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए नियमों को अधिसूचित किए जाने से संबंधित खबरों पर कहा कि लोगों के साथ भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे। एनआरसी और सीएए के नाम पर लोगों को 'डिटेंशन कैंप' में भेजा जाएगा, तो विरोध करूंगी। ममता ने कहा कि सीएए और एनआरसी बंगाल और पूर्वोत्तर के लिए संवेदनशील मुद्दा, लोकसभा चुनाव से पहले अशांति नहीं चाहती।अमित शाह ने कहा था कि 70 साल से जो शरणार्थी यहां पर आकर बसे हैं। जिनके मन में दर्द है कि हम वहां से शरणार्थी बनकर आए और आज हमारी नागरिकता नहीं है। 70 साल से वो अवैध तरीके से रहे। सिटिजनशिप अमेडमेंट एक्ट को पहले ही कैबिनेट में लागूकर सभी को नागरिकता दी जाएगी। अमित शाह ने एक चुनावी सभा में भी कहा था कि सीएए के खिलाफ हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया जा रहा है और भड़काया जा रहा है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आए हैं। यह किसी की भारतीय नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। पीएम मोदी ने कहा था कि विराट और विशाल फैसले के लिए मैं जाना जाता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि वो इसे लेने से हिचकते भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी मुझे अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। मैं छोटा नहीं सोच सकता, न ही मैं छोटे सपने देखता हूं, न ही मैं छोटे संकल्प लेता हूं। मैं जो भी चाहता हूं, वह बड़ा चाहता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए।यानी प्रधानमंत्री ने संकेत सुबह ही दे दिए गए थे। पीएम मोदी ने हर बार अपने फैसले से चौंकाया है। देश की जनता के हितों को प्रभावित भी करता है। उससे आम आदमी पूरी तरह से जुड़ा हुआ होता है।

## मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व - प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक से लैस स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इसे चिह्नित करते हुए मिशन दिव्यास्त्र के सफल क्रियान्वयन के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों की सराहना की।प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की स्वदेशी मिसाइल क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मिशन दिव्यास्त्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डीआरडीओ वैज्ञानिकों द्वारा प्रदर्शित तकनीकी कौशल पर गर्व व्यक्त किया। एमआईआरवी तकनीक के साथ अग्नि-5 मिसाइल की सफल परीक्षण उड़ान देश की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ÷मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है, मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज 12 मार्च तक चुनावी बांड की जानकारी देने का निर्देश

**कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहे एसबीआई**



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने सोमवार को इलेक्टोरल बांड के जरिये राजनीतिक पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी देने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड की जानकारी कल यानि 12 मार्च तक दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बांड की जानकारी 15 मार्च तक अपनी वेबसाइट प्रकाशित करने का आदेश दिया।सुनवाई के दौरान स्टेट बैंक के वकील हरीश साल्वे ने दलील दी कि इलेक्टोरल बांड खरीदने की तारीख और खरीदने वाले का नाम एक साथ उपलब्ध नहीं है, उसे कोड किया गया है। इसलिए उसे डिकोड करने में समय लगेगा। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि आपकी अर्जी में ही कहा गया है कि डोनर्स की जानकारी सील्ड कवर में संबंधित ब्रांच में रखी गई है, जिसे मुंबई मुख्यालय में भेज दिया गया है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि केवल सील्ड कवर को खोलना है, दिक्कत कहां है ।कोर्ट ने पूछा कि 15 फरवरी को आदेश दिए जाने के बाद पिछले 26 दिन में स्टेट बैंक ने क्या किया। यह बात आपकी अर्जी में नहीं बताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई कि यह याचिका बैंक के असिस्टेंट जनरल मैनेजर की तरफ से दायर हुई है। एसबीआई की गंभीरता इसी बात से जाहिर हो रही है कि एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर सुप्रीम कोर्ट के आदेश में बदलाव की मांग कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक को चेतावनी दी कि अगर कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होता है तो अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार देते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को चुनावी बांड की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग को यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी थी। साथ ही कोर्ट ने राजनीतिक दलों को अभी तक कैश न होने वाले चुनावी बांड बैंक को वापस करने का भी निर्देश दिया था।इसी के बाद सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा 6 मार्च से 48 घंटे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सभी पार्टियों को इलेक्टोरल बांड के रूप में मिले चंदे की जानकारी देने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। स्टेट बैंक ने कहा था कि 6 मार्च तक इलेक्टोरल बांड की जानकारी निर्वाचन आयोग को देने में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। स्टेट बैंक ने कहा था कि नाम गुप्त रखने की वजह से नाम को डिकोड करना जटिल कार्य है। स्टेट बैंक ने कहा था कि इलेक्टोरल बांड का कोई केंद्रीय डाटाबेस इसलिए नहीं रखा गया था, ताकि इसकी जानकारी किसी को नहीं मिले।

## उप्र विधान परिषद के लिए एनडीए के 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**लखनऊ(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में सोमवार को यूपी विधान भवन में विधान परिषद चुनाव के लिए एनडीए के 10 विधान परिषद के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया।एनडीए की ओर से नामांकन दाखिल करने वालों में भाजपा के सात और उसके सहयोगी दलों अपना दल (एस),रालोद एवं सुभासपा के एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद, ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना,सहकारिता मंत्री जेपीएस राठोर और प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला समेत अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशियों में पूर्व मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, अशोक कटारिया, विजय बहादुर पाठक के अलावा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, संतोष सिंह,राम तीरथ सिंघल तथा धर्मेन्द्र सिंह ने नामांकन किया। वहीं अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, रालोद के प्रत्याशी योगेश चौधरी और सुभासपा से अच्छेलाल राजभर ने नामांकन किया।इससे पूर्व भाजपा व उनके सहयोगी दलों के उम्मीदवार प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। भाजपा कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एमएलसी उम्मीदवारों का अभिनन्दन किया।

इसके बाद भाजपा कार्यालय से नामांकन के लिए उम्मीदवार विधानभवन पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामाकंन करने वाले एनडीए के सभी प्रत्याशियों को बधाई दी है।

*सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को झटका*

## संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। संदेशखाली में ईडी अधिकारियों के हमले की जांच को सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले में कोई दखल देने से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले से संबंधित संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस और सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों को हटा दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल राज्य द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा मामले को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहाँ शेख की हिरासत को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का निर्देश देने के बाद याचिका तत्काल दायर की गई थी।उच्च न्यायालय का निर्णय राज्य पुलिस के मामले को संभालने के तरीके और आरोपी शाहजहाँ शेख के कथित राजनीतिक प्रभाव पर चिंताओं पर आधारित था। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि राज्य पुलिस पूरी तरह से पक्षपाती है और 50 दिनों से अधिक समय से फरार आरोपी को बचाने के लिए जांच में देरी करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आज सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और जयदीप गुप्ता ने पश्चिम बंगाल राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वरिष्ठ वकील ने राज्य पुलिस सदस्यों के साथ एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन को रद्द करने और इसके बजाय मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने के फैसले पर सवाल उठाया।जब अदालत ने पूछा कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को कई दिनों तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया, तो गुप्ता ने जांच पर रोक का हवाला दिया। उन्होंने राज्य पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय की टिप्पणी को भी चुनौती दी। ईडी अधिकारियों पर हमले की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। राजू ने यह भी तर्क दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मामले को संभालने में अन्य कमियां थीं, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत आरोप जोड़ने में देरी भी शामिल थी।



## स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करें पर्यवेक्षक- मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पर्यवेक्षकों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका याद दिलाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।चुनाव आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के आगामी आम चुनावों से पहले राज्यों में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हाइब्रिड मोड में आयोजित ब्रीफिंग बैठक में आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय राजस्व सेवा और कुछ अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के 2150 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।सीईसी ने इस बात पर जोर दिया कि आयोग के प्रतिनिधियों के रूप में पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे खुद को पेशेवर रूप से संचालित करें और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ हों।

# इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है चुनावी बॉण्ड - राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉण्ड का विवरण देने के लिए समय बढ़ाने संबंधी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की याचिका उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि यह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय बढ़ाए जाने का अनुरोध करने संबंधी एसबीआई की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।शीर्ष अदालत ने उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को उक्त विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करने का निर्देश दिया।

राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी के 'चंदे के धंधे' की पोल खुलने वाली है! 100 दिन में स्विस बैंक से काला धन वापस लाने का वायदा कर (केंद्र की) सत्ता में आई सरकार अपने ही बैंक का डेटा छिपाने के लिए उच्चतम न्यायालय में सिर के बल खड़ी हो गई।'' उन्होंने दावा किया कि चुनावी बॉण्ड भारत के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है, जो भ्रष्ट उद्योगपतियों और सरकार के बीच सांठगांठ की पोल खोलकर (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी का असली चेहरा देश के सामने लाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ''क्रोनोलॉजी स्पष्ट है - चंदा दो- धंधा लो, चंदा दो- 'प्रोटेक्शन' लो! चंदा देने वालों पर कृपा की बौछार और आम जनता पर टैक्स की मार, यही है भाजपा की मोदी सरकार।

## राहुल गांधी अपने दिमाग का संतुलन खो चुके हैं-आचार्य प्रमोद




**नई दिल्ली**–मोदी की गारंटी पर संदेह के लिए राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए, निष्कासित कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को कहा कि जो लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं, वे निराधार बयान देने के लिए प्रवृत्त होते हैं।समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस पार्टी से बड़े पैमाने पर पलायन और दलबदल पर गहरा खेद व्यक्त किया, इसकी घटती किस्मत के लिए भगवान राम और सनातन मूल्यों जैसे प्रतिष्ठित लोगों के खिलाफ इसके कथित रुख को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस राम और सनातन के लोकाचार के बिल्कुल विपरीत इकाई बन गई है, यही कारण है कि वह अपने नेताओं और सदस्यों को प्रतिद्वंद्वी गुटों में खो रही है।

## उच्च न्यायालय ने राजद्रोह मामले में शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) के आरोपों समेत वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के मामले के संबंध में जमानत देने का अनुरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसे गलत तरीके से जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि वह इस मामले में दोषी ठहराए जाने की सूरत में मिलने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में काट चुका है। अभियोजन के अनुसार, इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिलिया इस्लामिया और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भाषण दिए जहां उसने असम तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की धमकी दी। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने इस मामले में इमाम पर मुकदमा दर्ज किया। शुरुआत में राजद्रोह के अपराध में मुकदमा दर्ज कया गया और बाद में विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 हटा ली गयी। वह इस मामले में 28 जनवरी 2020 से हिरासत में है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बस बनी आग का गोला

### कई लोगों की जलकर मौत



**गाजीपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के खिरिया खड़ा गांव से सोमवार को शादी के लिए निकली बारातियों से भरी बस महाहर धाम के पास हाईटेंशन की तार के चपेट में आ गई। इससे बस में आग लग गई और कई बारातियों की जलकर मौत की खबर है। मौके पर आला अधिकारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, खिरिया खड़ा गांव से नंदू पासवान के बेटी की शादी के लिए सुबह जब बारातियों से भरी बस नाचते गाते हुए घर से निकली। बारातियों से भरी बस जैसे ही मंदिर के दरवाजे पर पहुंची तो वहां के प्रशासन ने बस को अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद चालक बारातियों से भरी बस को कच्ची सड़क से ले जाने लगा। ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बस धूं-धूंकर जलने लगी। इसकी चपेट में कई लोग आ गए। इस घटना से प्रशासन में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस हादसे में कितने बारातियों की मौत हुई है। भारी संख्या में झूलस गए हैं। बस में कुल 50 से 60 बाराती सवार थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदय विदारक घटना का संज्ञान लेते हुए आला अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिए गए हैं।

## केंद्र को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग में रिक्त पदों पर वर्तमान कानून के अनुसार नियुक्तियां करने से केंद्र सरकार को रोकने की मांग की गई है। वर्तमान कानून भारत के मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति की प्रक्रिया से बाहर करता है।गौरतलब है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने नौ मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।आवेदन में शीर्ष अदालत की मार्च 2023 की संविधान पीठ के फैसले के अनुसार चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का निर्देश देने की मांग की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने साईबाबा को बरी करने के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी एन साईबाबा और अन्य को माओवादियों से संबंध के मामले में बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का महाराष्ट्र सरकार का अनुरोध मानने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश ''प्रथम दृष्टया तर्कसंगत'' है। लेकिन, न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू के याचिका को जल्द सूचीबद्ध करने के मौखिक अनुरोध को भी खारिज कर दिया और कहा कि इस पर उचित समय पर सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि यह बड़ी मुश्किल से बरी किए जाने का मामला है और सामान्य तौर पर, इस अदालत को यह अपील खारिज कर देनी चाहिए थी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पांच मार्च को साईबाबा (54) को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा। अदालत ने साईबाबा को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया था और कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोजन की मंजूरी को ÷अमान्य'' ठहराया था। उसने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया था।

# बहुआयामी और समृद्ध धरोहर है भारतीय संस्कृति- प्रो. सीमा सिंह

## मुक्त विश्वविद्यालय ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय से एमओयू कर लगाई हैट्रिक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को परस्पर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह ने परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साक्षी के तौर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलसचिव श्री महेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की उत्कृष्टता का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों से जुड़कर छात्र अपने कैरियर को संवार सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों की असीमित क्षमताओं का विकास करना विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही विशेष दिन है। आज उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मध्य अकादमिक समझौता हुआ है जिससे इस क्षेत्र के बहुत सारे विद्यार्थी आने वाले समय में लाभान्वित होंगे। ऐसी मुझे पूरी उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में निरन्तर



प्रयासरत है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी, डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के बाद अब वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के साथ एमओयू प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने निरंतर गुणात्मक और मात्रात्मक विकास, शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्टता, पारदर्शी और कुशल शैक्षणिक प्रशासन जैसी विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान कायम किया है। आज प्रदेश के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एमओयू के उपरांत अब उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ ही रोजगारपरक कार्यक्रमों का लाभ पूर्वांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा। इस अवसर पर अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुविवि की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एक बहुआयामी और समृद्ध धरोहर है जो भारत के साथ ही विश्व को भी प्रभावित करती है। यह अहिंसा, धर्म, कर्म, योग, और समर्पण के मूल्यों पर आधारित है। भारतीय संस्कृति विविधता और एकता का सुंदर उदाहरण प्रदान करती है, जिसमें सभी धर्म, भाषाएं, और जातियाँ समाहित हैं। इसकी अद्भुत सांस्कृतिक विरासत भव्य भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की भागीदारी से संस्कृति संरक्षण में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है और इससे समृद्धि और सुरक्षा की दिशा में बढ़ावा मिल सकता है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इससे जुड़े रहिये।

# भोलेनाथ मां पार्वती के विवाह उपरांत प्रीतिभोज विशाल भंडारा आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की भव्य बारात और विवाह के उपरांत मम्फोर्डगंज में निगम चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 15000 लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एव विशेष अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा, अपना दल एस (अनुप्रिया पटेल) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल उपस्थित रहे।

विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और विशाल भंडारे की प्रशंसा की और लोगों को अपने हाथों से भोजन परोसा। महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा छोटी गुरु मां ने किन्नर समाज को समाज में मिल रहे मान सम्मान के प्रति आभार प्रकट किया और किन्नर के प्रति बदलते दृष्टिकोण पर हर्ष व्यक्त किया। शिव बारात कमेटी के चेयर मैन विमल गुप्ता, अध्यक्ष अर्जुन केसरवानी, उपाध्यक्ष डब्बू सोनकर ने अपार भीड को नियंत्रित करते हुए सभी को प्रेम पूर्वक भोजन कराया और प्रीतिभोज में पधारने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन गौड़ जी ने किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदू सनातन धर्म में बारात निकालने की प्रधा भगवान शिव की बारात से सर्वप्रथम शुरू हुई। भगवान शंकर के त्रिनेत्र द्वारा कामदेव को भस्म करने, शिव तांडव पर देवताओं में उनको शांत करने के मंचन को बहुत रुचि पूर्ण तरीके से बताया की कैसे कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर से अपने पति कामदेव को भस्म करने पर करुणा कंठ से कहा उनका क्या अपराध था जो उनको विधवा होना पड़ा।

कार्यक्रम में विशाल जनसमूह उमड पड़ा। अखिल भारतीय उद्योग मम्फोर्ड गंज व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं अन्य विशिष्ट जन जिसमें प्रमुख रूप से रमन गुप्ता जय हिंद, कमलेश यादव, आलोक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पार्षद विश्वास रावत, पूर्व पार्षद आनंद अग्रवाल, नमिता, रश्मि शुक्ला, डॉ महेश पांडे, सारिका शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# विवाह समान गुणधर्म और गृहस्थ जीवन का पालन करने वाली कन्या से होना चाहिए

## कथावाचक राघवाचार्य ने बताए विवाह के महत्व

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ ( प्रयागराज ) ।** महर्षि कर्दम भगवान ब्रह्मा के छाया से प्रकट हुए थे।सरस्वती के तट पर दस हजार वर्ष तक तप किए थे।ब्रह्मा जी तपस्या से प्रसन्न होकर उनसे वरदान मांगने को कहा ।कर्दम जी ने अपने समान गुणधर्म और गृहस्थ धर्म का पालन करने वाली विवाह के लिए कन्या मांगी। ऐसे में एक राजा की लडकी उनके ज्ञान की परीक्षा में पास हुई।जिसके साथ विवाह सम्पन्न हुआ।उक्त बातें चांटी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी आचार्य राघवाचार्य जी महराज ने बताई।आगे मनु स्तरूपा,स्वेत वाराह भगवान सहित कई



कथा सुनाया। पांडित्य कर्म करने वालो को ज्ञान दिया कि पंडिताई यजमान के कल्याण और अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए होनी चाहिए।जो आजकल इससे इतर हो गई है।मुख्य यजमान पूर्व प्रधान मंगला प्रसाद शुक्ल सपत्नीक और माता प्रसाद शुक्ल रहे। कथा में होलागढ़ के पूर्व बीडीओ राज कुमार गौतम,प्रधान पति चंद्र मणि शुक्ल,एडीओ आईएसबी मयूरेश त्रिपाठी,प्रधान प्रतिनिधि हर्ष मणि शुक्ल,अंकित शुक्ल,पवन शुक्ल और इलाके के प्रकांड पंडित आचार्य राम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# जिला बदर होने पर जमानत तोड़वाकर जेल चला गया माइकल

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री पर है कई आपराधिक मुकदमे

**प्रयागराज।** जिला बदर की कार्रवाई किए जाने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ का पूर्व महामंत्री अभिषेक सिंह माइकल जमानत तोड़वाकर पुराने मुकदमे में जेल चला गया। इससे कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने उसके सलोरी स्थित आवास के बाहर डुगडुगी बजवाई थी। 22 फरवरी को माइकल के खिलाफ पुलिस आयुक्त न्यायालय ने जिला बदर की कर्रवाई की थी। उसे छह महीने के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश सुनाया था।

बताया जाता है कि पुलिस जिला बदर किए जाने का नोटिस तामील कराने उसके सलोरी स्थित आवास पर पहुंची तो वह सामने नहीं आया। पुलिस को बताया गया कि वह घर पर नहीं है। बचने के लिए उसने नोटिस भी किसी अन्य व्यक्ति से रिसीव कराई थी। इस मामले में पुलिस ने उसके घर के बाहर डुगडुगी बजवाई थी। सूत्रों का कहना है कि शिकंजा कसता देख वह 2018 के एक पुराने मुकदमे में जमानत तोड़वाकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर जेल चला गया।माइकल पर चार साल से कार्रवाई लंबित थी। अक्तूबर 2020 में कर्नलगंज पुलिस की चालानी रिपोर्ट पर अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की थी। हालांकि इसके बाद आगे की कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई नहीं किए जाने से अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठे। उधर संबंधित फाइल पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के न्यायालय में पहुंची तो उन्होंने मामला संज्ञान में लिया। इसके बाद पिछले साल नवंबर में नोटिस जारी कर माइकल को कोर्ट में तलब किया गया। मूलरूप से बिहार के कैमूर भभुआं, सिकरी निवासी माइकल के खिलाफ मारपीट, धमकी, जानलेवा हमला समेत 18 मुकदमे दर्ज हैं। 2012 में छात्रनेता अभिषेक सिंह सोनू पर जानलेवा हमले के मामले में 10 साल की सजा भी सुनाई जा चुकी है। इस मुकदमे में वह जमानत पर था। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिषेक सिंह सोनू व महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे माइकल के बीच होर्डिंग लगाने को लेकर हुए विवाद में उसने सरेआम गोलियां चलाई थीं। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और जेल में रहते हुए ही उसने चुनाव जीता था। 2019 में इविवि छात्रसंघ चुनाव के दौरान माइकल समेत चार आपराधिक छवि वाले छात्रनेताओं पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इसमें माइकल के अलावा अभिषेक सिंह सोनू, सुमित शुक्ला, अजीत यादव व आकाश सिंह शामिल थे। इनमें से सुमित शुक्ला की पीसीबी हॉस्टल में गोली मारकर हत्या की जा चुकी है।

# नगर मे आज प्रकाशित करने के लिए मातृ शक्तियों का सम्मान आज

**प्रयागराज।** कल 12 मार्च को 3ः30 बजे राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोक सेवक मंडल द्वारा मातृ शक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्रीमती साधना रानी ठाकुर उच्च न्यायलय इलाहाबाद, अध्यक्षता राजकुमार चोपडा राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसेवक मंडल करेंगे।

# अखिल और सुव्रत की बदौलत से बीपीएससी को मिली जीत

**प्रयागराज।** अखिल कुमार कश्यप (34 रन एवं चार विकेट) और सुव्रत तिवारी के हरफनमौला खेल (8-0-43-4) से भानु प्रताप सिंह क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 33.4 ओवर में 191 रन (अखिल कुमार कश्यप 34, अथर्व प्रजापति 30, सचिन तिवारी 26, सुव्रत तिवारी 22, अमर्त्य गिरी 3/45, विशेष आनंद 3/47, हंसम



जायसवाल 2/31) बनाये। जवाब में दौलत हुसैन क्लब की टीम 37.5 ओवर में 187 रन (अनस अहमद 66, अब्दुर रहमान 31, अखिल कुमार कश्यप 4/35, सुव्रत तिवारी 4/43) पर सिमट गई। मैच में हितेश श्रीवास्तव व पवन वर्मा अंपायर और अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज।** महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर एक दिवसीय मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एक दिवसीय मण्डल स्तरीय कार्यशाला मे मुख्य अतिथि के रूप मे उ प्र राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष ले जनरल योगेंद्र डिमरी पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम सेवा निवृत, विशिष्ट अतिथि के रूप मे मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा) विनय कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी गण एवं चारो मण्डलों प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी,



प्रतापगढ की महिला स्वयं सहायता समूहों दवारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त कार्यक्रम मे महिला स्वयं सहायता समूहों को आपदा से बचाव एवं आपदाओ के दौरान आपातकालीन स्थिति में महिलाओ की प्रथम प्रतिक्रिया के रूप मे भूमिका सम्बन्ध मे प्रशिक्षण दिया गया।

# आईपीएस अनंत चंद्रशेखर ने संभाला थाना अतरसुईया का चार्ज

## पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सहायक पुलिस आयुक्त परिविक्षाधीन के पद पर तैनात रहे तेज तर्रार आईपीएस अनंत चंद्रशेखर को थाना अतरसुइया का चार्ज सौंपा। वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी अनंत चंद्रशेखर दक्षिण भारत के रहने वाले हैं।



थाना प्रभारी के रूप में चार्ज संभालने के बाद उन्होंने पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा की हमारी सबसे पहली प्राथमिकता पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना रहेगा। हर पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जाएगी। यदि जांच में कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। खासतौर से जो भूमाफिया है दूसरे की जमीन कब्जा कर लेते है और उनको परेशान करते है ऐसे लोगो को बीट के सिपाही और दरोगा को लगाकर चिन्हित किया जाएगा। अगर किसी भी भूमाफिया के खिलाफ शिकायत मिली तो उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। गरीबों को न्याय मिलेगा। जिसका भी काम हो खुद थाने पर आकर अपनी समस्या को बताए। उसकी समस्या को सुनकर समाधान किया जाएगा। थाने पर दलालों का प्रवेश बिलकुल वर्जित रहेगा। अगर कोई दलाल थाने के आस पास दिखेगा तो उसके खिलाफ भी कारवाही की जाएगगी।

# चुनाव में लापरवाही पर सस्पेंड किए जाएंगे थाना प्रभारी- पुलिस कमिश्नर

## कमिश्नरेट की क्राइम मीटिंग में कमिश्नर ने दिए कल निर्देश

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट की क्राइम मीटिंग में इस बार लोकसभा के चुनाव पर विशेष ध्यान रखा गया। अपराध समीक्षा में सभी थानेदारों को अल्टीमेटम भी दिया गया। कमिश्नर रमित शर्मा ने थाना प्रभारियों को कहा कि चुनाव के दौरान जरा सी लापरवाही होने पर सस्पेंड कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन अवश्य होना चाहिए। इसमें लापरवाही की जरा सी भी गुंजाइश नहीं है। ऐसा हो जाता है तो थानेदार को इंतजार नहीं करना बल्कि यह मान के चलें कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है। क्राइम मीटिंग में सभी डीसीपी और एसीपी भी शामिल रहे।

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने चुनाव से पहले की जाने वाली कार्यवाही का




ब्यौरा भी लिया। फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और चुनाव के मद्देनजर उपद्रव की आशंका पर पाबंदी की कार्यवाही पूछे जाने पर एयरपोर्ट थाना, दारागंज और शाहगंज थाना प्रभारी जवाब नहीं दे सके। सौंपी गई विवेचनाओं के लंबित होने पर भी फटकार लगाई गई। करेली, खुल्दाबाद, मुट्ठीगंज थानों के प्रभारियों से गुंडा एक्ट के मामलों में जवाब तलब किया। पुलिस अफसरों को हिदायत दी गई की फ्लैग मार्च और रूट मार्च प्रतिदिन करें तथा वीडियो और फोटो के जरिए सूचित करें। उन्होंने होली और रमजान त्यौहार के मद्देनजर भी दिशा निर्देश जारी किए।

# चांद की तस्दीक के बाद पहला रोज़ा आज, तराहवीह शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मज़हब ए इस्लाम में सभी पर्व चांद के ऐतेबार से तय होते हैं। तो रमज़ान को लेकर शिया व सुन्नी समुदाय की तन्ज़ीमों ने चांद की तसदीक़ कर दी है। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार रविवार को गल्फ कंट्री में चांद का दीदार हो गया था। सोमवार को माहे रमज़ान का पहला रोज़ा था। भारत में भी ज़्यादातर जगहों पर चांद का दीदार हुआ। ऐसे में मंगलवार को माहे मुक़द्दस का पहला रोज़ा होगा।रोज़े को लेकर मज़हबी अदारों की ओर से सहरी और इफ्तार की समय सारिणी जारी की गई है। मरकज़ी चांद कमेटी व तमाम धर्म गुरुओं ने सोमवार 29 शाबान को चांद के दिखाई देने का ऐलान देर शाम किया। शिया धर्म गुरु मौलाना जवादुल



हैदर रिज़वी ने रमज़ान के पाक महीने में कसरत से इबादत करने तिलावते कलामे पाक और रोज़े के हालात में हर मोमिन बन्दे के लिए दुआ ए खैर करने के साथ अपने आस पास के लोग जो वाक़ई मे ज़रुरतमन्द हों उनकी हर सम्भव मदद कर सवाबे जारिया हासिल करने की बात कही।कहा यह वह पाक महीना है जिसमें अल्लाह ने शैतान को क़ैद में रखने का हुक्म दे रखा है ऐसे में अधिक से अधिक नेक अमल कर खुदा की बारगाह में कुबूलियत हासिल करें तौबा और अस्तग़फार पढ़ें। दायरा शाह अजमल खानकाह के मौलाना शमशेर आज़म ने कहा चांद नज़र आने के साथ तरावीह शुरु हो गई। इसको लेकर एक सप्ताह पहले से सभी तरहां की तय्यारीयां मुकम्मल हो गई है। रोज़ादारों व नमाज़ीयों के लिए जानमाज़ से लेकर वज़ू के इन्तेज़ाम मुकम्मल कर लिए गए हैं। मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार के मुतावल्ली शाहरुख क़ाज़ी ने बताया की नमाज़ियों को किसी प्रकार की कठिनाइयां न हों इसके लिए मस्जिद में मोटी क़िस्म की क़ालीन, जानमाज़, तस्बीह, सिजदगाह सहित लाईट पानी और पंखे कूलर दुरुस्त करा लिए गए हैं।

# चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' को पूरे अंक

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब %ए% ने ब्लू इलेवन को आठ विकेट से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक बनाये। केपी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में ब्लू इलेवन ने 33.3 ओवर में 108 रन (अथर्व यादव 22, दीपक यादव 20, मयंक दुबे 4/15, सुमित पाण्डेय 3/15) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल क्लब %ए% ने 13 ओवर में 2 विकेट पर 111 रन (अर्जुन 51 नाबाद, अनमोल यादव 28, ऋत्विक सिंह 1/36, अथर्व यादव 1/38) बना लिए। मैच में कमान उल्ला व तौसीफ शेख ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# हिस्ट्रीशीटरों का शुरू हुआ सत्यापन

## चिन्हित किए गए 1673 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी बढ़ी

**प्रयागराज।** निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चिन्हित किए गए 1673 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी बढ़ा दी गई है।जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आए हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधि का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी, ताकि वह किसी भी तरह से चुनाव में खलल न डाल सकें। लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लगने की बात कही जा रही है, मगर इससे पहले पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं।खासकर ऐसे अपराधी, हिस्ट्रीशीटर या असामाजिक तत्व जो चुनाव के दौरान शांति- व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं, उन पर कानूनी शिकंजा कसने की कवायद तेज कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर शहर, गंगानगर और यमुनानगर जोन के सभी हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करवाया जा रहा है।जिले के सभी थाने की पुलिस अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी और उनकी गतिविधि का पता लगाकर वेरीफिकेशन कर रहे हैं। पहले चरण के सत्यापन से पता चला है कि जनपद के डेढ़ हजार से अधिक हिस्ट्रीशीटर है, जो अलग-अलग क्षेत्र में रह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि गुंडा, गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर समेत दूसरे किस्म के अपराधियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। चुनाव शुरू होने से पहले इन सभी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2023- 24 का आयोजन



**प्रयागराज।** प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशन एवं जिला मुख्य आयुक्त मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज के मार्गदर्शन में भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2023- 24 का आयोजन जनपद के कुल 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है।

जनपद प्रयागराज में कुल 34 कब, 34 बुलबुल, 277 स्काउट, 488 गाइड, 6 रोवर ,13 रेंजर कुल 852 की प्रतिभागिता इन छह परीक्षा केदो पर की जा रही है। 6 सेंटर में निम्नलिखित नोडल केंद्र प्रभारी बनाए गए हैं जिनकी देखरेख में यह परीक्षा संपादित हो रही है। प्रेम नारायण सिंह, सुरेंद्र प्रताप कुशवाहा, तीर्थ राज पटेल नवीन पांडेय, वेद प्रकाश भगत, श्रीमती गायत्री यादव, दिलीप कुमार और डॉ आकांक्षा केसरी सभी कार्यक्रमों की प्रतियोगिता की। पर्यवेक्षण वेद प्रकाश भगत जिला संगठन कमिश्नर स्काउट द्वारा किया जा रहा है। संचालन की व्यवस्था कमलेश द्विवेदी जिला सचिव प्रयागराज एवं सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट प्रयागराज मंडल प्रयागराज के द्वारा किया जा रहा है।

# बज्रांग आश्रम संस्कृत विद्यालय में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापपुर ,प्रयागराज।** क्षेत्र के देवली ग्राम में स्थित बज्रांग आश्रम संस्कृत विद्यालय में वेद वेदांग एवं धर्म संस्कृत का अध्ययन कर रहे बटुक ब्राम्हणों का सामुहिक यज्ञोपवीत ब्रतबंध संस्कार गुरुकुल संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, एवं आचार्य पवन शुक्ल, आचार्य राकेश पाण्डेय के सम्यक देखरेख में तथा भगवान परशुराम अखाड़ा के संस्थापक चाणक्य पीठाधीश्वर सुदर्शन शरण महाराज के द्वारा गायत्री मंत्र प्रदान कर पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शिवमंदिर कौशाम्बी के महंथ 108 भूपेन्द्रदास पुत्तन महाराज, रामजानकी मंदिर जंघई के महंथ 108 चन्द्रमादास महाराज, डॉ. ताराशंकर मिश्र, डॉ. नागेन्द्र नारायण मिश्र, धीरेन्द्र नारायण मिश्र, नागेश नारायण मिश्र, धर्मेन्द्र नारायण मिश्र, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, आचार्य विकास मिश्र,

आचार्य विष्णुकांत पाण्डेय, आचार्य कौशल वैदिक, आचार्य श्यामसुंदर पाण्डेय, आचार्य कपिल जी, ब्लाक प्रमुख शैलेश यादव, विजय शंकर मिश्र, आचार्य साधू मिश्र, दासानुदास अजय पुजारी, कृपाचार्य कृपाशंकर जी, आचार्य दिनेश जी, अशोक दुबे, किशन पाठक, बृजेश यादव शेरा, देवेन्द्र सिहं, ई. रजनीकांत पाण्डेय, अखिलेश राय सभाजीत मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# होली में हुड़दंग किया तो जाएंगे जेल-एएसपी

## करारी में चुनाव, होली व रमजान को लेकर सम्भ्रांत लोगो के साथ पीस कमेटी की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** आगामी लोक सभा चुनाव, रमजान व होली के त्योहारों को लेकर सोमवार को करारी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लोगों से मिलजुलकर त्योहार मनाने व निर्भीक होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की गई।

बैठक में एएसपी अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि होली और रमजान का त्योहार आने वाला है। दोनों त्योहार वापसी भाईचारा का संदेश लेकर आते हैं। इसलिए सभी को शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाना चाहिए। होली के त्योहार पर यदि किसी ने हुड़दंग मचाया तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। त्योहार पर किसी प्रकार का उपद्रव आदि न करें। जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़े। सीओ सदर अभिषेक सिंह ने कहा कि सभी अभिभावक को चाहिए कि त्योहार पर अपने बच्चों पर विशेष नजर रखे। हिदायत दे कि त्योहार पर नशा कर गाड़ी बिल्कुल न चलाए। तहसीलदार भूपाल सिंह ने कहा चुनाव में यहां मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। इस बार सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव व त्योहार पर पुलिस पूरी तरह सतर्क दृष्टि बनाए हुए। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा जाएगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक शिवचरण राम, नीरज सिंह, सुनील यादव, समीर खान, जितेंद्र सिंह, सैयद अली, करन सिंह, सुशील कुमार मोदनवाल, पूर्व सभासद महताब अंसारी, मोबीन शेख ,शमसाद कुरैशी,खुर्शीद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पोषण मिशन के तहत रैली निकालकर जागरूकता का दिया संदेश




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान के तहत विकास खंड कड़ा परिसर से सोमवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज वर्मा के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकरतियो ने रैली निकाली। रैली को खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया रैली ब्लॉक परिसर से बाल विकास परियोजना कार्यालय तक निकाली गई।

रैली में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने पोस्टरों, बैनरों और नारों के माध्यम से गर्भवती व स्तनपान कराने के महिलाओं के साथ बच्चों और किशोरियों में कुपोषण दूर करने के प्रति जागरूकता फैलाई।

वहीं, रैली के उपरांत बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में पोषण अभियान के तहत एक कार्यक्रम हुआ।

जहां, मुख्य सेविका ज्ञानमती सहित वक्ताओं ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला पर्यवेक्षिका पोषण के लिए जरूरी आहार की जानकारी दी।

# बीआरसी मंझनपुर में आयोजित हुआ नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बीआरसी मंझनपुर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर दिव्यांग बच्चों के शिक्षा- दीक्षा हेतु प्रयासशील रहे। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड मंझनपुर से प्रथम चरण में प्रशिक्षण प्राप्त 75 नोडल टीचर द्वारा द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण 11 मार्च, 2024 से 15 मार्च, 2024 तक कराया जाना है। संदर्भदाता राजीव कुमार तिवारी, मीनू शुक्ला, श्रद्धा सिंह द्वारा नोडल टीचर्स को कक्षा कक्ष प्रबंधन, समावेशी शिक्षा में आईसीटी का प्रयोग, समर्थ एप, पेरेंट्स काउंसलिंग, क्रॉस डिसेबिलिटी इत्यादि के विषय में तथा समावेशी शिक्षा से संबंधित अन्य विषयों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात नोडल टीचर्स अपने विद्यालय के दिव्यांग बच्चों की शिक्षा दीक्षा का कार्य और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर सकेंगे।

# कारों के आमने - सामने भिड़ंत में एक घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के मंदरी मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर दो कारों की आमने - सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक कार चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

सरायअकिल के इमली गांव निवासी गोलू पांडेय रविवार को कार से किसी काम के सिलसिले में प्रयागराज जा रहे थे।इसी दौरान रविवार की दोपहर मंदरी मोड़ स्थित गुलमोहर गेस्ट हाउस के समीप विपरीत दिशा से आ रही इनोवा कार से टकरा गई। हादसे में कार चालक गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर चोट लगी थी। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पाकर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# प्लाट पर खड़े दो ट्रैक्टरों की बैट्री-सेल्फखोल ले गए चोर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के भगवतपुर गांव निवासी डब्ल्यू यादव पुत्र रामसिंह और सोनू यादव पुत्र अदान सिंह किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।उन दोनों ने कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर खरीद रखा है।उनके अनुसार उन्होंने अपने ट्रैक्टर ब्लाक के समीप एक प्लाट पर खड़ा कर रखा था। रविवार की शाम उन्होंने रोज की भांति अपने ट्रैक्टरों को वहीं खड़ा कर दिया था।इसी दौरान चोरों ने ट्रैक्टरों की बैट्रियां और सेल्फ पार कर दिया।सुबह जानकारी होने पर उन दोनों के होश उड़ गए। भुक्तभोगियों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

# मेला कमेटी ने खिलौने बेच रहे कुनबे को पीटा, पैसे छीने

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मंदर गांव में लगे मेले में रविवार की शाम बल्ली चोरी का आरोप लगा कर मेला कमेटी के लोगों ने दुकानदार महिलाओं समेत कुनबे को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। दुकानदार अपनी जान बचाते हुए भागे तो हमलावरों ने उनकी कमाई के रुपए भी छीन लिया। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।प्रयागराज के नैनी स्थित एडीए कालोनी निवासी प्रदेशी गोस्वामी पुत्र स्वर्गीय सूर्यनाम गोस्वामी परिवार के साथ मेला में खिलौने की दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया की पांच फरवरी को वह शिवरात्रि पर्व पर मंदर गांव में लगने वाले दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला में खिलौने, घर गृहस्थी, महिलाओं के सिंगार आदि की दुकान लगाए हुए थे। रविवार को मेला की समाप्ति के बाद वह घर जाने के लिए अपने सामान समेट रहे थे। आरोप है कि शाम को कमेटी और गांव के करीब आधा दर्जन लोग वहां पहुंचे। इस बीच बल्ली चोरी का आरोप लगा कर महिला दुकानदारों के साथ गाली गलौज और छेड़छाड़ करने लगे। इसका विरोध किया तो लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। उन्हें दौड़ा - दौड़ा कर पीटा, मारपीट में प्रदेशी गोस्वामी समेत पत्नी कांति गोस्वामी, बेटा अतुल गोस्वामी, बेटी अंजली, सरिता, भयाहू ध्रवेंती देवी पत्नी रूपेश नाथ गोस्वामी घायल हो गए। मारपीट में अपनी जान बचाकर दुकानदारों का कुनबा लोगों से सहायता मांग रहा था । तभी हमलावरों ने ध्रवेंती देवी की कमाई के 18 हजार रुपए भी छीन लिए। इस बीच घटना का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया और उसे इंटरनेट मीडिया व्हाटशाप सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेट फार्म में प्रसारित कर दिया। घटना की तहरीर घायलों ने पुलिस को दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू किया है। इस संबंध में पूरामुफ्ती थाना प्रभारी अजीत सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

### नाला निर्माण के लिए अपर मुख्य अधिकारी ने एसडीएम से पैमाईस की मांग

**सिराथू, कौशाम्बी।** अपर मुख्य अधिकारी कमलेश कुमार ने एसडी एम सिराथू को पत्र भेजकर बताया की सिराथू तहसील क्षेत्र के अनेठा गांव में पंद्रहवे वित्त आयोग द्वारा नाला निर्माण के लिए प्रस्ताव पास हुआ है , लेकिन गांव के कुछ लोगो द्वारा विवाद के चलते नाला का निर्माण नही हो पा रहा है , अपर मुख्य अधिकारी ने एसडीएम सिराथू से नाला निर्माण के लिए राजस्व टीम द्वारा पैमाईश की मांग की है।

# विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष बने ज्ञान स्वरूप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** ओसा स्थित कार्यालय में सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से मंझनपुर निवासी ज्ञान स्वरूप मिश्रा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।




नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ज्ञान स्वरूप मिश्रा ने कहा कि हिंदू संगठन की गति को अब प्रगति में बदलने का समय आ गया है। हिंदुओं को एकजुट होना होगा। नहीं हुए तो सनातन विरोधी ताकतें अपने मकशद में कामयाब हो जाएंगी। विरोधी ताकतें हिंदुत्व को समाप्त करने पर आमादा हैं। लव जिहाद की बढ़ती घटनाएं इसका प्रमाण हैं। बैठक के मुख्य अतिथि गो रक्षा पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मिश्र रहे। संचालन मंडल प्रभारी राजकुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर संगठन के मीडिया प्रभारी पं. रमेश चंद्र शर्मा, सुभाष पांडेय, पन्नालाल केसरवानी, भैयालाल विश्वकर्मा, राजेंद्र तिवारी, मनोज केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय को बनाये घर का आंगन- खंड विकास अधिकारी चायल

## खण्ड शिक्षा अधिकारी चायल कार्यालय में आयोजित हुआ हमारे बच्चे हमारे आंगन कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतीक्षित अभियान चहक के दृष्टिगत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यलय चायल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी चायल ने बताया कि प्रत्येक अध्यापक का दायित्व होता है कि वो बच्चे को विद्यालय में भी घर जैसा माहौल दें जिससे बच्चे का रुझान विद्यालय के प्रति बढ़ सके। कार्यक्रम का प्रारम्भ खंड विकास अधिकारी चायल एवं खंड शिक्षा अधिकारी चायल महोदय ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया।

इसके पश्चात शिल्पी गौतम, अर्चना सिंह एवं महिमा सिंह द्वारा सुंदर स्वर में सरस्वती गीत प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। उल्लेखनीय रहा के निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सरकार द्वारा प्री प्राइमरी स्कूल के अवधारणा के सफली करण हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका इस कार्यक्रम में अहम रही। कार्यक्रम में ब्लॉक के 12 निपुण बच्चों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त चार नोडल शिक्षक संकुल,चार अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसआरजी एवं ए0 आर0 पी0 टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों को निपुण लक्ष्य प्राप्ति, प्रबंध समिति के दायित्यों, प्री प्राइमरी की अवधारणा इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं के विषय मे विस्तार से बताया गया। बतौर अतिथि चायल सीडीपीओ ने बताया कि बच्चों को समय समय पर उपहार इत्यादि देकर उनका उत्साहवर्धन करते रहना चाहिए। जिससे अध्ययन के प्रति उनका रुझान बना रहे। एस आर जी दिलीप तिवारी ओम प्रकाश के द्वारा प्री प्राइमरी के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ चायल गुणेश कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए इस अभियान की सार्थकता के विषय मे वृहद चर्चा एवं कार्यक्रम का संचालन किया। आभार प्रकट करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी चायल ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा समझाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान ए आर पी सुधाकर द्रिवेदी मनोज मौर्या रमेश सिंह विनय सिंह, प्रत्येक विद्यालय से दो दो अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, अभिभावक लोग उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षी ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी सेल्फडीफेंस की जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे एंटीरोमियो टीम महिला आरक्षी नंदिनी तिवारी द्वारा स्कूलों में जाकर महिलाओं को शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत सेल्फडीफेंस, गुड टच बैड टच, महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा स्कूल के अगल बगल अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिध लोगो को चेक किया गया जिनका नाम फोन नंबर पता नोट किया गया बाद हिदायत देकर छोड़ा गया तथा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# कुत्तों का आतंक, कोरबा में बुजुर्ग पर किया हमला, छह से अधिक लोगों को काटकर किया घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना के अंतर्गत धवाडा ग्रामपंचायत में कुत्तों का आतंक बना हुआ है। 18 फरवरी से लगातार कई लोगो को परेशान किया जिसमे प्रेम सिंह फौजी व मनोज सिंह अपने घर से निकलकर किसी काम से पैदल जा रहे कई लोगो के पैर पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से वो नीचे गिर गए और इस दौरान धवाढ़ा समेत कई पुरवा में कुत्तों का आतंक बना हुआ है।कई ग्राम वाशी स्थित अपने घर से निकलकर किसी काम से पैदल जा रहे थे पैर पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से वो नीचे गिर गए और इस दौरान उन्हें चोट लग गई। पिछले दिनों कई औरतों व बच्चों के साथ कुछ लोगों को एक साथ कुत्तों ने काट कर घायल कर दिया था। कुत्तों का आतंक कितना इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है

स्थानीय लोगों की माने तो कुत्ता पागल हो गया है, जो आने-जाने वाले कई लोगों को अपना शिकार बन चुका है। लगभग आधा दर्जन कुत्ते के हमले से घायल हो चुके हैं। कुत्ते की आतंक से लोग परेशान हैं। वहीं, लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग पैदल घर से बाहर निकलने में डरे सहमे हुए हैं। कुत्ते को देखते ही लोग भागने लगते हैं, जिन लोगों को जानकारी नहीं है वह पास से गुजरते हैं तो कुत्ता हमला कर उसे घायल कर दे रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले समय में कई लोगों को कुत्ता घायल कर सकता है। कुत्ते के हमले से कोई पहला मामला नहीं है।गांव के अलग-अलग इलाकों में कुत्ते के हमले से लोग घायल हो रहे हैं।

ग्रामीणो का कहना है की कुत्ते ने काट लिया। इसके बाद तत्काल ही जिला असप्ताल पहुंचकर इलाज कराया। लगातार हो रहे कुत्ते के हमले से लोग परेशान हैं और नगर निगम से ऐसे आवारा कुत्तों को पकड़ कर शहर से दूर भेजे जाने की मांग कर रहे हैं

# लखपति दीदियों के साथ प्रधानमंत्री ने किया संवाद



**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लखपति दीदियों के साथ संवाद किया गया, इसका सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 कौशाम्बी में किया गया तथा उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु उपस्थित रहें।

# बाल गोबिंद विद्याश्रम में कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित बाल गोबिंद विद्याश्रम स्कूल में सोमवार को कक्षा आठ वी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई इस दौरान अभिभावक भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने कई सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रवेश कुमार केसरवानी ने कहा कि बिना कठिन परिश्रम के कभी भी सफलता प्राप्त नहीं हो सकती आप सभी देश के भविष्य हैं और आप सभी का कर्तव्य है कि अपने कंधे मजबूत बनाएं और मजबूत कंधे ही किसी भी देश के सुनहरे भविष्य का निर्धारण कर सकते हैं इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनराखन सिंग, ज्ञान प्रकाश शर्मा, आरती सोनी, पूजा सोनी, ऋषिका दिवेदी सहित अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बच्चों को बचाने के चक्कर में पोल से टकराया ऑटो



**करारी, कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के म्योहर गांव के पास सोमवार की दोपहर एक ऑटो बच्चों को बचाने के चक्कर में एक पोल से टकरा गया। ऑटो में बैठी कुछ सवारियों को हल्की चोट आई।करारी कस्बे से सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे मो. उमर अपने ऑटो में सवारियों को बैठाकर बेनीराम कटरा जा रहा था। जैसे ही वह म्योहर गांव के पास पहुंचा। अचानक दो बच्चे साईकिल लेकर सामने आ गए। मो.उमर बच्चों को बचाने के चक्कर में पोल से जाकर टकरा गया। मो. उमर की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बच गई। ऑटो में बैठी सवारियों को मामूली चोट आई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिय भेज दिया गया। कुछ देर बाद उमर ऑटो लेकर चला गया।

# महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक संवेदना और शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति समर्पित रहा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित भवंस मेहता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का प्रथम -सत्र श्महिला सशक्तिकरण और पारिवारिक संवेदना तथा द्वितीय सत्र शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रथम सत्र को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सशक्तिकरण के तात्पर्य को व्याख्यायित करते हुए कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को अवसर नहीं प्रदान किए जाते है, हमारे समाज की मानसिकता में पितृ सतात्मकता का गहरा प्रभाव भी इसका एक कारण है।महिलाएं समाज को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दे सकती हैं। महिलाओं ने राजनीति,व्यापार और मनोरंजन उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है,बोलते हुए उन्होंने कहा कि




महिलाओं को विभिन्न तरीकों से सशक्त किया जा सकता है, लेकिन इस समय वित्तीय, सांस्कृतिक और सामाजिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लैंगिक समानता एक समतावादी समाज को बढ़ावा देती है और हमें अन्य देशों से अलग करती है। हमें महिलाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर देना चाहिए क्योंकि उनके पास बहुत क्षमता है। हमें उन्हें अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका देना चाहिए।परंतु महिलाओं को इस बात का ध्यान देना चाहिए सशक्त महिला होने के साथ साथ उन्हें पारिवारिक संवेदनशीलता बनाये रखना चाहिए।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र को डॉ0 महेन्द्र कुमार उपाध्याय ने संबोधित किया उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्यश् विषय पर बोलते हुए कहा कि स्वस्थ छात्र बेहतर शिक्षार्थी होते हैं, और शैक्षणिक उपलब्धि जीवन भर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। हाल के शोध से पता चलता है कि उच्च शैक्षणिक ग्रेड के छात्रों के बीच अधिक सकारात्मक व्यक्तिगत और संचयी स्वास्थ्य व्यवहार से जुड़े हैं। हालाँकि, युवा जोखिम वाले व्यवहार, जैसे शारीरिक निष्क्रियता, अस्वास्थ्यकर आहार व्यवहार, तंबाकू का उपयोग, शराब का उपयोग और अन्य नशीली दवाओं का उपयोग लगातार खराब ग्रेड और परीक्षण स्कोर और कम शैक्षिक उपलब्धि से जुड़े हुए हैं।इसके आगे बोलते हुए उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने वाले आवश्यक तत्वों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस दौरान प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी,डॉ0 सतीश चंद्र तिवारी,डॉ0 योगेश मिश्रा और डॉ0 दीपक आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अपना दल एस के कारवां को आगे बढायेगा पाल समाज- डॉ0 चन्द्र भवन पाल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** देश और प्रदेश के पाल समाज के लोगों को एकत्रित करने में जुटे अपना दल एस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चंद्र भवन पाल उन्होंने आवाहन किया है कि पूरे भारत से पाल समाज बिरादरी को एकत्रित करके भाजपा और अपना दल एस के गठबंधन में शामिल करेंगे पाल समाज के लिए भाजपा ने लड़ी लड़ाई राजू पाल और उमेश पाल को मिला इंसाफकौशाम्बी से अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष डाक्टर चंद्र भवन पाल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पूरे पाल समाज को चाहिए कि भाजपा सरकार का शुक्रिया अदा करें क्योंकि राजू पाल हत्या से लेकर उमेश पाल हत्या के हत्यारे को सजा दिला कर पाल समाज को न्याय दिलाया गया। समाजवादी पार्टी सपा सरकार में राजू पाल की हत्या हुई,और इंसाफ भाजपा सरकार में मिला पाल समाज को अपना दल एस वा भाजपा गठबंधन सरकार का शुक्रिया अदा करना चाहिए। पाल समाज को अब एकत्रित हो कर फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। अपना दल एस वा भाजपा को जहां से मैदान में उतारा जाए तो पूरे पाल समाज भरपूर सहयोग करें और सरकार बनाने में मदद करें। इस कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल, उपाध्यक्ष डाक्टर चंद्र भवन पाल, राष्ट्रीय सचिव जवाहरलाल सिंह पटेल, अश्वनी सिंह पटेल, मंझनपुर विधानसभा अध्यक्ष कलीम हाशमी, जिलाध्यक्ष श्रमिक मंच प्रहलाद सिंह पटेल आदि संख्या में उपस्थित रहे।

# शहीद प्रकाश के अंतिम दर्शन को उमड़ा गांव, सैनिकों ने दी सलामी

## भंगवा के रहने वाले प्रकाश नारायण सीआरपीएफ में थे सहायक उप निरीक्षक

**प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ हुआ शहीद का अंतिम संस्कार**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** छत्तीसगढ़ में तैनाती के दौरान शहीद हुए सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक प्रकाश नारायण का शव भंगवा स्थित उनके घर पहुंचते ही पूरा गांव उसके अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ा। सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहीद प्रकाश का अन्तिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान से हुआ। इस दौरान भारी पुलिस बल और लोगों की भीड़ जमा रही। सीआरपीएफ के जवानों ने सलामी दी। प्रकाश अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र हैं। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया था।

भंगवा गांव के प्रकाश नारायण सीआरपीएफ में जवान (48) थे। करीब 25 साल पहले वह सेना में भर्ती हुए थे। दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में वह शहीद हो गए थे। रविवार देर शाम उनका शव उनके घर भंगवा गांव पहुंचा। दूसरे दिन उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, कांग्रेस नेता नीरज त्रिपाठी, सपा नेता सुरेश यादव, प्रधान रोहित, रमेश मौर्य समेत कई संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### शव यात्रा में लगते रहे अमर शहीद के नारे

शहीद हुए प्रकाश नारायण का शव तिरंगे में लिपटा हुआ ताबूत के अन्दर डाले में रखा था। उसके पीछे सैकड़ों की संख्या में भीड़ चल रही थी। जो शहीद प्रकाश नारायण अमर रहे के नारे लगा रही थी।

### गश खाकर कई बार गिरा पुत्र

पिता के शव को कंधा दे रहे प्रकाश के पुत्र अनूप और अनुराग गश खाकर गिर पड़ रहे थे। सांसद संगम लाल और विधायक राजेंद्र मौर्य पूरे समय परिजनों को ढांढस बंधाते रहे।

## काव्यांजलि में केसरी नन्दन के व्यक्तित्व को किया गया नमन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,प्रतापगढ़-** वरिष्ठ साहित्यकार स्व0 केसरी नंदन शुक्ल की स्मृति में काव्य गोष्ठी का अयोजन किया गया। सांगीपुर क्षेत्र के मुरैनी गांव में काव्यांजलि में साहित्यकारों ने स्व0 केसरीनन्दन के साहित्य के क्षेत्र में योगदान पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक साहित्यकार यज्ञ नारायण सिंह ने कहा कि स्व0 केसरी नन्दन ने साहित्य लेखन के क्षेत्र में नवोदित लेखकों व कवियों को भरपूर प्रेरणा दी है। ओज कवि अंजनी अमोघ ने अपने पिता की स्मृतियों को लेकर पढ़ा- मेरी कविता के बुलंद आवाज है पिता। वही अध्यक्षीय कवि अर्जुन सिंह ने भी स्व0 शुक्ल को रचनाधर्मी के रूप में याद किया। संचालन अजीत शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में गुरुवचनसिंह बाघ ,बाबूलाल सरल,कृष्ण लाल श्रीवास्तव, राम जी मौर्य, रघुनाथ यादव,अरविंद सत्यर्थी, कलीम अहमद,राजकुमार सिंह, सुनील शर्मा आदि ने भी काव्यपाठ किया ।

# स्व.प्रकाश नारायण सरोज को शहीद का दर्जा न दिया जाना शहादत का अपमान -डॉ. नीरज त्रिपाठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भंगवा गांव के रहने वाले छत्तीसगढ़ के सुकमा घाटी पर तैनात ए.एस.आई स्व.प्रकाश नारायण सरोज जी का 09 मार्च को ऑन ड्यूटी असेम्बली के समय पीटी करते हुए हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। उनकी बॉडी कल सीआरपीएफ के जवानों द्वारा ससम्मान प्रतापगढ़ लाया गया द्य कांग्रेस सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ भंगवा गांव पहुंचकर नम आंखो से फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए वहीं भारी भीड़ के बीच ÷प्रकाश नारायण अमर रहें÷, ÷जबतक सूरज चांद रहेगा, प्रकाश नारायण का नाम रहेगा÷गगनभेदी नारों के बीच आज सीआरपीएफ के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके उपरान्त नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार भंगवा गांव में हुआ कांग्रेस सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सीआरपीएफ के ए.एस.आई के पद पर तैनात स्व.प्रकाश नारायण सरोज जी को ऑन ड्यूटी हार्ट अटैक से मरणोपरांत शहीद का दर्जा न दिया जाना शहादत का अपमान है, और केन्द्र एवम राज्य सरकार पर सवालिया निशान है डॉ.त्रिपाठी ने तीखे सवाल करते हुए स्थानीय मा.सांसद एवं मा. विधायक से पूछा कि स्व.प्रकाश नारायण सरोज जी को शहीद का दर्जा क्यों नहीं दिया गया ।

क्या उनकी शहादत का कोई मोल नहीं है। जबकि राज्य एवम केन्द्र में आपकी सरकार है द्य क्या प्रभारी मंत्री को स्व.प्रकाश नारायण जी के घर नहीं जाना चाहिए था और मैं पूछना चाहता हूं कि सांसद और विधायक का एक शहीद परिवार के लिए क्या कर्तव्य है।



## क्षेत्र पंचायत पट्टी की बैठक 12 मार्च को

**प्रतापगढ़।** सचिव/खण्ड विकास अधिकारी पट्टी ने अवगत कराया है कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत पट्टी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक विकास खण्ड पट्टी सभागार में दिनांक 12 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे आहूत की गयी है।

## मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज,प्रतापगढ़-** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता ने परिवार के दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव की नीलम पत्नी जसवत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की शाम पारिवारिक रंजिश को लेकर परिवार के दो लोगों ने उसे मारापीटा। शोर गुल सुनकर बीच बचाव को पहुंचे उसके पति को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजे गए समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य

## रोशनलाल के सेवा कार्यों की महक से बढ़ रहा क्लब का गौरव- डॉ0 तृप्ता कौर जुनेजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की इंटरनेशनल सम्मेलन विजय इंटरकांटिनेंटल होटल कानपुर में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉ0 तृप्ता कौर जुनेजा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इंटरनेशनल सम्मेलन में देश एवं विदेश से आए हुए क्लब के पदाधिकारीयो ने सहभागिता की एवं वर्षभर किए गए सेवा कार्यों के लिए अवार्ड दिए गए। इसी क्रम में जिले, प्रदेश एवं देश के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले जिले के समाजसेवी व एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को अंतरराष्ट्रीय अवार्ड देकर इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉ0 तृप्ता कौर जुनेजा एवं पूर्व प्रेसिडेंट भूपेन्द चाहवाला एवं के0जी0 अग्रवाल ने सम्मानित करते हुए कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य ने अपने सेवा कार्यो से प्रदेश, देश एंव विदेश में भी मुकाम हासिल किया है। रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा किए जा रहे बहुआयामी सेवा कार्यो से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। आज अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड देकर मुझे रोशनलाल उमरवैश्य पर गर्व हो रहा है। मैं आशा करता हूं कि ऐसे ही आगे भी क्लब का नाम इंटरनेशनल स्तर पर ऊंचाइयों पर पहुंचाते रहेंगे।क्लब के पूर्व प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला एवं के0जी0 अग्रवाल जी ने रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा किए जा रहे कार्यो की मुक्त कंठ से सराहना की।

इंटरनेशनल अवार्ड से जिले का नाम रोशन करने वाले समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को इस उपलब्धि के लिए बधाइयां देने का ताता लगा रहा। बधाई देने वालों में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शाहिदा खान, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संजय खंडेलवाल, रवि अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, आनंद मोहन ओझा, मानसिंह, गुलाबचंद, मदनलाल, शोभनाथ, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, अर्चना खंडेलवाल, पूनम गुप्ता, सुधा अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि सैकड़ो लोग रहे।

## महादेव का अपमान संपूर्ण विनाश का कारण-विद्यार्थी जी महाराज




**पृथ्वीगंज प्रतापगढ़ -** नीलकंठ मंदिर पांडे तारा पर चल रही शिव कथा के तीसरे दिन कथा व्यास विद्यार्थी जी महाराज ने कहा कि महादेव का अपमान संपूर्ण विनाश का कारण होता है। जैसा दक्ष का हुआ सती के मायके पहुंचने पर यज्ञशाला में महादेव का स्थान न होना महादेव का अपमान करना। जिस पर सती द्वारा अपने प्राणों को अग्नि समर्पित करने के बाद पूरे यज्ञशाला में हाहाकार मच गया। महादेव को जब इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने दक्ष के यज्ञ को विध्वंस करने के लिए अपने अंश रूद्र को भेजा। जिसके कारण दक्ष समेत उसकी यज्ञ शाला को तहश-नहस कर दिया गया। अभिमानी दक्ष को उसके पापों का दंड भगवान शिव ने दिया। शिव कथा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के नेता नीलकंठ तिवारी पुणे द्वारा किया गया है। इस अवसर पर विष्णु दुबे संतोष तिवारी संदीप तिवारी रमेश तिवारी लालमणि मेवा लाल विनोद मिश्र हरिकेश सिंह गणेश सिंह बिक्कू सहितसैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची को तैयार करने में दिखेगी पूरी पारदार्शिता -एसडीएम

## लोकसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,प्रतापगढ़-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर तहसील सभागार में बीएलओ तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीम प्रवीण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के वार्ड तथा गांव वार अभियान में सहयोग मांगा। वही एसडीएम ने बीएलओं तथा सुपरवाइजर से मतदान केन्द्रों में प्रबंधों को लेकर आख्या भी दिये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि अब तक रामपुर खास में परिवर्धन के प्राप्त उन्नीस हजार पांच सौ अटठान्वें में आवेदन में से अठारह हजार चार सौ छह स्वीकृत हुये है। वही विलोपन के तहत कुल ग्यारह हजार छह सौ अठारह स्वीकृत किये गये है। इसी तरह संशोधन में दो हजार चौरानवें के सपेक्ष अठारह सौ इक्सठ स्वीकृत तथा तिरसठ अस्वीकृत हुये है। बैठक में कांग्रेस के प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने राजनैतिक दलों को बीएलओं तथा सुपरवाइजर की सूची उपलब्ध कराये जाने का सुझाव रखा। भाजपा के राजेश मिश्र ने छूटे नामों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया। सपा के रामधन यादव तथा आम आदमी पार्टी के बृहस्पति पाण्डेय भी सुझाव रखे। बैठक मे तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यवृति प्रस्तुत किया। संचालन निर्वाचन पटल सहायक सुरेश यादव ने किया।



## 88वीं शिव जयंती महोत्सव पर ध्वजारोहण

**प्रतापगढ़-** शिवरात्रि के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी प्रतापगढ़ प्रभु उपहार भवन में शिव ध्वज फहराकर सभी को संकल्प कराया गया कि अपने जीवन का एक अवगुण परमात्मा को अर्पण कर दे । इस महोत्सव के दौरान मौजूद प्रयागराज से आई ब्रह्मा कुमारी बहाने प्रतापगढ़ की संचालिका बीके हेमा साथ ही अन्य भी के भाई-बहन ने मौजूद।साथ ही सभी को राजयोग ध्यान भी कराया गया ।ब्रह्मा कुमारीज में मुख्य रूप से परमपिता शिव परमात्मा की आराधना ध्यान किया जाता है, ब्रह्माकुमारीज की फिलासफी में निराकार शिव परमात्मा को सर्वोच्च माना गया है। संस्थान से जुड़ने वाले साधक राजयोग ध्यान के जरिए परमात्मा शिव का ध्यान करते हैं सबसे बड़ी बात राजयोग ध्यान खुली आंखों से किया जाता है। राजयोग परमात्मा से संवाद करने की एक कला और विधि है।

## श्री राम के जीवन का अनुसरण करना हितकारी-कुलदीप जी महाराज



**मानधाता प्रतापगढ़-** क्षेत्र के ग्राम चंघईपुर में स्थित चंदेश्वर नाथ धाम चल रहे शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा के दौरान आज विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल उपस्थित हो कर पूजा अर्चना की तथा रामकथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जगह जगह होने चाहिए। रामकथा के सुनने और उसका अनुसरण करने से सभी का कल्याण हो गा, साथ ही समाज को नई दिशा मिलेगी। कथा वाचक कुलदीप जी महाराज ने कहा कि श्री राम के जीवन को आदर्श मानकर उनके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य अनुकरणीय बताया । उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने सरल भाषा में राम चरित मानस को लिखकर जन जन तक पहुंचाया।अब जन-समुदाय का काम है कि उनके बताए गए रास्ते पर चलें।उसी में सभी का हित है।आज की रामकथा में आदर्श गिरि, दिनेश मिश्र, उमेश द्विवेदी, भीष्म तिवारी गुलाब गिरि, सचिन विश्वकर्मा, ओंकार गिरि, हृदेश गिरि, साकिर अली,ए0डीतिवारी रमेश गिरि उदित गिरि , केशव,नारायण, मुकेश,राम खेलावन,सहित भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# बाबा रामेश्वर नाथ धाम में आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्त




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बनी तेरह मील के पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रबंधक राम प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज इंसाफ बहादुर सिंह के द्वारा बाबा रामेश्वर नाथ धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन रविवार सायं मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में बच्चे, महिलाएं व पुरुष पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए। वहीं देर शाम तक इस विशाल भंडारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। जहां लोगों ने बाबा भोले नाथ के भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घरों को रवाना हुए। जिसमें मंदिर समिति के कार्यकर्ता तथा संभ्रांत लोगों के सहयोग से इस तरह का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ । वही इस विशाल भंडारे को लेकर युवाओं में काफी जोश रहता है, तो देर रात तक युवा भंडारे का कुशल संचालन भी करते हैं। इस मौके पर जिला जज बाल मुकुंद चौरसिया जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष एवं बाबा गंज विद्यायक विनोद सरोज,लाल साहब सिंह,राम अचल वर्मा , आई जी अरविंद सिंह, देवसरा ब्लाक प्रमुख कमला कांत यादव,राज कुमार सिंह, राजेश पांडेय ,इनाम उल्का खान जी,उपाध्यक्ष सचिवालय पत्रकार संघ, राकेश सिंह, शांतनु सिंह, समाज सेवी अखिलेश सिंह, शिक्षाविद ओपी शुक्ला,अशोक जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत पट्टी,दिनेश शर्मा (प्रतिनिधि पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह)आदि गण मान्य लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## डिजटलाइजेशन का विरोध व 18 सूत्रीय मांगो के समर्थन में ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रान्तीय आवाह्न पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ के प्रतिनिधि शिव बहादुर मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रतापगढ़ को डिजटलाइजेशन के विरोध मे व 18 सूत्रीय मांगो के समर्थन मे जिला अध्यक्ष शाह आलम के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर महामंत्री राजेश कुमार सरोज, कोषाध्यक्ष विजय कुमार दूबे, जिला प्रवक्ता धर्मराज सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, डा0 सुशील कुमार शुक्ल हीरालाल, राजेश मोर्य, कैलाश कुमार, अरुण कुमार, जियालाल, जय प्रकाश, भूपेश श्रीवास्तव, रमेश चंद्र पीयूष पांडे, अकेश मिश्र, दिनेश सरोज, केदारनाथ, संजय कुमार, विजय मौर्य, महेश चंद्र, अरविंद, अरुण, राम कुमार सिंह, सुशील सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लगातार तीसरी बार बनने जा रही भाजपा सरकार - पंकज मिश्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज -**देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैद्य आज हमारा देश विश्व का नेतृत्व करने को तैयार हैद्य हर घर में प्रधानमंत्री की योजनाएं पहुंच रही हैद्य समाज का हर वर्ग आज मोदी जी की नीतियों का समर्थन कर रहा हैद्य कार्यकर्त्ताओं के मेहनत से देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से घोषित भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संगमलाल गुप्ता ने रानीगंज विधासभा क्षेत्र के बरहदा में भाजपा नेता पंकज मिश्र के यहाँ आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित रहे द्य उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मेहनत से ही आज पूरे देश में भाजपा की लहर हैद्य प्रदेश में योगी जी की सरकार चहुमुखी विकास कर रही हैद्य सड़क, बिजली सहित विभिन्न योजनाएं धरातल पर नजर आ रही हैद्य आप सब एक बार फिर एकजुट होकर पार्टी को और आगे लें चलेद्य कार्यक्रम के आयोजक पंकज मिश्र ने कहा कि समाज में बिना किसी भेदभाव के भाजपा सरकार कार्य कर रही हैद्य लोकसभा चुनाव के तिथि की जल्द ही घोषित होने वाली हैद्य कार्यकर्त्ता ही पार्टी की रीढ़ है, इन्ही के दम पर देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही हैद्य पार्टी ने एक बार फिर संगम लाल गुप्ता को प्रत्याशी बनाया हैद्य हम सब तैयारी में जुट जाए और हर बूथ पर कमल खिले इसकी जिम्मेदारी हमें लेनी होगीद्य पंकज मिश्र ने आये हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कियाद्य कार्यक्रम में भाजपा नेता बृजेन्द्र प्रताप सिंह छोटे भइया, धर्मेंद्र दुबे, सूरज त्रिपाठी, बद्री गुप्ता, राजेंद्र श्रीवास्तव, विवेक शर्मा, रमेश पाण्डेय, भाष्कर पाण्डेय, विक्रम सिंह, अनिल पाण्डेय स्वतंत्र, प्रेमचंद्र मौर्य, राजेश शुक्ला, अनिरुद्ध पाण्डेय, शनि गुप्ता, जितेंद्र सरोज सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्त्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे




## अधिवक्ताओं के चुनाव में समिति ने किया मतदाता सूची का सत्यापन

**लालगंज,प्रतापगढ़-** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को हुई बैठक में रणनीतिक मथन हुआ। समिति ने चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के मतदाता सूची का सत्यापन किया है। इसके तहत पांच दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के मतदाता सूची में पुनरीक्षण कराये जाने पर सहमति बनी । समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी तेरह मार्च को पुनरीक्षण के दायरे में आने वाले मतदाताओं को समिति की बैठक में बुलाया गया है। वही पन्द्रह मार्च को नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किये जाने की भी सहमति बनी है। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि पन्द्रह मार्च के बाद सदस्यता के लिए कोई आवेदन समिति स्वीकार नही करेगी। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय , वीरेन्द्र सिंह अगई, अजय शुक्ल गुड्डू, राधारमण शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, रामलगन यादव, टीपी यादव ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपने अपने सुझाव रखे।

## दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज,प्रतापगढ़-** दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच भदारी कला के शिव बक्स का पुरवा के हनुमान मंदिर के पास पुलिया पर दुष्कर्म का आरोपी जेठवारा थाना के रायपुर खुर्द निवासी आरोपी अजय सिंह पुत्र राम सिंह पुलिस को दिख गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जेल भेजा दिया।

# वार्षिकोत्सव स्वरांजलि में छात्र - छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मनमोहा

## एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने में युवाओं का विशेष योगदान - डॉ.एसपी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**रायल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नरायनपुर नौबस्ता के वार्षिकोत्सव स्वरांजलि में छात्र - छात्राओं ने प्रस्तुतियों से मनमोह लिया। शुभारंभ प्रबंधक संजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। देशभक्ति से जुड़ा सामूहिक नृत्य एवं शिक्षा समाज की मूल आवश्यकता नाटक खूब सराहा गया। राजस्थानी नृत्य,गलती से मिस्टेक,मोनो एक्ट ने खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि पीबीपीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.शिव प्रताप सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ उनकी रुचि से जुड़ी प्रतिभा को भी निखारना चाहिए।

ऐसे कार्यक्रमो से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। जोर देते हुए शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को आने वाले समय की चुनौतियों से सजग रहकर लड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। देश व समाज की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में युवाओं का विशेष योगदान रहता है। प्रिंसिपल दीपा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आशीष सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन छात्र गिरेंद्र सिंह,सौरभ प्रजापति,अनुज यादव व छात्रा पलक शुक्ला,श्रेया पांडेय,अंतरा सिंह,गुनगुन ने किया। प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा स्वामीनाथ शुक्ल,आलोक सिंह,धर्मवीर शर्मा,रिंकू मिश्र, सलमान खान,हरिकेश मिश्र, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रवेश के लिए चहक कार्यक्रम में बच्चों को करना होगा निपुण- एबीएसए

## बीआरसी कड़ा में आयोजन हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से ब्लाक संसाधन केंद्र कड़ा के सभागार में ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव का कार्यक्रम सोमवार की आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों को संबोधित करते हुए हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की जानकारी विस्तारपूर्वक बताया की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत तीन से छह साल के बच्चों को शिक्षण देने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चे प्राथमिक कक्षाओं के प्रवेश के पहले बालवाटिका के



अंतर्गत चहक कार्यक्रम लागू किया गया जिसमें शिक्षक और आंगनवाड़ी दोनों को मिलाकर समन्वय स्थापित करते हुए संचालन करना है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड विकास अधिकारी ने दिनेश चन्द्र ने इसका उद्देश्य बताते हुए कहा की प्री प्राइमरी बालवाटिका के लिए किए जाने वाले प्रयासों को जनसमुदाय से जोड़ना आवश्यक है। अंत में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता कमलेश निषाद ने कहा की सत्कार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसे सभी को मिलकर मूर्त रूप देना है। उसके बाद उन्होंने कार्यक्रम में बालवाटिका के निपुण बच्चे आर्यन, ऋषभ, पल्लवी, अनुष्का, विपेश, आरोही, निशा को उपहार और बेहतर कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना, कैशरनाज, सुमन, प्रीती, हाजरा, विजमा देवी और स्कूलों में बेहतर शिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षक कमला सोनकर, श्रेया द्विवेदी, अभिलाषा गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार खंगार व शिक्षामित्र रूबी शर्मा को मुख्य अतिथि ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सेविका कड़ा ज्ञानमती, एआरपी प्रभाकर मिश्रा, रामकृष्ण, किशोर कुमार गुप्ता, रणधीर सिंह, सुरेंद्र मौर्य, और भाजपा मंडल मंत्री अजय शुक्ला ने भी जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया द्विवेदी ने किया। इसी तरह ब्लाक संसाधन केंद्र सिराथू , मंझनपुर, सरसवां, चायल, नेवादा, कौशांबी, मूरतगंज में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# नकब काट कर एक घर से हजारों की चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जुबरा गांव में रविवार की रात घर के पीछे की मिट्टी की दिवार मे नकबकाट चोरों ने नगदी सहित लाखों का माल पार कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जुबरा गांव का नत्थीलाल रविवार की रात परिवार के साथ बाहरी हिस्से के कमरे में सो रहा था इस दौरान पीछे की मिट्टी की दीवाल में सेंध काट कर पहुंचे कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर दस हजार नगद एक तोला सोने का लॉकेट , चांदी की पायल, विछिया, करधनी, पेटी , पीतल के बर्तन सहित अन्य गृहस्थी का सामान उठा ले गए। सुबह घर वालों ने कमरे का ताला खोला तो बिखरा पड़ा सामान देखकर दंग रह गए।नत्थीलाल ने मामले की सूचना नारा चौकी पुलिस को दी है।

# बड़े भाग्य से मिलता है मनुष्य का शरीर-देवी अनुपमा रामायणी

## गुवारा में श्री राम कथा के दूसरे दिन राम नाम की महिमा का किया गया वर्णन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** बड़े भाग्य से मनुष्य का तन मिला है। जब तक इस शरीर रूपी पिंजरे में श्वास चल रही है। तब तक अपने प्रभु श्री राम को याद कर लो। यह शरीर पानी के ओस की बूंद के समान क्षणिक है। इसलिए इसका भरोसा न करें। यहां तक कि माता-पिता, भाई, पुत्र, मित्र, पत्नी कोई भी अंत समय में साथ देने वाला नहीं है। प्राणी सिर्फ अकेला आया है और अकेला ही दोनों हाथ फैला कर चला जाएगा।

यह बातें गुवारा तैयबपुर श्री राम कथा के दूसरे दिन देवी अनुपमा रामायणी ने कथा का रसपान कराते हुए कही।उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ मनुष्य शरीर को पाकर तुमने यदि ईश्वर का भजन नहीं किया तो ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलेगा। यह सारा जगत नश्वर है व क्षणिक है। यहां की कोई भी वस्तु स्थिर रहने वाली



नहीं है। केवल एक नाम ही स्थिर व सास्वत है। अतः उसी का आश्रय लो और प्रभु के प्रेमी बन जाओ। जो परमात्मा का निरंतर स्मरण करता है वही उनको प्राप्त कर सकता है। जो भगवान नाम का आश्रय नहीं लेता , वह सर्वथा भ्रमित ही रहता है। ज्यो ज्यों भगवान नाम जप बढ़ता जाएगा त्यों त्यों संसार की आसक्ति स्वतः ही छूटती चली जाएगी। उन्होंने कहा कि शरीर में परमात्मा का वास उसी तरह है जैसे लकड़ी में आग। मूर्ख जीव उन्हें उसी प्रकार बाहर खोजता रहता है जैसे मृग कस्तूरी की गंध को इधर-उधर खोजता रहता है। जबकि वह उसकी नाभि में स्थित रहती।

# नौगिरा में वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उसके बाद छात्रा लक्ष्मी देवी, सुप्रिया देवी, अर्पिता देवी, करिश्मा देवी, स्नेहा त्रिपाठी, कोमल देवी, राज कश्यप आदि बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए जलवा बिखेर दिया। कार्यक्रम में हुई सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में समीर शाह प्रथम और आदित्य कुमार द्वितीय, मोहम्मद रेहान तृतीय व बालिका वर्ग में सोनम देवी प्रथम, मीनाक्षी देवी और बिट्टी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता बच्चों की स्कूल के शिक्षक विकास कुमार ने प्रशस्तिपत्र व उपहार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, अभिभावक और स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# हादसे में घायल टैंकर चालक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

## निमंत्रण से लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ था घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के फत्तेहपुर - सहावपुर गांव में सड़क हादसे में घायल टैंकर चालक की सोमवार की सुबह इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। युवक 14 दिन पहले चरवा के बबुरा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुआ था। तब से वह जिंदगी और मौत से लड़ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

फत्तेहपुर - सहावपुर गांव के अवध बिहारी पाल (35) पुत्र स्वर्गीय बुधई लाल पाल टैंकर चालक था। प्रयागराज के झलवा के एक व्यक्ति का टैंकर चलाता था।परिजनों के मुताबिक वह 25 फरवरी को चरवा के काजू गांव निवासी राजमन पाल के घर रहे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। रात में भोजन करने



के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था।इसी दौरान बबुरा मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक समेत सड़क पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर उसके बड़े भाई ग्राम प्रधान गणेश पाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस की सहायता से उन्होंने इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूपरानी कमला नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। वेंटीलेटर पर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे टैंकर चालक की सांसें सोमवार की सुबह थम गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो बेटियां और एक बेटा है।

# युवक ने मामूली बात पर पत्नी को पीटा

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार में रविवार की शाम युवक ने मामूली बात पर पत्नी को जमकर पीट दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।तिल्हापुर मोड़ बाजार की रामादेवी पत्नी उत्तम शुक्ला के अनुसार वह रविवार की शाम घर को बाहर बैठी थी।इसी दौरान उसका पति कहीं से घर लौटा। पत्नी के पूछने पर कि कहां थे। वह उसपर आगबबूला हो गया। आरोप है कि उसने गाली-गलौच कर पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

# ट्रेन की चपेट में आने से चालक की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक पुलिस चौकी के पास डीएफसी लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से चालक की मौत हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू पुलिस चौकी के नजदीक डीएफसी रेलवे लाइन के नजदीक सोमवार की सुबह 28 वर्षीय एक युवक का शव पाया गया, रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त पैंईसा थाना क्षेत्र के रमसहईपुर निवासी सूरज निर्मल पुत्र गुंडा 28 के रूप की करते हुए औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा , स्वजनों के मुताबिक मृतक भरवारी में स्थित भवंस मेहता कालेज में चालक था। हादसे की खबर पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# जरैनी कंपोजिट विद्यालय के भूकंपरोधी भवन निर्माण में धांधली

## ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से की शिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा, कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र नेवादा के जरैनी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में बनाए जा रहे भूकंपरोधी भवन निर्माण में धांधली करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सोमवार को उप जिलाधिकारी से किया है। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ब्लॉक संसाधन केंद्र नेवादा के जरैनी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में दो कमरों, एक कार्यालय और बरामदे का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन को भूकंपरोधी का नाम तो दिया जा रहा है। लेकिन उसके निर्माण में दीवारों को पिलर का सपोर्ट और उसकी बीम में एक भी सरिया का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि आठ से दस बोरी बालू में महज एक बोरी सीमेंट, उपयोग की जा रही है। इसके अलावा बालू और ईट आदि सामग्री घटिया लगाई जा रही है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद इसके नीचे विद्यार्थी अपना पठन पाठन करेंगे। जिसमें भवन गिरने से विद्यार्थियों को अनहोनी की आशंका है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ से शिकायत किया। एसडीएम ने ग्रामीणों को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस बीच मनोज कुमार, सुदामा, रत्नों देवी, नितिन कुमार, उमाशंकर, मुल्कराज यादव, चंद्रशेखर पांडेय, पंकज कुमार, राजेश, रोहित, कौशल, दीपक यादव, राजन यादव, आर्यन यादव, अंकित, लाला, बीडीसी निशा आदि उपस्थित रहे।

# सुलह समझौता के दौरान मारपीट, चार जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद के चलते सुलह समझौता के दौरान आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमे चार लोग जख्मी हो गए , पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर निवासी श्रीमती पत्नी लाल सिंह ने सोमवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका पति उसके साथ आएदिन मारपीट करता है रविवार को भी पीड़िता के पति ने उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया जिसको लेकर सोमवार को समझौता होना था इस दौरान आपसी कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी जिसमे श्रीमती सहित उसके रिश्तेदार राकेश पटेल , रमेश पटेल , रोहित , वीरेंद्र कौशल्या आदि लोग जख्मी हो गए , पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गई है।

# बीआरसी नेवादा में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**.कौशाम्बी।** बीआरसी नेवादा के सभागार मे खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा बृजेश सिंह के कुशल निर्देशन में एवं बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग से सीडीपीओ शिव कुमार मिश्र मुख्य अतिथि की उपस्थिति में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बीईओ द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत और प्रोत्साहन किया गया तथा सीडीपीओ द्वारा भी आंगनबाड़ी के क्षेत्र में किए सुधार हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की गई। एआरपी विकास मिश्र द्वारा एनईपी-2020 के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नोडल एआरपी अनुराग पांडेय द्वारा निपुण भारत मिशन से संबंधित जानकारी और आंगनवाड़ी में प्राप्त



विभागीय सामग्रियों का प्रयोग करते हुए रोचक ढंग से शिक्षण करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। एआरपी अनूप उपाध्याय द्वारा सभी को ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा किया गया। कार्यक्रम में नोडल संकुल हरिओम सिंह और कौशल कुमार जी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चो को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ और जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

ब्लॉक में कक्षा एक में सर्वश्रेष्ठ नोडल शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे 14 शिक्षकों और पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्री को को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर राधा देवी और चंपा देवी, शिक्षक राम नेवाज सिंह, प्रीति शुक्ला, प्रीति जायसवाल, मंगल सिंह, सलोनी , वनिता दुबे मोनिका शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# बहुंगरी कंपोजिट विद्यालय में ताला तोड़कर सामान चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मोहीद्दीनपुर बहुंगरी की प्रधानाध्यापिका अंजू सिल्वा ने बताया कि सोमवार सुबह स्कूल खोलने पर कार्यालय का ताला टूटा पड़ा था। आशंका वश अंदर जाकर देखा तो सामान भी इधर-उधर बिखरा था और कमरे में रखा गैस सिलेंडर,एक वीआईपी कुर्सी समेत टाटपट्टी गायब था। कमरे का टूटा हुआ ताला और सामान गायब देख उन्हें चोरी की जानकारी हुई। स्कूल में चोरी होने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्रधानाध्यापिका ने थाने जाकर चोरों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

# मतदान केंद्रों के निरीक्षण के लिए डीएम ने एसडीएम को दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी राजेश कुमार रॉय ने एसडीएम को पत्र भेजकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों को दूर किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने भेजे गए पत्र के माध्यम से बताया की जनपद की तीनो एसडीएम व क्षेत्राधिकारी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सत्यापन के बाद मतदान केंद्र को जाने वाले संपर्क मार्ग व एएमएफ से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में कमियों को दूर कर दो दिन में आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए है।

# सरसवां में आयोजित हुआ हमारा आंगन, हमारे बच्चे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से खंड शिक्षा अधिकारी जवाहरलाल यादव के निर्देशन में ब्लाक संसाधन केंद्र सरसवां हैं में ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी तिलक नारायण द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बृजेश मिश्र उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल, बालवाटिका के प्रशिक्षित नोडल शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। एआरपी आशुतोष शुक्ल, दयाशंकर, ज्ञान सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। बाल विकास



परियोजना अधिकारी सुशील कुमार ने भी उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को विशेष रूप से जानकारी से अवगत कराया। उत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी सरसवां राकेश सिंह, एडीओ पंचायत अनूप कुमार, नोडल शिक्षक संकुल अरुण श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र मिश्र, प्रदीप गुप्ता, सौरभ पाण्डेय, बैजनाथ दुबे, इंद्रभवन सिंह, हरिश्चंद्र, भास्कर, अंकित श्रीवास्तव आदि में सक्रिय भूमिका निभाई।

# दबंगो पर निर्माणाधीन मकान को गिराए जाने का आरोप



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव के नरेश पुत्र बच्ची ने विपक्षियों से सांठगांठ कर पुलिस के ऊपर निर्माणाधीन मकान को गिराए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

टेंगाई गांव के नरेश ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया की पीड़ित अपनी भूमिधरी जमीन पर निर्माण करा रहा है। जब सभी दीवाले उठ गई और पक्की छत पड़ने वाली थी की उसी समय रविवार को गांव के ही कुछ दबंग विपक्षियों की सांठगांठ से चौकी पुलिस निर्माणाधीन मकान के पास खड़े होकर विपक्षियों के द्वारा पूरे मकान को धराशाई कर दिया। जिससे भुक्तभोगी का काफी नुकसान हो गया। पीड़ित ने न्याय के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं कम्यूनिकेशन



प्लान बना लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं आदि का सत्यापन कर आख्या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनके कार्योध्दायित्वों यथा-पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन एवं मतदान के दिन आदि तथा वी0टी0आर0 एप्प की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी,अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भरवारी में बाबा खाटू श्याम का विशाल दरबार का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी में श्याम मित्र मंडल भरवारी द्वारा नगर पालिका स्टेडियम मेहता रोड मंडी समिति के सामने तृतीय वर्ष बाबा खाटू श्याम का विशाल दरबार लगाया गया। बाबा खाटू श्याम के दरबार में फाल्गुन संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। खाटू श्याम के भक्तों ने साक्षी चोपड़ा दिल्ली के भजनों पर जाम के ठुमके लगे और बाबा खाटू श्याम के जयकारे से पंडाल भक्ति से गूंज उठा। प्रयागराज से आए भजन सम्राट रोमा निषाद व कानपुर से





अभिषेक शुक्ला ने तरह-तरह के भजनों की मनमोहन प्रस्तुति की और खाटू श्याम के भजनों से बाबा के भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। देर रात्रि तक भजन संध्या का कार्यक्रम चला रहा। बाबा खाटू श्याम के भजनों से पूरा पंडाल खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्याम मित्र मंडल भरवारी द्वारा भजनों के साथ-साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें नगर व आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरव कुमार केसरवानी उर्फ मोनू, अमन केसरवानी सागर केसरवानी उपांशु केसरवानी रमेश अग्रवाल सुरेश अग्रवाल नमन अग्रवाल सागर केसरवानी शुभम नीरज शाहिद श्याम मीत मंडल के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# भाजपा के सहयोगियों की चिंता

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है।पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है।इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लड़ना चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है।नीतीश कुमार 15 से 16 सीट पर वीटो करके विदेश चले गए। इसका नतीजा है कि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दोनों को एक एक सीट का प्रस्ताव मिल रहा है और एनडीए का दरवाजा खटखटा रहे मुकेश सहनी को भी एक सीट से ज्यादा देने की संभावना नहीं दिख रही है। लोक जनशक्ति पार्टी को पिछली बार छह सीटें मिली थीं लेकिन इस बार उसे दोनों खेमों को मिला कर पांच सीट दिए जाने पर बातचीत हो रही है।सो, हर जगह भाजपा की सहयोगी पार्टियों को समझौता करना होगा। लोकसभा सीट के बदले भाजपा उनको राज्यों में कोई पद दे सकती है। विधानसभा की ज्यादा सीट दे सकती है या जहां विधान परिषद है वहां सीट दे सकती है लेकिन लोकसभा सीट पर गुंजाइश कम है।




**मेष राशि**–आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। आपका आध्यात्मिकता की ओर रुझान हो सकता है। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न हो सकते हैं। घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। करियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है।

**वृष राशि**–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी से कोई उपहार मिलेगा। इससे आपका मन खुश रहेगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे।

**मिथुन राशि**–आज आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिल सकती है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त हो सकता है। आप नकारात्मक सोच रखकर स्वयं को थोड़ा उदास रख सकते हैं। आप किसी काम को लेकर भी चिंतित रहेंगे। परिवार वालों के साथ किसी टूर का प्लान बना सकते हैं। लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कर्क राशि**–आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिल सकती है। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहेगा, जिससे काम में मन कम लगेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा ना करें। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं। किसी भी तरह के बड़े निवेश में किसी अनुभवी की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**सिंह राशि**– आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता हो सकती है। आज आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। आज आप खुद तो गौरवानवित महसूस करेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। आपको व्यापार में मुनाफा होगा। आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में सलाह-मशविरा से आगे बढ़ने से अंडरस्टैन्डिंग बढ़ेगी। स्टूडेंट्स को अपने सब्जेक्ट में आ रही प्रॉब्लम्स का हल मिल सकता है।

**कन्या राशि**–आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है। उन्हें काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा गुजरने वाला है। इनके हाथ कोई बड़ा केस लग सकता है। सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि**–आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राओं का योग बन रहा है, जिससे आपको धन संबंधी फायदा होगा। काम की गति धीमी हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम आपको कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी के प्रति अपनी राय को अपने तक ही सीमित रखना चाहिए। तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए। इससे आपके सेहत पर भी असर पड़ सकता है। ब्राह्मण को भोजन कराएं, कार्यक्षेत्र में सिनियरस का सहयोग मिलता रहेगा।

**वृश्चिक राशि**–आज आप अपने माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा। किसी मित्र के साथ मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ हो सकता है। कामकाज में आप बहुत बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद हो सकती है।

**धनु राशि**–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई जरूरी घरेलू काम निपटाने में आप सफल रहेंगे। प्रेम-संबंध में आपको कोई सुखद सरप्राइज मिलेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी छूमंतर हो जाएगी। साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्य क्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप बेहतर महसूस करेंगे। माता-पिता के सहयोग से आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। जरूरतमंद को कंबल दें, पूरे दिन खुशियां मिलाती रहेंगी।

**मकर राशि**–आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आप अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति हो सकती है। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा फायदेमंद हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा हो सकता है। अगर आप बिजनेस में अनुभवी लोगों की सलाह लेकर काम करेंगे, तो आपको मुनाफा मिल सकता है। गाय को रोटी खिलाएं, तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

**कुंभ राशि**–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगाएंगे, इससे उन्हें सफलता मिलेगी। आप सुबह के समय वर्क आउट शुरू कर सकते हैं, जिससे आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। घर से निकलते समय माता-पिता का आशीर्वाद लें, आपके सारे काम आसानी से पूरा होंगे।

**मीन राशि**–आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है। साथ ही उनके साथ बिताए गए कुछ पल आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनाएंगे। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी बहस हो सकती है। आपके अत्यधिक क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आप खुद को उर्जा से भरा हुआ फील कर सकते हैं।

# क्या 2024 में टीएमसी की क्या एकला चलो है मजबूरी या रणनीति



**अशोक भाटिया**

इंडिया गठबंधन को करारा झटका देते हुए, विपक्षी गुट के मुख्य घटक दलों में से एक, तृणमूल कांग्रेस ने आज पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों के लिए टीएमसी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। वैसे लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों का एक-दूसरे पर आरोपों का सिलसिला जारी है। पर देखने योग्य है कि इसी बीच इंडिया गठबंधन को ममता बनर्जी के अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान साथ बड़ा झटका लगा है। टीएमसी प्रमुख ने %एकला चलो रे% का नारा बढ़ाते हुए गठबंधन को अलविदा कह दिया है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ऐलान के बाद कांग्रेस के सामने जो विकल्प बचे हैं वे इस प्रकार हैं। अनुमान ये लगाया जा रहा है कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच लंबे समय तक सीटों के बंटवारे पर मंथन होता रहा और अंत में कांग्रेस की झोली में 17 सीटें आ गईं, उसी तरह से पश्चिम बंगाल में भी इस बात का कयास लगाया जा रहा है कि ममता कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार वापस ले लें।वैसे तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक बयान पिछले कुछ दिनों से काफी सुर्खियों में चल रहा था । 2024 के लोक सभा चुनाव में एकला चलो की चुनावी रणनीति से जुड़े बयान पर तमाम तरह की सियासी अटकलें लगाई जा रही है।कुछ लोगों का मानना था कि ममता बनर्जी इसी बहाने केंद्र की राजनीति में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहती थी और खुद को विपक्ष का प्रधानमंत्री चेहरा बनवाना चाहती हैं। लेकिन ममता बनर्जी जब कहती है कि टीएमसी आगामी लोगकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करने वाली, तो ये उनकी मजबूरी और पश्चिम बंगाल में टीएमसी की राजनीतिक हैसियत को बनाए रखने की चिंता है।दरअसल ममता बनर्जी के सामने 2024 में विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपने घर को बचाने का,उनके पास इससे भी बड़ी चुनौती है । 2024 में पश्चिम बंगाल में टीएमसी की राजनीतिक हैसियत दांव पर होगी और इसकी वजह है राज्य में बीजेपी का बढ़ता जनाधार। यही वजह है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की जनता को ऐसा कोई संदेश नहीं देना चाहती जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में टीएमसी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए। गौरतलब है कि जब दो मार्च को नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा होती है। उसी दिन मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव का भी नतीजा आता है। मुस्लिम बहुल इस सीट पर 2011, 2016 और 2021 में टीएमसी की जीत हुई थी। लेकिन इस साल के उपचुनाव में ये सीट टीएमसी के हाथों से निकल जाती है। कांग्रेस उम्मीदवार बायरन बिस्वास बड़े अंतर से इस सीट पर जीत जाते हैं।इसके बाद ही ममता बनर्जी की ओर से %एकला चलो% को लेकर नया बयान गूंजने लगा था । ममता बनर्जी कहती रहती थी कि जो भी लोग बीजेपी को हराना चाहते हैं, वे टीएमसी को वोट करेंगे। आगे बढ़कर वे कहती थी कि जो लोग प्रधानमंत्री और कांग्रेस को वोट दे रहे हैं, वास्तविक रूप से भाजपा को ही वोट दे रहे हैं। इसी के साथ ममता बनर्जी साफ कर देती थी कि 2024 में टीएमसी किसी के साथ नहीं जाएगी और राज्य की जनता के समर्थन के बल पर अकेले चुनाव लड़ेंगी।सबसे पहली बात ये है कि ममता बनर्जी की राजनीति का आधार ही पश्चिम बंगाल है। पश्चिम बंगाल से बाहर टीएमसी का लोकसभा के नजरिए से कोई अस्तित्व नहीं है। विधानसभा के लिहाज से दो-तीन राज्यों की कुछ सीटों पर भले ही छिटपुट जानाधार हो। वैसे पिछले 20 साल से टीएमसी पूर्वोत्तर के 7 राज्यों के अलावा गोवा जैसे राज्यों में भी अपना जनाधार बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसमें पार्टी को कोी खास सफलता हासिल नहीं हुई है। टीएमसी के पास इस वक्त कुल 23 लोकसभा सांसद हैं और ये सभी सांसद पश्चिम बंगाल से हैं। इसी से जुड़ा अहम पहलू है कि पश्चिम बंगाल



में ममता बनर्जी का राजनीतिक अस्तित्व ही कांग्रेस और सीप्रधानमंत्री विरोध पर टिकी है।ऐसे में अगर ममता बनर्जी की ओर से कोई भी एक संदेश ऐसा गया कि वो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष के उस मोर्चे का हिस्सा बनने की मंशा रखती हैं, जिसमें कांग्रेस और प्रधानमंत्री भी जुड़ सकते हैं, तो ये पश्चिम बंगाल में टीएमसी के राजनीतिक विचारधारा के बिल्कुल खिलाफ चला जाता । ममता बनर्जी की वजह से 2011 में पश्चिम बंगाल की राजनीति बिल्कुल बदल गई। उस वक्त तक यहां प्रधानमंत्री , कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का ही राजनीतिक अस्तित्व था। वहीं भाजपा एक तरह से गौण अवस्था में थी। 2011 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी का ऐसा जादू चला कि पश्चिम बंगाल में 34 साल से चली प्रधानमंत्री की सत्ता नेस्तनाबूद हो गई और यहां से राज्य के लोगों को एक नया विकल्प मिल गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी का एकछत्र राज कायम हो गया। इसी का नतीजा था कि 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में कभी धुर विरोधी रहे प्रधानमंत्री और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। हालांकि इन दोनों ही पार्टियों का साथ भी ममता बनर्जी की सत्ता के लिए कुछ ख़ास खतरा नहीं बन पाया। 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी भारी जीत हासिल कर सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही।

इस समय पश्चिम बंगाल में पिछले 10 साल में धीरे-धीरे कर भाजपा ममता बनर्जी के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है । 2011 के विधानसभा चुनाव में भाजपा कुल 294 में से 289 सीटों पर चुनाव लड़ी और एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हो सकी। उस वक्त पश्चिम बंगाल में भाजपा की क्या हालत थी, ये इसी से पता चलता है कि उसके 285 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। हालांकि भाजपा 4त्र वोट हासिल करने में कामयाब रही थी। यही वो चुनाव था जिसमें एक तरह से पहली बार भाजपा ने भी पूरे राज्य में अपने उम्मीदवार उतारे थे। पश्चिम बंगाल में 2011 और उसके बाद का वक्त जहां प्रधानमंत्री के अवसान का दौर था, वहीं बीजेपी के उत्थान की कहानी भी शुरू हो चुकी थी। 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 291 सीटों पर चुनाव लड़ी और पहली बार 3 सीटें जीतने में सफल रही। उससे भी बड़ी बात ये हुई कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पहली बार विधानसभा चुनाव में 10 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करने के पड़ाव को पार कर ली और यहीं से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के लिए अब प्रधानमंत्री और कांग्रेस की बजाए भाजपा मुख्य विरोधी पार्टी बनने की राह पर चलने लगी। 2016 में ममता बनर्जी की पार्टी भले ही 211 सीटें जीतकर सरकार में बनी रही, लेकिन ये भाजपा ने ये जरूर संकेत दे दी थी कि आने वाले वक्त में टीएमसी के लिए वहीं सबसे बड़ा खतरा साबित होने वाली है। 2019 के लोक सभा चुनाव में बीजेपी के प्रदर्शन ने इसे साबित भी किया। जहां 2014 लोकसभा चुनाव में ममता बनीर्जी की टीएमसी 42 में से 34 सीटें जीतने में कामयाब रही थी, वहीं भाजपा को सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर इस चुनाव में 17त्र से ज्यादा रहा था। ये एक तरह से इस बात का संकेत था कि पश्चिम बंगाल में ममता और कांग्रेस का वोट धीरे-धीरे भाजपा की तरफ खिसक रहा था।2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ममता बनर्जी के बादशाहत को एक तरह से खत्म करने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति में सीपीएम और कांग्रेस को विपक्ष के तौर पर हाशिए पर ढकेलने का काम कर दिया। 42 लोकसभा सीटों में से भाजपा 18 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। उसे 16 सीटों का फायदा हुआ था। वहीं भाजपा का वोट शेयर भी 40त्र से ऊपर पहुंच गया। टीएमसी 12 सीटों के नुकसान के साथ सिर्फ 22 सीट ही जीत पाई। लोकसभा के नजरिए से 2019 में पश्चिम बंगाल में भाजपा ने टीएमसी के साथ मुकाबले को करीब-करीब बराबरी का बना दिया। इस चुनाव के नतीजों से ये तो तय हो ही गया कि लोकसभा में 2024 तक भाजपा , टीएमसी को भी पीछे छोड़ सकती है। भाजपा के इस प्रदर्शन के पीछे एक ख़ास बात थी। टीएमसी विरोधी वोट तेजी से भाजपा के पाले में एकजुट होते गए और सीपीएम व कांग्रेस का अस्तित्व ही गायब होने लगा। 2019 में जहां कांग्रेस सिर्फ दो, तो सीपीएम एक भी लोक सभा सीट नहीं जीत पाई।ममता बनर्जी को इसी बात का डर है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा सीट जीतने में टीएमसी से आगे नहीं निकल जाए। टीएमसी के पास लोकसभा में 2009 में 19, 2014 में 34 और 2019 में 22 सीटें थी। वोट शेयर की बात करें, तो टीएमसी को 2009 में 44.63त्र, 2014 में 39.05त्र और 2019 में 43.3त्र रहा था। वहीं भाजपा के पास लोकसभा में 2009 में एक सीट, 2014 में 2 सीट और 2019 में 18 सीटें थी। वोट शेयर की बात करें, तो भाजपा को 2009 में 6।14त्र, 2014 में 17.02त्र और 2019 में 40.7त्र रहा था। ये आकड़े बताते हैं किभाजपा पश्चिम बंगाल में लोकसभा के नजरिए से बहुत आगे बढ़ गई है और भाजपा के जनाधार में इसी तरह की बढ़ोतरी देखी गई तो 2024 में टीएमसी को पीछे छोड़ना ज्यादा मुश्किल का काम नहीं है।ये भी तय है कि पश्चिम बंगाल में हिन्दू-मुस्लिम के बीच वोटों के ध्रुवीकरण की वजह से भाजपा बड़ी ताकत बनते गई है। लेकिन सागरदिघी उपचुनाव के नतीजों से ममता बनर्जी को डर सता रहा है कि मुस्लिम वोट उसके पाले से निकलकर कांग्रेस के पास जा रहा है और अगर 2024 के चुनाव में भी ऐसा ही हुआ तो ये भाजपा के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। ममता बनर्जी की असली चिंता ये है कि अगर 2024 के चुनाव में कांग्रेस और सीपीएम अगर मिलकर टीएमसी के परंपरागत वोट में से थोड़ा बहुत भी हासिल करने में कामयाब रही है, तो भाजपा बहुत आसानी से टीएमसी से ज्यादा सीटें जीत लेगी। इसलिए वो राज्य की जनता को ये संदेश दे रही हैं कि 2024 में तृणमूल कांग्रेस का सिर्फ पश्चिम बंगाल के लोगों के साथ चुनावी गठबंधन होगा। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में 2024 में मुकाबले को टीएमसी बनाम भाजपा ही बनाए रखना चाहती है। इसमें वो कांग्रेस या सीपीएम को हिस्सेदार कतई नहीं बनाना चाहती है। अगर वो इन दलों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी तरह के गठबंधन का हिस्सा बनने को राजी हो जाती हैं, तो पश्चिम बंगाल में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त धुर्वीकरण हो सकता है और इसी को रोकने के लिए ममता बनर्जी को बार-बार कहना पड़ रहा है कि वो टीएमसी एकला चलो की नीति पर ही 2024 के चुनाव में उतर रही है ।सीपीएम और कांग्रेस के साथ दूरी बनाए रखना सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव के नजरिए से ही ममता बनर्जी की मजबूरी नहीं है। जिस तरह से 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदर्शन किया है, ममता बनर्जी कतई नहीं चाहेंगी किआगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा ऐसा प्रदर्शन कर दिखाए, जिससे यहां कि जनता आगामी विधानसभा चुनाव यानी 2026 में भाजपा को ही टीएमसी का विकल्प समझने लगे। ममता बनर्जी चाहती है कि वो 2024 में वो पश्चिम बंगाल से ज्यादा से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतकर चुनाव बाद भाजपा विरोधी मोर्चा या गठबंधन बनने के हालात में अपनी शर्तो को मनवाने की बेहतर स्थिति में हों। पश्चिम बंगाल में जो राजनीतिक हालात है, उसके लिहाज से ये तभी मुमकिन होगा जब ममता बनर्जी वहां की जनता में संदेश दे पाएगी कि अभी भी टीएमसी की विचारधारा सीपीएम और कांग्रेस विरोधी ही है। ये साफ है कि 2024 में ममता बनर्जी के सामने पश्चिम बंगाल के गढ़ को बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है और वो हर चुनावी रणनीति इसको जेहन में रखकर कर बनाएंगी। भले ही भाजपा विरोधी बाकी दल कुछ भी कहते रहें, ममता बनर्जी का एकला चलो का रवैया पिछले कई सालों से जारी है और इसी के दम पर वो पश्चिम बंगाल में टीएमसी का रुतुबा बचाए रखने में कामयाब भी होते रही हैं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# बदायूं नहीं, संभल से चुनाव लड़ना चाहते हैं शिवपाल

**अजय कुमार,लखनऊ**

समाजवादी पार्टी बदायूं लोकसभा सीट को लेकर गफलत में नजर हा रही है। चर्चा है कि एक बार फिर सपा आलाकमान ने वहां से शिवपाल यादव की उम्मीदवारी खारिज कर दी है। शिवपाल स्वयं चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे थे या फिर यह पार्टी आकाकमान का नेतृत्व है इस पर अभी स्थिति साफ नहीं हो पाई है। लोकसभा चुनाव को लेकर बदायूं में सपा की सियासत करवट पर सपा के दिग्गजों में हर स्तर पर दो तरह की राय सामने आई हैं। एक बड़ा वर्ग बदायूं से सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को फिर से उम्मीदवार बनाना चाहता है, जबकि सपा के ही कुछ नेता धर्मेंद्र यादव से नाराज बताये जाते हैं। वह उनको न लड़ाए जाने का आग्रह पिछले दिनों सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी कर चुके हैं। इसके बाद ही धर्मेंद्र यादव के स्थान पर शिवपाल सिंह यादव का नाम आया था। अब सपा के सूत्रों का कहना है कि खुद शिवपाल सिंह यादव बदायूं से चुनाव लड़ने के लिए उत्साहित नहीं हैं।

सूत्र बताते हैं कि शिवपाल की पहली पंसद संभल बताई जा रही है। सपा ने संभल शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया था,लेकिन उनका देहांत हो चुका है,जिसकी वजह से यहां नये उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। इसलिए पहले उनका बदायूं आगमन टला, फिर लगातार दूसरी बार उनके बेटे आदित्य यादव का भी दौरा टल गया। आदित्य यादव को अपने पिता शिवपाल यादव की चुनावी कमान संभालने के लिए यहां आना था। उनका दो बार दौरा लगा पर एक बार भी नहीं आए।संभल एक मुस्लिम



बाहुल्य सीट है और यहां से सपा कई चुनाव जीत चुकी है। सपाइयों ने बताया था कि आदित्य यादव का आज यानी 11 मार्च को बदायूं में आने का कार्यक्रम था, सपाइयों ने उनके स्वागत और चुनावी अभियान की शुरूआत को लेकर तैयारी बैठक कर ली, लेकिन एक दिन पहले 10 मार्च को उनका कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी सामने आई। इसकी पुष्टि सपा के स्थानीय पदाधिकारियों ने भी की। बताया गया कि आदित्य यादव का कार्यक्रम टल गया है। इससे अब उम्मीदवार बदले जाने की संभावना जताई जाने लगी है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि अब तक कोई चुनावी बैठक भी नहीं हुई है। फिलहाल, स्थानीय पदाधिकारियों की निगाहें नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं।

गौरतलब हो, बदायूं मुस्लिम और यादव बहुल सीट है। इसी समीकरण से किसी समय यह सपा की मजबूत सीट मनानी जाती थी, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को शिकस्त देने के लिए भाजपा ने संघमित्रा मौर्य को मैदान में उतारा था। धर्मेंद्र यादव हार गए थे। चुनाव के बाद सियासी घटनाक्रम बदलता रहा। संघ मित्रा के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में रहे। सपा में रहते केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर सियासी हमले किए। तब से भाजपा के अंदर उनकी बेटी के टिकट लेकर संशय हो गया है। पहली लिस्ट में नाम न आने पर संशय और बढ़ा है।

स्वामी प्रसाद मौर्या के सपा से नाता तोड़ने के बाद सपा आलाकमान बदायूं सीट को लेकर काफी गंभीर हो गया है। इस सीट को सपा ने अपने पाले में करने के लिए शिवपाल सिंह यादव को मैदान में उतारा है। यह अलग बात है कि शिवपाल सिंह के आने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरबानी, सपा राष्ट्रीय सचिव रहे आबिद रजा की चुनौती सामने आई है। दोनों ने सेक्युलर फ्रंट बनाकर सहसवान में बड़ी रैली की। इसके बाद सपा के लिए एक चुनौती सामने आ रही है।पार्टी बदायूं में जिस तरह से अंतरकलह से जूझ रही है,उससे लगता है कि सपा के लिये यहां चुनाव जीतना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

# रोज़गार से वंचित महिलाएं मजदूरी को मजबूर

हमारे देश में आबादी के अनुपात में रोजगार प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती है. चीन को पछाड़ कर हम आबादी के मामले में भले नंबर एक हो गए हों, लेकिन रोजगार के मामले में हमारी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और भी तेजी से बढ़ती नजर आ रही है. यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं. जहां पहुंच कर भी उन्हें प्रतिदिन रोजगार के लिए संघर्ष करनी पड़ती है. गाँव से पलायन करने वाले अधिकतर पुरुष शहरों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. कई बार पुरुष अकेले ही शहर कमाने आता है तो कई बार परिवार समेत शहर पलायन कर जाता है. ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इन सब में महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी?गाँव में ही रहकर महिलाओं को भी एक बेहतर रोजगार प्राप्त करना बहुत मुश्किल होता है. कई बार उन्हें केवल दैनिक मजदूरी ही मिलती है. हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने से महिलाओं को आमदनी हो जाती है. इसके अलावा सरकार द्वारा भी विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं. जिससे महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है. इसका एक उदाहरण राजस्थान के अजमेर जिला स्थित सिलोरा गांव भी है. जहां महिलाएं मजदूरी करने पर विवश होती हैं. हालांकि विभिन्न योजनाओं से जुड़कर वह आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं. किशनगढ़ तहसील से करीब 15 किमी दूर और अजमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर इस गाँव की आबादी लगभग 5526 है. सिलोरा पंचायत भी है, जिसके अंतर्गत 5 गाँव हैं. गाँव के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए पड़ोसी राज्य गुजरात के बड़ौदा, सूरत या अहमदाबाद पलायन करते हैं. कुछ स्थानीय मिनरल्स ग्राइंडिंग यूनिट (पत्थर के खदान) में भी काम करते हैं. जिन घरों के पुरुष पलायन करते हैं, उन घरों की महिलाएं इन्हीं यूनिट्स में काम करने को मजबूर हैं. जहां उन्हें प्रतिदिन 300 से 350 रुपए मिलते हैं. हालांकि यह यूनिट स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही खतरनाक होता है. इससे प्रभावित अधिकतर मजदूर एक जानलेवा सिलिकोसिस नामक बीमारी से घिर जाते हैं. जिसमें उनके फेफड़े प्रभावित हो जाते हैं. यह एक प्रकार की लाइलाज बीमारी है. जिससे ग्रसित मरीजों का अंत निश्चित है. इसमें मरने वाले मजदूरों के परिवार वालों को कोई मुआवजा भी नहीं मिलता है. हालांकि स्थानीय एनजीओ %ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था% के दखल के बाद से कई महिलाओं ने इस काम को छोड़कर आजीविका के अन्य साधन को अपना लिया है. इसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित ÷राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना÷ (राजीविका) प्रमुख है.इस संबंध में सिलोरा पंचायत स्थित गोदियाना गाँव की 38 वर्षीय संजू देवी बताती हैं कि %मेरे पति कुछ वर्ष पूर्व तक मिनरल्स इकाई में काम करते थे. जहां वह सिलिकोसिस बीमारी से ग्रसित हो गए और उनकी मृत्यु हो गई. उनकी मौत के बाद घर की आमदनी के लिए कई दिनों तक मैंने भी उसी जानलेवा इकाई में काम किया था. जहां पैसे कम और खतरा अधिक था. एक दिन मुझे ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के सदस्यों द्वारा राजीविका के संबंध में न केवल जानकारी दी गई बल्कि संस्था के सहयोग से मैं उससे जुड़ भी गई. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा जागरूकता से जुड़े कई ऐसे कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं जिससे कि इन इकाइयों में काम कर रहे मजदूरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ प्राप्त हो सकें.% संजू देवी बताती हैं कि पिछले दो वर्षों में लगभग 15 से 20 मजदूरों की सिलिकोसिस के कारण मौत हो चुकी है. अभी भी इस क्षेत्र में 20 से 22 श्रमिक इस गंभीर बीमारी की चपेट में हैं. जिनके इलाज का कोई साधन उपलब्ध नहीं है और वह धीरे धीरे मौत की तरफ बढ़ रहे हैं. घर में पैसे के लिए अब महिलाएं और बच्चे इस जानलेवा इकाई में काम करने को मजबूर हैं.हालांकि संस्था के प्रयास का प्रभाव धीरे धीरे दिखने लगा है. कई महिलाएं राजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं. राज्य सरकार द्वारा राजीविका के माध्यम से महिलाओं को साबुन बनाना और सेनेटरी नैपकिन बनाने के काम दिए जाते हैं.

इसमें महिलाएं समूह बनाकर इस कार्य को करती हैं. जिसमें उन परिवार की महिलाओं को शामिल करने का प्रावधान है जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है. इस संबंध में परियोजना के बीपीएम धर्मराज सिलोरा बताते हैं कि वर्तमान में यह परियोजना किशनगढ़ तहसील के 8 ग्राम पंचायतों डिंडवाड़ा, सिलोरा, बरना, काढ़ा, सरगांव, मालियों की बाड़ी, बांदरसिंदरी और टिकावड़ा स्थित 30 गांवों उदयपुर कल्ला, सिलोरा, काचरिया, उदयपुर खुर्द, गोदियाना, मालियों की बाड़ी, ढाणी पुरोहितान, जोगियों का नाडा, रारी, बीती, सरगांव, काढ़ा, मुंडोलाव, बालापुरा, गोरधनपुरा, टिकावड़ा, भुवाड़ा, रघुनाथपुरा, बांदरसिंद्री, खंडाच, खेड़ा कर्मसोतान, खेड़ा टिकावड़ा, कदमपुरा और रामपुरा की ढाणी में संचालित किया जा रहा है. जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़कर न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं बल्कि मिनरल्स इकाई जैसी जानलेवा काम से भी मुक्त हो रही हैं.लेकिन सरकार द्वारा आजीविका का यह माध्यम भी अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है. इस संबंध में संस्था के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि कई बार महिलाओं को काम के बाद भी उन्हें पैसा नहीं दिया जाता है. जो महिलाएं पैसे के बारे में मांग करती हैं तो उन्हें समूह से निकालने की धमकी दी जाती है. जिससे महिलाओं की आवाज़ बाहर निकल कर सामने नहीं आ पाती है. यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि महिलाओं के रोजगार से भी जुड़ा हुआ एक गंभीर मसला है. यदि सरकार द्वारा संचालित इस परियोजना को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं बनाया गया तो एक बार फिर से यह महिलाएं मिनरल्स जैसी जानलेवा इकाई में काम करने को मजबूर हो जाएंगी.

# संस्कार युक्त शिक्षा ही दे सकती है आदर्श नागरिक -अपर जिला जज

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** सनराइज कान्वेंट एवं पब्लिक इंटर कॉलेज खरगीपुर मांधाता के वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने प्रहसन के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण की सुरक्षा, एवं ध्वनि प्रदूषण आदि के प्रति उपस्थित जन समुदाय को जागरूक करते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए यह कितना आवश्यक है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल ने लोगों को प्राधिकरण के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समाज के गरीब व असहाय लोगों को न्याय



मिलने में आसानी हो इसलिए कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा ही देश को आदर्श नागरिक दे सकती है। अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करते हुए समय निकाल कर उनका सहयोग करना चाहिए। वार्षिकोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एडवोकेट विश्वनाथ त्रिपाठी तथा देवेश चंद्र त्रिपाठी ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता पर विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में पीसीएस अधिकारी बने शिवम द्विवेदी, निर्भय द्विवेदी व उनके भाई ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाया। कॉलेज के प्रबंधक सूर्य कुमार शुक्ला एडवोकेट ने विद्यालय की प्रगति के संदर्भ में अपने विचार साझा किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल जगदीश बहादुर सिंह राजकुमार शुक्ला सुरेश नारायण त्रिपाठी प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, एडवोकेट जैनुल हसन, पूर्व प्रधान उमेश सिंह विनोद कुमार सिंह अरुण कुमार शुक्ला सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडब्लूसी मेंबर वी. के. सिंह ने किया।

# गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 11.03.2024 को थानाध्यक्ष श्री राधेश्याम मय हमराह द्वारा थाना दिलीपपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 398,23 धारा 2,3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 वांछित अभियुक्त बसारत पुत्र कल्लू निवासी ग्राम राजापुर मुफ्रीद थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को ताला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# रुक्मिणी के अथाह प्रेम के आगे झुक गए भगवान श्रीकृष्ण - अरुणेश महराज

## श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन झूम उठे श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** जब भी प्रेम की बातें होती है तो राधा-कृष्ण के प्रेम का उदाहरण सबसे पहले आता है । राधा-श्रीकृष्ण के प्रेम को दिव्य आत्मा का मिलन कहा जाता है । लेकिन भागवत कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने विवाह रुक्मिणी से किया । आखिर क्यों ? क्योंकि रुक्मिणी के अथाह प्रेम को भगवान श्रीकृष्ण ठुकरा ना सके, और रुक्मिणी के प्रेम को स्वीकार कर, भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी से विवाह किया ।

उक्त बातें कथावाचक पंडित अरुणेश जी महाराज ने किशुनगंज बाजार के निकट स्थित बोझी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं के बीच कही । इस दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई



। जिसे देख पूरा पांडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा । भजन गीतों के सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे । कथा व्यास जी ने कथानक को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं । मुख्य यजमान शिवाकांत मिश्र व मृदुला मिश्रा के संयोजन में चल रही इस कथा में कथाव्यास जी ने अपनी सुमधुर, सरल व ओजस्वी वाणी से लोगों को कथा का रसपान कराकर लोगों भावविभोर कर दिया । रुक्मिणी विवाह प्रसंग को सुन लोग नाचने लगे, और खूब पुष्पवर्षा की । डा. विभाकर मिश्र व इं. सुधाकर मिश्र ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया ।इस दौरान मुख्य रूप से नरेन्द्र मिश्र, प्रेम नारायण मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, वीरेन्द्र मिश्र, गिरजा शंकर मिश्र सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें -रविन्द्र उपाध्याय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** 'बी आर सी सुखपाल नगर सदर प्रतापगढ़ में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डाइट मेंटर गर्विता ओझा सीडीपीओ सदर रविंद्र कुमार उपाध्याय खंड विकास अधिकारी सदर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ए आर पी धर्मेंद्र ओझा ने किया।खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की संकल्पना है कि कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के ना रहे सभी बच्चे शिक्षित हो उसमें आप सभी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सी डी पी ओ रविंद्र उपाध्याय ने कहा कि हम भविष्य की रचना करते हैं यदि हमारे बच्चे प्रारंभ से ही अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे तो निश्चित ही वे अच्छे नागरिक बन सकेंगे। डाइट मेंटर गर्विता ओझा ने कहा कि हम सब की यह जिम्मेदारी है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे हमारे बच्चे देश के भविष्य के निर्माण कर्ता बने ।एआरपी राजीव सिंह ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा की इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के 36 निपुण बच्चे एवं आंगनबाड़ी के 24 बच्चों को प्रमाण पत्र कॉपी मेडल जमेट्री बॉक्स देकर सम्मानित किया गया सदर ब्लाक के आठ निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया दो उत्कृष्ट शिक्षक दो शिक्षक संकुल एवं दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया सदर ब्लाक के पांचो एआरपी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश सिंहश् शशांक कुमार उमरवैश्य प्राची पांडे स्नेह कुमारी शुक्ला, अर्चना सिंह अरुण तिवारी चंद्रमणि तिवारी योगेश सिंह संजीव सोनी अंशिका गुप्ता रितु मिश्रा रुपेश तिवारी गरिमा गुप्ता एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# दुकान में आगजनी, हड़कम्प

**लालगंज,प्रतापगढ़-** दुकान में अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में पुरानी चौकी के बगल पंजाब बीज भण्डार की दुकान है। रविवार की देर शाम दुकान संचलक राममिलन दुकान बंद करके अपने खैरपूरे छेमी चला गया। देर शाम अचानक दुकान के अंदर से धुआ देखा गया तो आस-पास के व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे। सूचना पाकर राम मिलन भी मौके पर पहुंचा। फायर बिग्रेड और बाजार वासियों की मदद से आगजनी पर काबू पाया गया। आगजनी में दुकान में रखे सामान नष्ट हो गये।

# लीगल क्लीनिक में दी गई विधिक सहायता



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के आदेश एवं अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के निर्देशन में लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी पर तहसीलदार पट्टी मनोज कुमार राय सचिव तहसील विधिक सेवा समिति के नेतृत्व एवं राम प्रकाश पाण्डेय संचालक लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी के संयोजन में बाल सेवा योजना स्पॉन्सरशिप, किसान सम्मान निधि एवं वैवाहिक विवाद का आपसी सुलह समझौते से समाधान के संदर्भ में निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान गई।

# लोकसभा चुनाव लेकर जिलाधिकारी ने उठाया कदम

## वीडियो अवलोकन एवं लेखा टीम हेतु कार्मिकों को नामित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अनुदेश (जनवरी 2024) भारत निर्वाचन आयोग की व्यवस्थानुसार वीडियो अवलोकन टीम एवं लेखा टीम हेतु कार्मिकों को नामित कर दिया है। नामित कार्मिक निर्वाचन की घोषणा की तिथि से अनुदेश में दिये गये निर्देशों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करेगें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने रामपुरखास विधानसभा में वीडियो अवलोकन टीम में प्रभारी के रूप में वरिष्ठ सहायक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि के मुकेश कुमार तथा लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक अरूण कुमार यादव व भूमि कार्यालय संरक्षण अधिकारी द्वितीय के लेखाकार सुधाकर प्रसाद त्रिपाठी को नामित किया है। विधानसभा बाबागंज में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय उप निदेशक कृषि के वरिष्ठ सहायक अतुल कुमार श्रीवास्तव को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक नन्हें लाल सरोज व जितेन्द्र कुमार सिंह को नामित किया है।

विधानसभा कुण्डा में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड के वरिष्ठ सहायक कौशल किशोर साहू को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक मनोज कुमार अग्रहरि व संजय कुमार पाण्डेय को नामित किया है। विधानसभा विश्वनाथगंज में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड के वरिष्ठ सहायक महीश सिंह को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0 स्थानीय निधि के लेखा परीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय व वरिष्ठ लेखा परीक्षक लक्ष्मण रजक को नामित किया है। इसी प्रकार विधानसभा प्रतापगढ़ में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड-2 के वरिष्ठ सहायक धर्मेन्द्र कुमार को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक नवीन कुमार सिंह व जिला उद्योग प्रोत्साहन केन्द्र के लेखा परीक्षक सुनील कुमार बंसल को नामित किया है। विधानसभा पट्टी में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि के वरिष्ठ सहायक प्रशान्त राज गौड़ को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक राजीव आनन्द व हरिश्चन्द्र गौतम को नामित किया है।

विधानसभा रानीगंज में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड के वरिष्ठ सहायक मो0 समीम को व लेखा टीम में कार्यालय जिला ले0खा0परी0अधि0सह0समि0 एवं पंचायते के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक अनूप कुमार सिंह व कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के लेखाकार मुन्नीलाल को नामित किया गया है।

## 85 वर्ष की वाले मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की होगी सुविधा

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निदेशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिये पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने जनपद के 85 वर्ष की आयु वर्ग के ऊपर मतदाताओं को सूचित किया है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। फार्म-12डी निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 05 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ समापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरासुंदरपुर,प्रतापगढ़।** तिना चितरी स्थित घ् बूढ़ेश्वरनाथ आर एस वी एस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में सोमवार की समापन बेला पर संस्थान के छात्रों ने संगोष्ठी का आयोजन किया। मंदिर परिसर की साफसफाई किया।राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के बारे में संस्थान के छात्रों द्वारा क्षेत्रीय लोगों को जागरूक किया गया।शिविर के दौरान दोनों इकाई के कार्यक्रमाधिकारी हरिश्चंद्र एवं जीतेन्द्र कुमार यादव रहे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के व्यवस्थापक डा रणधीर सिंह रहे।छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गोष्ठी कार्यक्रम को समझाते हुए बताया कि शिविर में प्रतिभाग करने से छात्रों में सामाजिकता एवं सद्भावना का विकास होता है। इकाई प्रथम व ज्योति के छात्राओं ने स्वागत गीत वंदना गीत होली हुड़दंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। संस्थान के आँचल सिंह,लक्ष्मी शर्मा,जागृति पाण्डेय,प्रदीप पाण्डे, सुनील यादव ने स्वच्छता अभियान में प्रमुख योगदान दिया।संस्थान के प्राचार्य डा सतेन्द्र कुमार उपाध्याय,आर डी यादव,संदीप त्रिपाठी,राम कृष्ण मिश्र,सुरेश शर्मा,शिखा सिंह,सरोज यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के मोबाइल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने चोरी की मोबाइल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरन्तर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में आज दिनांक 11.03.2024 को थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री राजनारायण यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 65,2024 धारा 379,411 भादवि थाना रानीगंज से सम्बन्धित अभियुक्तों 1- सूरज सरोज पुत्र रामसुख सरोज निवासी ग्राम मधवापुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, 2-सत्यम बौध पुत्र मानिकचन्द्र बौध निवासी ग्राम संसरियापुर दुर्गागंज थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना रानीगंज क्षेत्र के रूपीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अदद चोरी की मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित 01 अदद चोरी की मोबाइल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई ।

# सरकारी डॉक्टर की मिली भगत से नर्सिंग होम का संचालन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह बाजार में सरकारी डॉक्टर की मिली भगत से आयुष हेल्थ केयर के नाम से बाकायदा नर्सिंग होम का संचालन वर्षों से हो रहा है साथ ही अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन लगाकर परीक्षण भी किया जाता है।

लगातार मिल रही शिकायत पर आज नगर पंचायत क्षेत्र के पूरे वैष्णव गांव के निवासी सत्येंद्र यादव पुत्र रामदीन यादव को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ राजेश यादव ने जांच करते हुए पकड़ा और अल्ट्रा साउंड मशीन समेत जेठवारा पुलिस के हवाले कर मुकदमा पाजीकृत कराया।

आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर सत्येंद्र यादव अल्ट्रा साउंड मशीन लगाकर भ्रूण परीक्षण करता है। और नर्सिंग होम में मरीजों को भर्ती कर इलाज भी करता है।जांच के दौरान मौके पर मरीज भी भर्ती पाए गए। नर्सिंग होम के बगल ही कथित डॉक्टर सत्येंद्र के पिता रामदीन यादव और उसका भाई सुरेंद्र यादव मेडिकल स्टोर का संचालन भी करते हैं।

बिना किसी प्रशिक्षण के पूरा कुनबा इलाज और जांच के नाम पर मरीजों का शोषण कर रहे हैं। स्थानीय अस्पताल के प्रभारी डाक्टर सब कुछ जानते हुए भी नजर अंदाज कर रहे हैं।

## भयहरण नाथ धाम में महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेला की समीक्षा बैठक 17 मार्च को

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भय हरण नाथ धाम में 24 वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेला की समीक्षा बैठक 17 मार्च को होगी। बैठक मे सभी संरक्षक सहित प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा मंदिर व मेला व्यवस्था समितियों को आमंत्रित किया गया है। नव भारती किसान संगठन के स्थानीय पदाधिकारी गण भी प्रतिभाग करेंगे। धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की 17 मार्च दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से होने वाली बैठक में मेला व महोत्सव व्यवस्था के सभी बिंदुओं पर चर्चा व संकलन करके आख्या तैयार कर सराहना व सुधार हेतु संबंधित विभाग को भेजी जायेगी। साथ ही सदस्यों व समितियों की भागीदारी की भी समीक्षा करके गुणात्मक सुधार किये जायेंगे। आगामी 25 वें महाकाल महोत्सव की हैअवधारणा व पृष्ठभूमि तय होगी। वहीं प्रति वर्ष परम्परागत रूप से धाम पर होने वाले होली उत्सव की तिथि व कार्यक्रम पर चर्चा कर निर्णय होंगे। धाम में पर्यटक सुविधा केन्द्र व किसान सहायता केंद्र के संचालन हेतु रणनीति तय होगी।

# तेज रफ्तार टाटा सफारी दुकान में घुसी, बाल बाल बचे लोग




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर राजगढ़ गांव के बबुरहा मोड़ के पास तेज रफ्तार टाटा सफारी अनियंत्रित होकर दुकान के अंदर जा घुस गई । जानकारी के मुताबिक दिलीपपुर कोट निवासी सूरज सिंह किसी कार्य से प्रयागराज गए थे। शाम को करीब 4,30 के आसपास लौटते समय राजगढ़ इलाके में चाय पान की दुकान चला रहे पंकज ओझा की बाइक को रौदते हुए घर के सामने किराने की दुकान चला रहे प्रदीप गुप्ता की गुमटी तथा सामान लेने खड़े लाइनमैन संगम लाल को टक्कर मारते हुए घर से जा टकराई। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई । मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज राहुल कुमार स्थानीय लोगों की मदद से अपने हमराही सिपाहियों के साथ लाइनमैन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाए ।तथा मौके पर क्रेन मंगा कर गाड़ी को अपने कब्जे में लेते हुए भूपियामऊ पुलिस चौकी ले गए। यह तो संयोग ही था कि उस समय दुकान पर ज्यादा भीड़ नहीं थी नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। प्रदीप गुप्ता के पिता की भी मौत कुछ वर्षों पूर्व घर के सामने ही ट्रक की चपेट में आने से हो गई थी। घर का इकलौता वारिस प्रदीप जीवन यापन करने के लिए घर के सामने ही दुकान चला रहा था। हादसे से उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 12 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई कालोनी स्थित पिम हाल शारदा सहायक खण्ड-51 प्रतापगढ़ में होनी प्रस्तावित है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण समय से प्रतिभाग करें।

## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

# चुनावी तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने की बैठक



**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज ब्लॉक अध्यक्षों की एक बैठक जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में इंदिरा भवन पर सम्पन्न हुई। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की गई। ब्लॉक अध्यक्षों को अपने अधीनस्थ न्यायपंचायत व बूथ स्तर के संगठन को तैयार रहने को कहा गया। संचालन नगर जिला उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने हेतु सभी साथियों को कमर कस लेनी होगी, और संगठन को चुस्त दुरुस्त कर तैयार रहना होगा।बैठक में नगर अध्यक्ष इरफान अली, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, अशोक सिंह, मो0 यूसुफ चरन सिंह यादव, बैजनाथ यादव, मो0 असलम, विवेक पांडेय, मेराज अंसारी, बृजेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, सुनीता सिंह पटेल, कृष्ण कुमार मिश्र, लल्लू राम प्रजापति, उत्सव भूषण पाल, अवधराज यादव, अश्वनी उपाध्याय, रामधन यादव सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# पालीथिन के प्रयोग से बचें - मैथिली सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समाज में निरंतर कुछ अच्छा करने को वसुधा फाउंडेशन प्रतिबद्ध हैं ।इसी कड़ी मे हम आज प्राइमरी विद्यालय चौहान बस्ती, रंजीतपुर चिलबिला मे थे जहाँ करीब सौ बच्चों और ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जी के मिशन स्वच्छता, आंखो दांत का रखरखाव पढने के सही तरीके बताने के साथ ही बच्चों तथा ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण और पालीथिन के प्रयोग से बचने की सलाह दी ।महासचिव मैथिली सिंह ने बच्चों को शपथ दिलाई की वो जीवन में पौधरोपण करते रहेंगे तथा पालीथिन के प्रयोग से बचेंगे साथ ही बेल



अमरूद, नींबू, करौंदा और छायादार पौधे बच्चों को कोषाध्यक्ष ललिता गुप्ता ने बांटे। स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका श्रीमती रचना, प्रीति और मंजू जी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही नौ लोगों की पिछले नेत्र शिविर में आंखे कमजोर पाई गई थी उन्हें चश्मे बांटे गए।

# पैदल मार्च करते हुए पुलिस ने दिखाई अपनी ताकत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत मिश्रित आबादियों में एरिया डोमिनेशन के तहत पैदल मार्च करते हुए पुलिस ने दिखाई अपनी ताकत। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में स्थानीय थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत एरिया डोमिनेशन के तहत थाना क्षेत्र के लीलापुर, साहबगंज, सगरासुंदर पुर, बाबूगंज आदि बाजारों व मिश्रित आबादियों में पुलिस ने पैदल गस्त



मार्च करते हुए अपराधियों को अपनी ताकत का एहसास कराया। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अपराधी अपराध की दुनिया छोड़कर सराफत में आ जाए क्षेत्र में कोई भी अपराधी किसी भी प्रकार की अपराध नहीं कर सकता है आगे उन्होंने जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में कोई भी आपराधिक किस्म का या संदिग्ध परिस्थितियों में ब्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दे सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा आप लोग बेफिक्र होकर रहें क्षेत्र में शांति व्यवस्था व लोगों की सुरक्षा ही मेरा कर्तव्य है । क्षेत्र की जनता के मान सम्मान व सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता / नि.–चतुर्थ / लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ सिंगल स्टेज दो पैकेट (ओपेन) में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | परियोजना प्रबंधन प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति "मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, प्लेटफार्म, एफओबी आदि" के कार्यों के लिए सेवा। गिट्टी आपूर्ति और पी.वे कार्य (लाइन स्लीपर, रेल को छोड़कर), एस एंड टी कार्य, दोहरीकरण के लिए ओएचई कार्य, जनरल इलेक्ट्रिक कार्य और अन्य संबद्ध कार्य प्रतापगढ़ (एक्ससीएल) से जंघई (एक्ससीएल) खंड के संबंध में कार्य जंघई –प्रतापगढ़–अमेठी (87 किमी) लखनऊ मंडल का दोहरीकरण उत्तर रेलवे" और "बाराबंकी के बीच तीसरी और चौथी लाइन का प्रावधान।"(छोड़कर)– मल्हौर (छोड़कर) स्टेशन (2/13.50 किमी) शामिल उत्तरी लखनऊ मंडल पर विद्युतीकरण एवं सिग्नलिंग कार्य रेलवे" ईपीसी मोड पर |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | उनतालीस महीने (निर्माण अवधि के 21 महीने +18 ईपीसी अनुबंध की दोष देयता अवधि के महीने) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1219.96 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 7,60,000.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाक 10.05.2024 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 10.05.2024 को समय 15:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाक 13.03.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 26.04.2024 से 10.05.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | प्री–बीड कॉन्फ्रेंस डिटेल्स | दिनांक 10.04.2024, समय 11:30 बजे स्थानः परियोजना प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ |
| 8 | प्रश्न (queries) प्राप्त करने का अंतिम दिन | 05.04.2024 |

**संख्या 67–टेण्डर / उप–मुख्य अभियन्ता / नि.–चतुर्थ / लखनऊ दिनांक 11.03.2024** **763/24**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



## कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कौशाम्बी

**पत्रांक : 2090/लेखा/भूसा टेण्डर/2024–25** **दिनांक 09.03.2024**

### ई–निविदा

जनपद कौशाम्बी के समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश की उदरपूर्ति हेतु वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) की अवधि तक गेहूं का भूसा एवं हरा चारा की दरों का निर्धारण हेतु सेवा प्रदाता/एजेन्सियों के चयन हेतु ई–निविदा दिनांक 16.03.2024 समय 02.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की गयी है। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्मो/एजेन्सियां आनलाईन निविदा उ0प्र0 की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी/नियम एवं शर्ते वेबसाईट अथवा कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते हैं।

(डा0 ए0के0 सागर)
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
कौशाम्बी



(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 718/2023
नाम फरीकेन रेनू आयु 24 वर्ष पत्नी प्रमोद कुमार पाण्डेय पुत्री चन्द्रशेखर उपाध्याय निवासी ग्राम पिपरा मडियाहँ जिला जौनपुर उ0प्र0 हाल मुकाम ग्राम भरोखन थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़
बनाम
प्रमोद कुमार आयु 28 वर्ष सुत बृजभूषण पाण्डेय निवासी ग्राम पिपरा पोस्ट मोकलपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर
अन्तर्गत धारा 128
तारीख पेशी 16.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं- जिलाधिकारी




**मीरजापुर।** आगामी लोकसभा चुनाव सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर बिन्दुवार तैयारियो की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में लगाये जाने वाले कार्मिको के सम्बन्ध में समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी का पूरा विवरण एनआईसी को अविलंब भेजने के साथ ही किसी का नाम न छोड़ने की बात कही।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि विभागो से प्राप्त कार्मिको की संख्या के आधार पर उनकी फीडिंग करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त मतदेय स्थलो के सापेक्ष लगायी जाने वाली कार्मिको की संख्या तथा कुल कार्मिको की संख्या की संख्या के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होने कहा कि ई0वी0एम0 सहित पूरी मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण प्रत्येक कक्षवार टीम बनाकर पीठासीन अधिकारियों को ई0वी0एम0 मशीन चलाकर प्रशिक्षित किया जाय। माईक्रो आब्जर्वर, उड़न दस्ता, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा ली जाय।

लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार के बड़े स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जाएं इसके तहत साइकिल एवं बाइक रैली, दिव्यांग बंधुओ की व्हील चेयर रैली, चुनाव पाठशाला का आयोजन, पेटिंग चित्रकला उवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, जनपद के लोकप्रिय गायक व गायिकाओं के मतदान के प्रति संदेश गीत की रिकार्डिंग सहित अन्य व्यवस्थाए करते हुये अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिगत लोगो में जागरूकता लायी जाय। उन्होने कहा कि युवाओं के अलावा महिलाओं की भी वोटिंग में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस कार्मिकों की संख्या, उनके लिये भारी एवं हल्के वाहन, यातायात व्यवस्था, बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने की व्यवस्था एवं रुकने के स्थान पर समुचित पेयजल, शौचालय प्रकाश आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित करते हुये कहा कि अपने स्तर पर भी सभी स्कूलो का सत्यापन करा लें। ईधन हेतु पेट्रोल पम्पो तथा मतदान केन्द्रो व अन्य व्यवस्था हेतु भवनो का अधिग्रहण, प्रेक्षक के लिये लाइजनिंग आफिसर, उनके रुकने की व्यवस्था, पोस्टल, बैलेट की व्यवस्था, मीडिया प्रमाणीकरण, वेब कास्टिंग, प्रत्याशियों हेतु व्यय लेखा टीम, उड़नदस्ता, एफ0एस0टी0 टीम, कार्मिको के पास आदि की व्यवस्था के लिये समस्त व्यवस्थाये सभी सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करा लें ताकि चुनाव की घोषणा होते ही सभी टीमो को सक्रिय किया जा सके। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकरी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, प्रभारी अधिकारी कानून व्यवस्था, मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी आर्दश आचार संहित/शिकायत/मानिटरिंग सेल सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/प्रभारी अधिकारी सर्विस वोटर व मीडिया प्रमाणीकरण तथा नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी वाहन लाल बहादुर सिंह ने अपने-अपने कार्यो के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सि0नि0सं0 12/2021
नाम फरीकेन केवला देवी आदि बनाम माता प्रसाद आदि
बनाम
मृतक दौरान मुकदमा आशिक अली 4/1 नजमें हसन उम्र लगभग 60 वर्ष 4/2 मो0 अयूब उम्र लगभग 58 वर्ष 4/3 मो0 आसिफ उम्र लगभग 56 वर्ष सुतगण आशिक अली 4/4 मोमिना बेगम उम्र लगभग 80 वर्ष विधवा आशिक अली समस्त निवासीगण ग्राम व पो0 ताला पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# मंडलायुक्त ने किया जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण

**चित्रकूट:** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व पुलिस गार्ड द्वारा आयुक्त चित्रकूट को सलामी दी गई।

मंडलायुक्त ने आईजीआरएस, ईडीएम, न्याय सहायक, समग्र प्राधिकारी भूमि अध्यप्ति, रामबन गमन पथ, भूमि व्यवस्था पटल, आंग्ल अभिलेखापाल, दैवीय आपदा, आयुध सहायक, राजस्व अभिलेखागार, सदर मालखाना, स्टोर रूम, जल जीवन मिशन के अंतर्गत चांदी बांगर एवं सिलौटा मुस्तकिल के मॉडल का निरीक्षण किया। आइजीआरएस में उन्होंने रजिस्टर का अवलोकन किया



एवं निर्देशित किया कि फीडबैक लेकर रजिस्टर भी अपडेट करें। उन्होंने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि जिन लेखपालों द्वारा गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, उन पर कार्यवाही करें।

जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि हर गुरुवार को संतुष्टि समाधान के रूप में मनाया जाता है। मंडलायुक्त ने कहा कि किसान दुर्घटना के पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाए। उन्होंने न्याय सहायक पटल का भी अवलोकन किया एवं अलमारी को खुलवाकर फाइलों का रखरखाव देखा। उन्होंने भूमि व्यवस्था पटल का भी निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त ने डीएलआरसी को निर्देशित किया कि पुरानी लम्बित जो पत्रावलियां है, उसमें निर्णय लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करें। उन्होंने कृषक दुर्घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि अगर शासन से धनराशि नहीं आयी है तो शासन से मांग कर भुगतान करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थी को तत्काल सहायता दिया जाए बिलंब न करें। इसके बाद उन्होंने दैवीय आपदा पटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फसल नुकसान की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि इसमें शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित निस्तारण कराए। उन्होंने सदर मालखाना पटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नजिर कलेक्टरेट को निर्देशित किया कि जो सामग्री उपयोग में नहीं है, उसे नीलाम कराएं। उन्होंने स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया एवं सदर नजिर को निर्देशित किया कि जो अभिलेख रखे हैं, उसकी एक लिस्ट बनाकर चस्पा करें। साथ ही निर्देशित किए जो अधिकारी अभिलेख ले जाएं वह 7 दिन के अंदर जमा करें।

इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भरवारी की पालिसी संख्या 312318606 मे त्रुटिवश नाम ऋषि उर्फ उज्वल सिंह अंकित है। जबकि मेरा नाम आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में आयुष सिंह दर्ज है। अतः भविष्य में आयुष सिंह को दोनो ही नाम से जाना व पहचाना जाए ।

आयुष सिंह पुत्र अनुज सिंह
पता- वार्ड नंबर नौ , नगर पंचायत अजुहा
तहसील-सिराथू
जनपद-कौशाम्बी


# राष्ट्रीय महामंत्री के गिरफ्तारी पर ममता सरकार का फूका पुतला



**प्रतापगढ़** –अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के कार्यकर्ताओं ने चौक घंटाघर पर पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी सरकार का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया।काशी प्रांत इंटर कालेज संयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा की पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता सरकार द्वारा संरक्षित तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय महिलाओं का शारीरिक एवं मानसिक शोषण के विरोध एवं घृढित अपराध करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर विद्यार्थी परिषद देश व्यापी आंदोलन कर रही है। जिसके सापेक्ष पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विरोध मार्च निकाल कर आंदोलन कर रहे थे लेकिन ममता सरकार द्वारा पोषित पुलिस प्रशासन भी घृणित कार्य पर उतर आई और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर निर्दयतापूर्ण लाठीचार्ज कर जबरन अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क शुक्ल,केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुब्रत अधिकाय एवं अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले गई। ऐसा घृणित कार्य ममता बनर्जी सरकार का महिला सुरक्षा के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है साथ ही यह भी दिखाता है की राज्य में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान में ममता सरकार अक्षम हो चुकी है। जिला सहसंयोजक बाला जी ओझा ने कहा की ममता बनर्जी का एक महिला होने के बाद भी नारी सम्मान को अपने पाले गए गुर्गो द्वारा तार तार करना महिला विरोधी प्रवृत्ति को दर्शाता है। बंगाल में कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी से पूरे देश भर में ममता सरकार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा। विद्यार्थी परिषद अंतिम न्याय तक की लड़ाई लड़ती रहेगी।इस दौरान अनिकेत तिवारी,अंकित शुक्ला,ध्रुव शुक्ला,राहुल मौर्या,रोहित उपाध्याय,अभिनव श्रीवास्तव,सोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड फ़ौजी का किया गया सम्मान



**लीलापुर-प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हण्डौर पूरे शुक्लन निवासी अश्वनी शुक्ल भारतीय सेना से सेवा मुक्त हुए,तो गांव आने पर गांव के लोगो ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद कर व अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय शुक्ल, राममूर्ति शुक्ल, सीतला प्रसाद शुक्ल, नागेंद्र भूषण शुक्ल, बृजेश शुक्ल, प्रबंधक अभय शुक्ल, डा. दिवाकर शुक्ल, मदन शुक्ल, नंदकिशोर शुक्ल, रामनिवास शुक्ल, मनोज शुक्ल, रामजी शुक्ल,दीपक शुक्ल,विभूति शुक्ल एडवोकेट,सहित सम्पूर्ण कनैल परिवार मौजूद रहा। समाजसेवी संजय शुक्ल ने कहा बॉर्डर पर सैनिक दिन रात बिना अपनी जान की चिंता किए देश की रक्षा करते है, तभी हम लोग यहां सुरक्षित है।वही अश्वनी शुक्ल ने कहा की यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे अपने भारत देश की सेवा करने का अवसर मिला। आगे भी जब हमें भविष्य मे कभी अपने देश के लिए सेवा का अवसर प्राप्त होगा,तन मन धन से तैयार रहेंगे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दस घायल , दो गंभीर

**कुंडा- प्रतापगढ़।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों को चोटे आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से दो लोगों को रेफर किया गया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के सराय खानदेव निवासी सचिन गौतम 19 वर्ष पुत्र कल्लू गौतम, प्रदीप मौर्या 18 वर्ष पुत्र संतलाल मौर्य तथा सूबेदार का पुरवा निवासी संजय प्रजापति 18 वर्ष पुत्र श्याम बिहारी प्रजापति तीनों लोग एक बाइक से वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए एक साथ बाइक से जा रहे थे। रास्ते में हीरागंज बाजार नगर पंचायत क्षेत्र के बैरागी निवासी बल्लू यादव 30 वर्ष पुत्र जियालाल यादव ई रिक्शा चालक अचानक रिक्शा को मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार टकराकर सड़क पर गिर कर घायल हो गए।


(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय लालगंज दप्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
परिवाद 455/23
नाम फरीकेन नूर अहमदी बनाम मो0 अनस आदि
बनाम
1. मो0 अनस उम्र लगभग 27 वर्ष सुत मो0 नसीम (पति) 2. मो0 नसीम उम्र लगभग 38 वर्ष सुत मरहूम मो0 रफीक (ससुर) 3त्र सलमा बेगम उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी मो0 नसीम (सास) 4. मो0 शारिफउम्र लगभग 25 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 5. मो0 फैशल उम्र लगभग 24 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 6. मो0 अमन शाद उम्र लगभग 21 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 7. रिजवाना उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्री मरहूम मो0 सगीर (चचेरी ननद) समस्त निवासीगण पंचायत सिटी सैय्यदन मोहल्ला कोतवाली सिटी प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 04.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04066/04065 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सुपरफास्ट ए.सी. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:20 | -- |
| 16:00 | -- | पटना जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (सोमवार एवं गुरूवार) एवं **04065 पटना जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – बरौनी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08:50 | दिल्ली जं. | 07:35 | -- |
| 06:30 | -- | बरौनी जं. | -- | 08:00 |

**चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं.** से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) एवं **04061 बरौनी जं.** से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (सोमवार)।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**04518/04517 चंडीगढ़ – गोरखपुर जं. – चंडीगढ़ आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04518 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04517 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:15 | चंडीगढ़ | 14:10 | -- |
| 18:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 22:05 |

**चलने की तिथि : 04518 चंडीगढ़** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (गुरूवार) एवं **04517 गोरखपुर जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य।
**ठहरावः** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**04060/04059 आनन्द विहार टर्मिनल – जयनगर – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04060 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04059 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:55 | -- |
| 15:15 | -- | जयनगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 04060 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04059 जयनगर** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार)।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**01664/01663 आनन्द विहार टर्मिनल – सहरसा जं. – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01664 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:10 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:55 | -- |
| 11:20 | -- | सहरसा जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 01664 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) को एवं **01663 सहरसा जं.** से दिनांक 27.03.2024 (बुधवार) को।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:45 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:05 | -- |
| 05:20 | -- | जोगबनी | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.03.2024 (मंगलवार) को एवं **04009 जोगबनी** से दिनांक 28.03.2024 (गुरूवार) को।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** गाजियाबाद जं., मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशन।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04068 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04067 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:40 | -- |
| 16:30 | -- | दरभंगा जं. | -- | 18:00 |

**चलने की तिथि : 04068 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04067 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार) को।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं. एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – सीतामढ़ी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04004 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04003 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:10 | नई दिल्ली | 01:30 | -- |
| 22:00 | -- | सीतामढ़ी जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04004 नई दिल्ली** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04003 सीतामढ़ी जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** मुरादाबाद, बरेली, शाँहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, एवं बैरगनियां स्टेशन।

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# निर्माणाधीन सड़क में अनियमितता देख भड़के विधायक

## एक्सईएन को फोनकर कहा कपंनी को ब्लैक लिस्टेड कर जेई-एई को करें सस्पेंड

लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** इसौली से सपा विधायक ताहिर खान सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के धरायें में बन रही सड़क का निरिक्षण किया। मिट्टी-गिट्टी का संयुक्त मिश्रण देखकर विधायक का पारा चढ़ गया।

उन्होंने मौके से एक्सईएन को फोन लगाया। विधायक ने कहा ठेकेदार जो भी हो उसके खिलाफ एक्शन लेकर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कीजिए। एक्सईएन साहब आप आकर देखे इस सड़क को जेई और एई को सस्पेंड कीजिए। विधायक ताहिर खान ने सीएचसी बल्दीराय व तहसील बल्दीराय का का भी निरीक्षण किया। विधायक के निरिक्षण से दोनों ही सरकारी संस्थानों में हड़कंप मच गया। मीडिया से बात करते हुए विधायक ताहिर ने कहा कि तहसील में बिल्डिंग निर्माण चल रहा है। इसमें नींव का निर्माण चल रहा था जो देखना जरूरी था ताकि सैकड़ों साल बिल्डिंग चल जाए।यहां बिल्डिंग का निर्माण सही



चल रहा है। सीएचसी में दवाओं को चेक किया, जिसमें कुछ दवाएं तो अच्छी कंपनियों की इस्तेमाल हो रही हैं लेकिन कुछ कंपनियों की दवाओं का इस्तेमाल हो रहा वो सही कंपनियां नहीं हैं। सीएचसी में एक्सरे मशीन मौजूद है लेकिन यहां टेक्नीशियन नहीं है, इसके लिए मैने सीएमएस से कहा है आप डिमांड कीजिए।अगर परमानेंट नहीं मिलता है तो संविदा पर लेकर आइए। वही विधायक ने अपनी विधान सभा क्षेत्र के धराएं में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित हो रही सड़क का निरिक्षण किया। विधायक ने बताया कि वहां गिट्टी के साथ मिट्टी मिली थी इस पर हमने एक्सईएन को बोला है कि क्विक एक्शन लें। हमने उनसे कल तक रिपोर्ट मांगा है। जो कंपनी काम कर रही है हम उसे अपनी विधानसभा में काम नहीं करने देंगे।

## रमजानुल मुबारक की तैयारियॉं जोरों पर

**सुल्तानपुर।** रमजान के मौके पर सभी मस्जिदों की साफ सफाई करके तैयारी पूरी कर ली गयी है और मंगलवार से पहला रोजा शुरू हो रहा है। रमजान एक पवित्र महीना है जिसको साल भर से हर रोजेदार को इन्तेजार रहता है। रमजान में हर रोजादार खुदा का मेहमान होता है सुबह भोर में सहरी करके दिनभर भूख और प्यास की हालत में रोजा रखकर शाम को सूरज डूबने के बाद अफ्तार किया जाता है। साल भर की इबादत और रमजान के एक माह की इबादत में बहुत सवाब है। रोजा रख कर नमाज और कुरान की तलावत करने में सत्तर गुना सवाब है और एक माह रोजा रखकर इबादत करने पर इन्सान हर गुनाह व बुराई से दूर रहता है और उस का दिल बहुत खुश रहता है खुदा ने रोजा रखने का इसलिए आदेश दिया है कि लोगों को गरीबों की जिन्दगी का एहसास हो सके और भूखे प्यासे गरीबों की मदद लोग कर सके। एक माह रोजा रखने के बाद फित्रा निकाला जाता है जो गरीबो को दिया जाता है ताकि उनकी भी ईद हो सके इसकी जानकारी हैदर अब्बास खानअध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुरी ने दी है।

# समाजवादी पार्टी छात्र सभा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## धनंजय सिंह को बरी किए जाने की उठाई मांग, महंगाई और भर्ती पर सरकार को घेरा



**सुल्तानपुर।** सोमवार को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। बैनर पोस्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस व कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक व झड़प भी हुई। सात सूत्रीय एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष वैभव मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तो इन्हें रोकने में पुलिस प्रशासन फेल रहा। सीओ सिटी शिवम मिश्रा, नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी किया। राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय एक मांग पत्र भी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। मांग पत्र में इस बात का उल्लेख है कि धनंजय सिंह को जेल भेजा गया है। हम कोर्ट के फैसले को मानते हैं लेकिन देश जानता है कार्यपालिका और न्यायपालिका पर दबाव बढ़ता जा रहा है। सरकार के दबाव में उन नेताओं को जेल भेजा जा रहा है जो जनता की आवाज बन रहे। ऐसे में उनके दोष पर पुनः जांच कर उन्हें बरी किया जाए। वही पेपर लीक को मुद्दा बनाते हुए पेपर लीक के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम की मांग की गई है। परीक्षा केंद्र 40 किमी की रेंज में रखा जाए इससे ऊपर केंद्र बनने पर यात्रा भत्ता दिए जाने की मांग की गई है। उधर महंगाई के मुद्दे को भी जोर शोर से उठाया गया है। कानपुर में नाबालिग चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप के मामले में दोषियों पर कार्रवाई के साथ 5 करोड़ मुआवजा व परिवार को नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। ये भी मांग की गई है कि सरकारी विभागों में पद रिक्त पड़े हैं उन्हें सार्वजिक कर भर्ती निकालकर नकल विहीन परीक्षा कराकर पदों को भरा जाए।

# चोरों ने पांच लाख के गहने व 25 हजार नकदी पर किया हाथ साफ



लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा होना शुरू हो गया है। लंभुआ, कोतवाली नगर थानाक्षेत्र की घटनाओं के बाद अब दोस्तपुर में चोरों ने लाखों की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दिया है। दोस्तपुर के अलहदादपुर में एक घर चोरों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात व 25 हजार नगदी पार किया है।

दोस्तपुर के अलहदादपुर गांव निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर दी है। पीड़ित धीरेंद्र पुलिस को जानकारी दी है कि बीती रात अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए। इसके बाद चोरों ने कमरे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर अलमारी, सूटकेस में रखे 5 लाख कीमत के जेवरात व बेड में रखी 25 हजार की नगदी लेकर भाग निकले। हमारे भतीजे की पत्नी भोर में उठी तो घटना के बारे में हम सबको जानकारी हुई। इसकी सूचना हमने फोन से पुलिस को दिया। पीड़ित ने बताया कि जब पुलिस आई और जांच शुरू किया तो घर के बाहर में खेत में अलमारी व दो सूटकेस पाया गया है। चोर सोने का मंगल सूत्र, सोने का दो हार, पांच अंगूठी, तीन झाला, तीन सोने की चेन, दो झुमका व अन्य गहने लेकर गए हैं। इस मामले में एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आकाश जिला अध्यक्ष व अंकित युवा जिला महामंत्री मनोनीत

**सुल्तानपुर।** जनपद में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हित के लिए आवाज उठाने का कार्य करता है, जिस वजह से जनपद के प्रत्येक व्यवसायी संगठन में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।



इसी क्रम में जिला कार्यकारिणी की एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह के अनुमोदन पर सतनाम सिंह बग्गा को जिला युवा प्रभारी एवं आकाश जायसवाल अक्कू को युवा जिला अध्यक्ष व अंकित अग्रहरि को युवा जिला महामंत्री का मनोनयन जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोठिया व वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने प्रदान किया। वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने जिला युवा अध्यक्ष व जिला युवा महामंत्री को अति शीघ्र पूरी कार्यकारिणी गठित कर सूची उपलब्ध कराने की हिदायत दी, ताकि जल्द से जल्द जिले की अन्य इकाइयों, बाजारों एवं तहसीलों का गठन किया जा सके। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिस पर जिला कार्यकारिणी द्वारा जल्द ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष साहू, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बरनवाल,जिला सह प्रभारी प्रमोद अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष अंकुर तिवारी, जिला मंत्री अरविंद पांडेय, नगर उपाध्यक्ष नारायण राय, नगर उपाध्यक्ष चंद्र देव मिश्रा आदि कई पदाधिकारीगण उपस्थिति रहे।

# कटका-मायंग मार्ग का जीर्णोद्धार शुरू, विधायक ने किया भूमिपूजन

लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** टेढुई से गोलाघाट तक फोरलेन सड़क का भूमि पूजन सोमवार को भाजपा विधायक विनोद सिंह ने किया। वही लंबे समय कटका मायंग सड़क के जीर्णोद्धार की मांग का सपना भी आज साकार हुआ, विधायक ने इस सड़क का भी विधि विधान से भूमि पूजन किया है।

विधायक ने टेढुई तिराहे पहुंचकर बहुप्रतीक्षित गोलाघाट से टेढुई तक बनने वाली फोरलेन सड़क का भूमि पूजन किया। राज्य योजनान्तर्गत बनने वाली इस सड़क की लंबाई करीब 2.7 किलोमीटर है, जिसमें करीब 6739.82 लाख रुपयों का खर्च आएगा। यहां के बाद पूर्व मंत्री कटका पहुंचे जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड से बनने वाले कटका मायंग मार्ग का विधि विधान से भूमि पूजन किया। वर्षो से जर्जर हो चुकी इस सड़क को सही करवाने की लोग लंबे अरसे से मांग करते चले आ रहे थे। बहरहाल आज भूमि पूजन के बाद इस मार्ग पर चलने वालों ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया है। इससे पूर्व सोमवार को विधायक विनोद सिंह ने आवास पर जनता जनार्दन से मुलाकात की। इस दौरान न सिर्फउन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी बल्कि उसका निस्तारण भी किया। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार नवनीत सिंह सोनू, संतोष मणि त्रिपाठी अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, ज़िला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत पांडेय, प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख कूरेभार प्रदीप सिंह, प्रधान अमऊ बबलू, प्रधान धर्मदासपुर शंकर मिश्रा, रतापुर प्रधान अम्बुज तिवारी, प्रधान मोनू चतुर्वेदी, प्रधान बहादुरपुर विजय बाबा, प्रधान सराय गोकुल मनीष तिवारी, बहरौली प्रधान सोनू सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता दूतों ने घेरा कोतवाली, नहीं उठाए कूड़े

## अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों ने की थी हाथापाई,काफी मान मनौव्वल के बाद काम पर पलटे

लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान व्यापारियों द्वारा स्वच्छता दूतों से हाथापाई व पिटाई के मामले में सोमवार को दूसरे दिन नगर क्षेत्र के सभी वार्ड कूड़े की ढेर से अटे रहे। इस दौरान नगर पालिका से प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता दूत कोतवाली पहुंचे। यहां घंटों मान मनौव्वल और जद्दोजहद के बाद स्वच्छता दूत जाकर माने। गिले शिकवे दूर कर स्वच्छता दूत काम पर वापस लौटे हैं।

बता दें कि सोमवार को नगर पालिका से स्वच्छता दूत प्रदर्शन करते हुए सड़क पर उतर आए। स्वच्छता दूत सैकड़ों की संख्या में कोतवाली पहुंचे और घेराव कर दिया। सभी दो स्वच्छता दूतों की पिटाई के मामले में कार्रवाई पर अड़ गए थे। दरअस्ल रविवार को कोतवाली नगर के शाहगंज से चौक मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के



दौरान व्यापारियों के साथ मौजूद अराजकतत्वों ने स्वच्छता दूतों से अभद्रता व हाथापाई की थी। सफाई कर्मचारी अध्यक्ष संतोष चौधरी का आरोप था कि इसमें दो सफाई कर्मियों को चोटे आई थी। इसके बाद सफाई कर्मी नगर पालिका में धरने पर बैठ गए थे। उधर सुबह से शहर में स्वच्छता दूतों ने कूड़े नहीं उठाए तो सफाई व्यवस्था चरमरा गई। बाद जब कोतवाली पर सफाई कर्मियों का घेराव हुआ तो सीओ सिटी शिवम मिश्रा व एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद आदि अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पूर्व सभासद व कांग्रेस नेता अमोल बाजपेयी आदि ने मध्यस्थता की बातचीत का लंबा दौर चला तब कही जाकर स्वच्छता दूत माने और गिले शिकवे दूर कर काम पर लौटे। नगर पालिका के ईओ लाल चंद ने बताया कि व्यापारियों और सफाई कर्मियों को बुलाकर आपस में सामंजस्य बना दिया गया है। सफाई कर्मियों को जहां निर्देशित किया गया है कि वे सावधानी से काम करेंगे वही व्यापारियों से कहा गया है कि दुकान से बाहर सामान नहीं रखेंगे।

## बेकाबू कार पेड़ से टकराकर गड्ढे में गिरी, तीन की मौत

**फतेहपुर।** जनपद में सोमवार सुबह मार्ग दुर्घटना में एक बेकाबू कार गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा रोड पर तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सदर कोतवाली के आवास विकास निवासी गौरव सचान (28), जमालपुर मवईया निवासी मयंक सचान और पीएसी गेट निवासी शिवम गुप्ता की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच की।परिजन गुलाबचंद ने बताया कि सभी फतेहपुर में गोद भराई समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शुक्रवार की सुबह साढ़े चार बजे परिवार को सूचना मिली कि कार दुर्घटनाग्रस्त में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हैं।

# पब्लिक एड्रेस सिस्टम खोलेगा अपराध का राज

## प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन में चोरी रोकने को नई पहल

**सुलतानपुर।** पब्लिक एड्रेस सिस्टम के तहत अपराध पर लगाम लगाने की विशेष पहल सुल्तानपुर में जागरूक प्रधान द्वारा की गई है। पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में रात में कर्मचारियों की गैर मौजूदगी को देखते हुए होने वाली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए यह विशेष पहल शुरू की गई है। आपको बता दें कि सोलर लाइट से संचालित घूमने वाला अत्यधिक सीसीटीवी कैमरा शहर से सटे कटावां ग्राम पंचायत में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाया गया है। स्थानीय प्रधान रिंकू सिंह की पहल पर ग्राम पंचायत निधि से पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय को सुरक्षित करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। जो पूरी तरीके से सौर ऊर्जा पर आधारित है। सूर्य की रोशनी में सोलर पैनल बैटरी को चार्ज करेंगे और दिन भर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के इस कैमरे को आवश्यक बिजली उपलब्ध कराएंगे।



रात के अंधेरे में चार्ज बैटरी के जरिए लगातार पब्लिक एड्रेस सिस्टम पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय समेत आने जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखेगा। ग्राम प्रधान रिंकू सिंह ने बताया कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम सोलर पैनल पर आधारित है। अभी एक पैनल ग्राम पंचायत में स्थापित किया गया है। इसकी लागत धनराशि ₹20000 सामने आई है। ग्राम पंचायत के 30 स्थान को चयनित किया गया है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय, लड़कियों के विद्यालय, इंटर कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र समेत अन्य सार्वजनिक स्थल और प्रमुख चौराहे शामिल हैं। रात के अंधेरे में यह फ्लैश रोशनी प्रकाशित करते हुए आने जाने वाले की फोटो कैद करता है। प्रथम दृश्य इसका प्रयोग सफल रहा है। पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में होने वाली चोरी को रोकने के लिए हमने इसकी शुरुआत की है।

# एडूलीडर्स रामोत्सव शैक्षिक समागम में रेशू पांडेय को मिला सम्मान

## उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं संवाद की प्रस्तुति पर मिला सम्मान

**बलरामपुर।** बुनियादी शिक्षा मजबूती को लेकर निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया की सहायक अध्यापिका रेशू पांडेय ने अपनी उपलब्धि का श्री अयोध्या धाम के एडु लीडर्स रामोत्सव शैक्षिक समागम में भी बरकरार रखा है। जिले की प्रतिभाशाली अध्यापिका को अयोध्या में आयोजित साहित्यिक संस्कृत मंच पर उत्कृष्ट शिक्षक कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है यह सम्मान बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं साहित्य संस्कृति मंच के संयोजक आशुतोष तिवारी ने दिया है ।

रविवार देर शाम श्री अयोध्या धाम में आयोजित एडु लीडर्स राम उत्सव शैक्षिक समागम एवं गुरु वशिष्ट के राम विषयक संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के 75 जिले के 102 अध्यापकों ने प्रतिभा किया इनमें जिले से सदर ब्लॉक की प्राथमिक स्कूल इमलिया की सहायक अध्यापिका रेशू पांडे भी शामिल है इन्हें गुरु वशिष्ठ का भगवान राम के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा विषय पर संगोष्ठी में बोलने का अवसर मिला संगोष्ठी में अपने ओजस्वी संवाद से उपस्थित



जनसमूह को प्रभावित कर दिया इसके बाद उत्तर प्रदेश को निपुण बनाने के लिए विभिन्न शिक्षकों ने अपने विचार रखें जिसमें उनके भी विचार सर्वोच्च रहे हैं साहित्य समागम में जिले की बुनियादी शिक्षा एवं निपुण भारत लक्ष्य हासिल करने के संबंध में संबंधित अध्यापिका ने अपने उत्कृष्ट विचार रखे हैं इस विचार के माध्यम से जिले की शिक्षा व्यवस्था निरंतर आगे बढ़ रही है एवं बुनियादी शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन के साथ परिषदीय बच्चे निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। समागम में विभिन्न शिक्षक पहलुओं पर चर्चा के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ इसमें जिले की संबंधित अध्यापिका को कार्यक्रम के अतिथि बस्ती जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतीत साहित्य संस्कृति मंच के संयोजक आशुतोष तिवारी ने सहायक अध्यापिका को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र के साथ भगवान राम के नाम का पटका पहना कर सम्मानित किया है। जिले की इस अध्यापिका को श्री अयोध्या धाम में अपनी उपलब्धि हासिल करने पर बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामुदायिक सहभागिता जिला समन्वयक निरंकार पांडे डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी डीसी एन के सिंह पटल सहायक आशुतोष मिश्रा सहित अन्य शिक्षक शिक्षा अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# आरएसएस की शाखा में आने से मिलता है गंगा स्नान से जैसा आनन्द - प्रान्त प्रचारक

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) काशी के विभिन्न नगरों की शाखाओं का वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में स्वयंसेवकों ने भी पूरे उत्साह से भागीदारी की। स्वयंसेवकों को संघ के पंच प्रण सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन,पर्यावरण,स्वदेशी भाव का जागरण, नागरिक कर्तव्य में संघ के शताब्दी वर्ष में शाखाओं के जरिए समाज निर्माण का कार्य बताया गया।काशी दक्षिण भाग के अमरा चौराहा के निकट केशव नगर विवेकानन्द शाखा में काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने संघ के शाखा की तुलना गंगा स्नान से किया। उन्होंने कहा कि जो आनन्द हमें गंगा स्नान से प्राप्त होता है, वहीं आनन्द प्रतिदिन शाखा में आने से मिलता है। वर्तमान समय में लाखों स्वयंसेवक संघ की शाखाओं के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के ही संघर्ष से ही अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मन्दिर का निर्माण देखने को मिल रहा है। प्रांत प्रचारक ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड जमीन विवाद का उल्लेख कर कहा कि संघ के पांच



लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने समाज के साथ मिलकर लगातार 63 दिनों तक आन्दोलन चलाया। जिसके फलस्वरूप सरकार को जमीन वापस करनी पड़ी। 65 वर्षों तक संघ की शाखाओं में %कश्मीर किसका% खेल होता था, जिसका परिणाम यह रहा कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया गया। भारत में कहीं भी बम ब्लास्ट, रेल दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा आने पर सबसे पहले स्वयंसेवक ही सेवा के लिए उपस्थित होता है।स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन को बताते हुए प्रान्त प्रचारक ने कहा कि स्वामी जी को जीवन भर इस बात का दुख रहा कि उन्होंने हर जगह धर्म का प्रचार किया,लेकिन इस कार्य के लिए संगठन का निर्माण नहीं हो पाया। भगिनी निवेदिता का भी विचार था कि एक निश्चित स्थान पर प्रतिदिन यदि समाज के बन्धु एकत्र होकर मातृभूमि की वन्दना करते हैं तो उस राष्ट्र को कोई दबा नहीं सकता। स्वामी विवेकानन्द की इसी इच्छा के फलस्वरूप डॉ.हेडगेवार ने संघ का निर्माण किया।उन्होंने बताया कि काशी प्रान्त में 2700 से ज्यादा शाखाओं के माध्यम से उस शाखा क्षेत्र के स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व निर्माण कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.हरिओम सिंह ने किया। कार्यक्रम के अन्त में मातृशक्तियों ने समवेत स्वर में वन्देमातरम का गायन किया।इसी तरह लंका के गंगानगर माधव शाखा पर आयोजित वार्षिकोत्सव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र मुख्य मार्ग प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना ने स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना, हिन्दू समाज को संगठित करने और उसमें अनुशासन का भाव बनाने के लिए संस्थापक डॉ.हेडगेवार के संघर्ष को बताया।उन्होंने कहा कि वर्तमान में संगठन अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है और स्वयंसेवकों के लिए यह गर्व का विषय है कि संघ में कोई विघटन नहीं हुआ है। शाखा में खेले जाने वाले कबड्डी खेल के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह खेल स्वयंसेवकों में निडरता और पुर्नजन्म का भाव विकसित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती के जिला महामंत्री डा.राघव मिश्र ने किया।काशी मध्य भाग के विवेकानन्द नगर लोहता शाखा के वार्षिकोत्सव में मुख्य वक्ता राघवेंद्र ने कहा कि आज समाज में दुर्योधन जैसी शक्तियां बहुत ज्यादा हैं। एक घंटे की शाखा में भेदभाव रहित खेल व गीत हमें सामाजिक रूप से मजबूत बनाती है। शाखा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रारम्भ में भगवा ध्वज को लगाया गया। तत्पश्चात संघ की शाखाओं में आयोजित होने वाले खेल, समता, व्यायाम योग, आसन एवं गणगीत का प्रदर्शन किया गया। यहां कार्यक्रम में संघ के सह प्रान्त कार्यवाह डॉ.राकेश,सह विभाग संघचालक त्रिलोक,काशी दक्षिण भाग के संघचालक अरुण,भाग प्रचारक विक्रांत आदि की मौजूदगी रही।

# विकासखंड पर बीडीसी एवं प्रधान संघ की बैठक हुई संपन्न

## प्रधान एवं बीडीसी प्रतिनिधियों को बैठक में ना बुलाना बना चर्चा का विषय

**लम्भुआ/सुल्तानपुर।** लम्भुआ ब्लाक के सभागार में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति प्रधान संघ की बैठक हुई। जिसमें प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रधान एवं बीडीसी के प्रतिनिधियों को बैठक में नहीं बुलाया गया जो चर्चा का विषय बना रहा। इस बैठक में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख को करीब पांच करोड़ के विकास कार्यो के प्रस्ताव दिए हैं। इस दौरान ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यो पर मंथन किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्रा तहसीलदार देवानंद तिवारी अवनीश सिंह (बीडीसी नौगवां) उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**मीरजापुर।** पुलिस लाइन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि एसओजी और सर्विलांस टीमों के साथ थाना विन्ध्याचल पुलिस ने अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है था अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ के अफीम के के ढोंढ और पौधों को जब्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पियरीभीट अंतर्गत थाना विंध्याचल में एक व्यक्ति अफीम के पौधों की खेती किया है उक्त सूचना पर एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अवैध रुप से अफीम की खेती करने वाले अभियुक्त फूलचन्द्र बिन्द पुत्र स्व0नचकू बिन्द निवासी पियरीभीट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से अनुमानित कीमत □ 02 करोड़ के 2675 अफीम पोस्त के पौधे मय ढोंढ (वजन 109 किग्रा) बरामद किया गया । उन्होंने बताया कि उक्त मामले में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0पी0-47/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। उन्होंने ये भी बताया कि अभी कार्यवाही समाप्त नहीं हुई है बल्कि पुलिस सक्रिय है कि उन लोगों का भी पता लगाया जाय कि किसने बीज दिया, कौन खरीददार है तथा इस गिरोह में कितने और लोग सम्मिलित हैं। पुलिस के सफल आपरेशन पर पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को नकद पंद्रह हजार के पुरस्कार की घोषणा की।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता / नि.–चतुर्थ / लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ सिंगल स्टेज दो पैकेट (ओपेन) में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | परियोजना प्रबंधन प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति "मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, प्लेटफार्म, एफओबी आदि" के कार्यों के लिए सेवा। गिट्टी आपूर्ति और पी.वे कार्य (लाइन स्लीपर, रेल को छोड़कर), एस एंड टी कार्य, दोहरीकरण के लिए ओएचई कार्य, जनरल इलेक्ट्रिक कार्य और अन्य संबद्ध कार्य प्रतापगढ़ (एक्ससीएल) से जंघई (एक्ससीएल) खंड के संबंध में कार्य जंघई –प्रतापगढ़–अमेठी (87 किमी) लखनऊ मंडल का दोहरीकरण उत्तर रेलवे" और "बाराबंकी के बीच तीसरी और चौथी लाइन का प्रावधान।"(छोड़कर)– मल्हौर (छोड़कर) स्टेशन (2 / 13.50 किमी) शामिल उत्तरी लखनऊ मंडल पर विद्युतीकरण एवं सिग्नलिंग कार्य रेलवे" ईपीसी मोड पर |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | उनतालीस महीने (निर्माण अवधि के 21 महीने +18 ईपीसी अनुबंध की दोष देयता अवधि के महीने) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1219.96 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 7,60,000.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाक 10.05.2024 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 10.05.2024 को समय 15:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाक 13.03.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 26.04.2024 से 10.05.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | प्री–बीड कॉन्फ्रेंस डिटेल्स | दिनांक 10.04.2024, समय 11:30 बजे स्थान: परियोजना प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ |
| 8 | प्रश्न (queries) प्राप्त करने का अंतिम दिन | 05.04.2024 |

**संख्या 67–टेण्डर / उप–मुख्य अभियन्ता / नि.–चतुर्थ / लखनऊ दिनांक 11.03.2024** 763/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कौशाम्बी

पत्रांक : 2090/लेखा/भूसा टेण्डर/2024–25 दिनांक 09.03.2024

### ई–निविदा

जनपद कौशाम्बी के समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश की उदरपूर्ति हेतु वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) की अवधि तक गेहूं का भूसा एवं हरा चारा की दरों का निर्धारण हेतु सेवा प्रदाता / एजेन्सियों के चयन हेतु ई–निविदा दिनांक 16.03.2024 समय 02.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की गयी है। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्मो / एजेन्सियां आनलाईन निविदा उ0प्र0 की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी / नियम एवं शर्ते वेबसाईट अथवा कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते हैं।

(डा0 ए0के0 सागर)
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
कौशाम्बी


(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 718/2023
नाम फरीकेन रेनू आयु 24 वर्ष पत्नी प्रमोद कुमार पाण्डेय पुत्री चन्द्रशेखर उपाध्याय निवासी ग्राम पिपरा मडियाहँ जिला जौनपुर उ0प्र0 हाल मुकाम ग्राम भरोखन थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़
बनाम
प्रमोद कुमार आयु 28 वर्ष सुत बृजभूषण पाण्डेय निवासी ग्राम पिपरा पोस्ट मोकलपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर
अन्तर्गत धारा 128
तारीख पेशी 16.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं- जिलाधिकारी



**मीरजापुर।** आगामी लोकसभा चुनाव सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर बिन्दुवार तैयारियो की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में लगाये जाने वाले कार्मिको के सम्बन्ध में समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी का पूरा विवरण एनआईसी को अविलंब भेजने के साथ ही किसी का नाम न छोड़ने की बात कही।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि विभागो से प्राप्त कार्मिको की संख्या के आधार पर उनकी फीडिंग करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त मतदेय स्थलो के सापेक्ष लगायी जाने वाली कार्मिको की संख्या तथा कुल कार्मिको की संख्या की संख्या के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होने कहा कि ई0वी0एम0 सहित पूरी मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण प्रत्येक कक्षवार टीम बनाकर पीठासीन अधिकारियों को ई0वी0एम0 मशीन चलाकर प्रशिक्षित किया जाय। माईक्रो आब्जर्वर, उड़न दस्ता, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा ली जाय।

लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार के बड़े स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जाएं इसके तहत साइकिल एवं बाइक रैली, दिव्यांग बंधुओ की व्हील चेयर रैली, चुनाव पाठशाला का आयोजन, पेटिंग चित्रकला उवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, जनपद के लोकप्रिय गायक व गायिकाओं के मतदान के प्रति संदेश गीत की रिकार्डिंग सहित अन्य व्यवस्थाए करते हुये अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिगत लोगो में जागरूकता लायी जाय। उन्होने कहा कि युवाओं के अलावा महिलाओं की भी वोटिंग में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस कार्मिकों की संख्या, उनके लिये भारी एवं हल्के वाहन, यातायात व्यवस्था, बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने की व्यवस्था एवं रुकने के स्थान पर समुचित पेयजल, शौचालय प्रकाश आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित करते हुये कहा कि अपने स्तर पर भी सभी स्कूलो का सत्यापन करा लें। ईधन हेतु पेट्रोल पम्पो तथा मतदान केन्द्रो व अन्य व्यवस्था हेतु भवनो का अधिग्रहण, प्रेक्षक के लिये लाइजनिंग आफिसर, उनके रुकने की व्यवस्था, पोस्टल, बैलेट की व्यवस्था, मीडिया प्रमाणीकरण, वेब कास्टिंग, प्रत्याशियों हेतु व्यय लेखा टीम, उड़नदस्ता, एफ0एस0टी0 टीम, कार्मिको के पास आदि की व्यवस्था के लिये समस्त व्यवस्थाये सभी सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करा लें ताकि चुनाव की घोषणा होते ही सभी टीमो को सक्रिय किया जा सके। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकरी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, प्रभारी अधिकारी कानून व्यवस्था, मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी आर्दश आचार संहित/शिकायत/मानिटरिंग सेल सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/प्रभारी अधिकारी सर्विस वोटर व मीडिया प्रमाणीकरण तथा नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी वाहन लाल बहादुर सिंह ने अपने-अपने कार्यो के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सि0नि0सं0 12/2021
नाम फरीकेन केवला देवी आदि बनाम माता प्रसाद आदि
बनाम
मृतक दौरान मुकदमा आशिक अली 4/1 नजमें हसन उम्र लगभग 60 वर्ष 4/2 मो0 अयूब उम्र लगभग 58 वर्ष 4/3 मो0 आसिफ उम्र लगभग 56 वर्ष सुतगण आशिक अली 4/4 मोमिना बेगम उम्र लगभग 80 वर्ष विधवा आशिक अली समस्त निवासीगण ग्राम व पो0 ताला पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# मंडलायुक्त ने किया जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण



**चित्रकूट:** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व पुलिस गार्ड द्वारा आयुक्त चित्रकूट को सलामी दी गई।

मंडलायुक्त ने आईजीआरएस, ईडीएम, न्याय सहायक, समग्र प्राधिकारी भूमि अध्यप्ति, रामबन गमन पथ, भूमि व्यवस्था पटल, आंग्ल अभिलेखापाल, दैवीय आपदा, आयुध सहायक, राजस्व अभिलेखागार, सदर मालखाना, स्टोर रूम, जल जीवन मिशन के अंतर्गत चांदी बांगर एवं सिलौटा मुस्तकिल के मॉडल का निरीक्षण किया। आइजीआरएस में उन्होंने रजिस्टर का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि फीडबैक लेकर रजिस्टर भी अपडेट करें। उन्होंने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि जिन लेखपालों द्वारा गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, उन पर कार्यवाही करें।

जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि हर गुरुवार को संतुष्टि समाधान के रूप में मनाया जाता है। मंडलायुक्त ने कहा कि किसान दुर्घटना के पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाए। उन्होंने न्याय सहायक पटल का भी अवलोकन किया एवं अलमारी को खुलवाकर फाइलों का रखरखाव देखा। उन्होंने भूमि व्यवस्था पटल का भी निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त ने डीएलआरसी को निर्देशित किया कि पुरानी लम्बित जो पत्रावलियां है, उसमें निर्णय लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करें। उन्होंने कृषक दुर्घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि अगर शासन से धनराशि नहीं आयी है तो शासन से मांग कर भुगतान करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थी को तत्काल सहायता दिया जाए बिलंब न करें। इसके बाद उन्होंने दैवीय आपदा पटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फसल नुकसान की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि इसमें शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित निस्तारण कराए। उन्होंने सदर मालखाना पटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नजिर कलेक्टरेट को निर्देशित किया कि जो सामग्री उपयोग में नहीं है, उसे नीलाम कराएं। उन्होंने स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया एवं सदर नजिर को निर्देशित किया कि जो अभिलेख रखे हैं, उसकी एक लिस्ट बनाकर चस्पा करें। साथ ही निर्देशित किए जो अधिकारी अभिलेख ले जाएं वह 7 दिन के अंदर जमा करें।

इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भरवारी की पालिसी संख्या 312318606 मे त्रुटिवश नाम ऋषि उर्फ उज्वल सिंह अंकित है। जबकि मेरा नाम आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में आयुष सिंह दर्ज है। अतः भविष्य में आयुष सिंह को दोनो ही नाम से जाना व पहचाना जाए ।

आयुष सिंह पुत्र अनुज सिंह
पता- वार्ड नंबर नौ , नगर पंचायत अजुहा
तहसील-सिराथू
जनपद-कौशाम्बी

# स्थानान्तरण के बाद सहायक आयुक्त को दी गयी भावभीनी विदाई



**चित्रकूट:** जिला कर अधिवक्ता एसोसिएशन कर्वी चित्रकूट द्वारा जिला मुख्यालय में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें एल्डर समिति द्वारा अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रस्तावित चुनाव प्रकिया को एक वर्ष के लिए आगे बढ़ाया गया।

बैठक में एल्डर समिति के चेयरमैन एडवोकेट राजेंद्र केशरी एवं एडवोकेट दुर्गा प्रसाद गुप्ता द्वारा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि वर्तमान पदाधिकारी अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, महामंत्री शिवनाथ त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अभिनव केशरवानी को एक साल के लिए आगे बढ़ाया गया। इसी क्रम में जनपद में सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग के पद पर कार्यरत प्रशांत अवस्थी के पदोन्नति एवं स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें अवनीश चौधरी सहायक कमिश्नर चित्रकूट राज्य कर विभाग, मनोज कुमार चित्रकूट राज्य कर विभाग उपस्थित रहे।

जिला कर अधिवक्ता एसोसिएशन के संजय अग्रवाल ने बताया कि अब तक जनपद चित्रकूट मे सहायक आयुक्त पद पर कार्यरत रहे प्रशांत अवस्थी को सहारनपुर का डिप्टी कमिश्नर बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अनिल शुक्ल ने किया।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार गुप्ता, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, दीपचंद, सुनील गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, शुभम गुप्ता, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय लालगंज दप्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
परिवाद 455/23
नाम फरीकेन नूर अहमदी बनाम मो0 अनस आदि
बनाम
1. मो0 अनस उम्र लगभग 27 वर्ष सुत मो0 नसीम (पति) 2. मो0 नसीम उम्र लगभग 38 वर्ष सुत मरहूम मो0 रफीक (ससुर) 3त्र सलमा बेगम उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी मो0 नसीम (सास) 4. मो0 शारिफउम्र लगभग 25 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 5. मो0 फैशल उम्र लगभग 24 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 6. मो0 अमन शाद उम्र लगभग 21 वर्ष सुत मो0 नसीम (देवर) 7. रिजवाना उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्री मरहूम मो0 सगीर (चचेरी ननद) समस्त निवासीगण पंचायत सिटी सैय्यदन मोहल्ला कोतवाली सिटी प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 04.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा दो आरोपियों को 62 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी तथा आरक्षी नरेन्द्र, श्यामू द्वारा राम सिंह निवासी बड़ी मैडयन को 42 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार तथा मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, अजय मिश्रा द्वारा नरेश यादव उर्फलुंजा निवासी भदेदू को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया

# युवाओं ने ग्रहण की सपा की सदस्यता



**चित्रकूट:** प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुज सिंह यादव ने सोमवार को विभिन्न दलों से आये एक दर्जन युवाओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि देश और प्रदेश का नौजवान अखिलेश यादव की तरफ आशा भारी निगाहों से देख रहा। जब से देश और प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से युवाओं में हताशा और निराशा छाई है। भाजपा सरकार ने वादा किया था की हर साल 2 करोड़ नौकरी दी जाइयेगी, लेकिन सरकार एक भी परीक्षा ऐसी नहीं कराई जो लीक न हुई हो, कुछ भर्तियों में सरकार ने पिछड़े वर्ग का आरक्षण डकारने का कार्य किया है। जिससे भर्तियां कोर्ट में फंसी पड़ी है। सरकार ऐसा इस लिये कर रही है की ताकि युवाओं कों रोजगार न देना पड़े। इस अवसर पर रामचन्द्र रैकवार, संतोष यादव, अनिल यादव, कन्हैया वर्मा, मंजीत यादव, आलोक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र आदि ने सपा की सदस्यता ली।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04066/04065 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सुपरफास्ट ए.सी. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:20 | -- |
| 16:00 | -- | पटना जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (सोमवार एवं गुरूवार) एवं **04065 पटना जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – बरौनी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08:50 | दिल्ली जं. | 07:35 | -- |
| 06:30 | -- | बरौनी जं. | -- | 08:00 |

**चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं.** से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) एवं **04061 बरौनी जं.** से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (सोमवार)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**04518/04517 चंडीगढ़ – गोरखपुर जं. – चंडीगढ़ आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04518 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04517 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:15 | चंडीगढ़ | 14:10 | -- |
| 18:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 22:05 |

**चलने की तिथि : 04518 चंडीगढ़** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (गुरूवार) एवं **04517 गोरखपुर जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य।
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**04060/04059 आनन्द विहार टर्मिनल – जयनगर – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04060 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04059 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:55 | -- |
| 15:15 | -- | जयनगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 04060 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04059 जयनगर** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**01664/01663 आनन्द विहार टर्मिनल – सहरसा जं. – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01664 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:10 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:55 | -- |
| 11:20 | -- | सहरसा जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 01664 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) को एवं **01663 सहरसा जं.** से दिनांक 27.03.2024 (बुधवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:45 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:05 | -- |
| 05:20 | -- | जोगबनी | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.03.2024 (मंगलवार) को एवं **04009 जोगबनी** से दिनांक 28.03.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद जं., मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूणियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशन।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04068 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04067 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:40 | -- |
| 16:30 | -- | दरभंगा जं. | -- | 18:00 |

**चलने की तिथि : 04068 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04067 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं. एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – सीतामढ़ी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04004 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04003 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:10 | नई दिल्ली | 01:30 | -- |
| 22:00 | -- | सीतामढ़ी जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04004 नई दिल्ली** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04003 सीतामढ़ी जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शॉहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, एवं बैरगनियां स्टेशन।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सरकारी अस्पताल के मरीजों को निजी अस्पताल पहुंचाता है दलालों का गैंग !

## शासन की मंशा पर पानी फेर रहा दलालों का गैंग,जिम्मेदार बन रहे अंजान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आम जनमानस की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक नयी-नयी योजनाओं की सौगात दे रहे हैं ,वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही तथा मिलीभगत के चलते आम जनमानस सरकारी सुविधाओं से लाभांवित होने के बजाय आर्थिक शोषण का शिकार होता नजर आ रहा है। जिले के राना बेनी माधव जिला चिकित्सालय से लेकर महिला जिला अस्पताल तक दलालों की पौ बारह है,बताया जाता है कि जहाँ कुछ निजी एम्बुलेंस चालक जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष से लेकर वार्डो तक में घूम-घूम कर मरीजों को बरगला कर अपनी सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में पहुंचा कर मोटा कमीशन वसूल करते हैं वहीं महिला जिला अस्पताल के अंदर व आसपास सक्रिय महिला दलालों का गैंग भी महिला अस्पताल आने वाली प्रसूताओं को बरगला कर अपने 40 प्रतिशत कमीशन वाले निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों में ले जाकर अपने कमीशन के चक्कर में महिला मरीजों को आर्थिक शोषण की भट्ठी में झोक देंता है।

### नेहरू नगर मेन रोड स्थित एक बदनाम अस्पताल पहुंचाए जाते हैं मरीज !

अगर लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं पर गौर किया जाए तो यही तथ्य निकल कर सामने आते हैं कि जिला अस्पताल के आसपास सक्रिय निजी एम्बुलेंस चालक रूपी कुछ दलाल अस्पताल के आपातकालीन कक्ष से लेकर वार्डो तक में घूम-घूम कर मरीजों के तीमारदारों को बरगलाते नजर आते हैं,जो भी तीमारदार इन दलालों के झांसे में आ जाता है वह सरकारी जिला अस्पताल की बेहतर सेवाओं को छोड़ कर शहर के नेहरू नगर स्थित एक बदनाम निजी अस्पताल पहुंचा दिया जाता है जहाँ मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए उनका जम कर आर्थिक शोषण किया जाता है। लोगों का कहना है कि यह वही निजी अस्पताल है जहाँ अब तक कई मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने के आरोप लग चुके हैं,मामलों की जांच में दोषी भी पाया जा चुका है,यह बात अलग है कि बाद में अस्पताल प्रबंधन द्वारा साम-दाम-दण्ड-भेद की नीति के सहारे मृतक मरीज के परिजनों से लिखित सुलहनामा लगवा कर मामले को रफा-दफा कराने में सफल हो गया था। वहीं महिला जिला अस्पताल के आसपास सक्रिय महिला दलालों का गैंग आने वाली प्रसूताओं को बरगला कर शहर में संचालित कुछ निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों के हवाले कर मोटा कमीशन वसूल करता है। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि जिला अस्पताल व महिला जिला अस्पताल में चल रहे दलाली के खेल की पूरी जानकारी अस्पताल प्रशासन को है परन्तु वह दलाली रोकने का प्रयास क्यों नही किया जाता है,यह तो जिम्मेदार ही जानें।

# सबला-समर्थ परियोजना द्वारा मनाया गया महिला दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सबला संस्था द्वारा संचलित समर्थ परियोजना के अंतर्गत 4 ग्राम सभाओ मे अंतर्रष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव मनाया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओ को प्रोत्साहित करते हुए नए विषयो के प्रति जागरुककरना था। इसके लिये उनके बीच कई गतिविधियां कराई गई और उनकी बातोको जानने का प्रयास किया गया, जिससे वो खुद भी अपनी इच्क्षाओ को जान सकी।इस उत्सव को मनाने और उनका साहस बढाने के लिये कई गीतो का भी प्रयोग किया गया जो की शक्ति को प्रदर्शि करते है, और महिलाओ मे गीतो के प्रति एक अलग ही उत्साह पाया जाता है।



इस कार्यक्रम को उत्साह और साहस से परिपूर्ण बनाये रखने मे श्रीमती शुभा मिश्रा (संचालक), दीपिका शुक्ला (परमर्श्_दात्री),दीपांजलि श्रीवास्तव(सुपरवाइजर), ज्योति, सज्जन कुमार, सुनैना,और ममता (एनीमेटर) का पूर्णप्रयास रहा है।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में 'प्राइमरी से सीनियर विंग' तक के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में 'प्राइमरी से सीनियर विंग' तक के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गये।इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष इन्द्रेश विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित आये हुए सम्मानित अभिभावकों द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती का पूजन-अर्चन सम्पन्न किया गया, तद्पश्चात कार्यक्रम में पधारे अभिभावकों के सम्मान में स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं 100 प्रतिशत उपस्थित रहने वाले स्टूडेन्ट्स को स्टेज पर अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्टूडेन्ट्स अपना रिजल्ट कार्ड पाकर बहुत खुश दिखाई दिये।




कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टीविटी इंचार्ज प्रमान्शु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन के साथ मायाकान्त दीक्षित, सार्थक शुक्ला, आदित्य मिश्रा, भावना श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, सुप्रिया अवस्थी, कविता शर्मा, मन्जू शर्मा और उनके साथियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अन्जू त्रिपाठी एवं प्रमान्शु श्रीवास्तव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष जी ने आये हुए अभिभावकों एवं बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। लेकिन हम अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने पाल्य की शिक्षा के प्रति कितने सजग एवं सचेत हैं। स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चे अपने आप में यूनिक होते हैं। जरूरत होती है उनकी ऊर्जा एवं क्षमता से उनको परिचित कराना। इसलिए थोड़ा समय अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए अवश्य निकालना चाहिए। अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्तम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की सराहना करते हुए हम सभी स्टूडेन्ट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।अंत में प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम में आये हुए अध्यक्ष महोदय और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही प्रोग्राम में परोक्ष-अपरोक्ष रूप से अपना योगदान देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक अयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में अयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में अब समय नहीं रह गया है, ऐसे में कांग्रेस का कार्यकर्ता जन संवाद के माध्यम से भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं सरकार द्वारा लोकतंत्र पर बार-बार किये जा रहे प्रहार को जनता के समक्ष उजागर करे, जनता को बतायें कि किस तरह से मोदी सरकार ने रायबरेली जनपद के साथ सौतेला व्यवहार किया है, जिलाध्यक्ष ने कहा कि रायबरेली कांग्रेस की थी, है, और हमेषा रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मासिक बैठक में मुख्यरुप से जनपद में ''किसान चैपाल''




कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर चर्चा की गई, साथ ही भाजपा द्वारा फैलाई जा रही चुनावी अफवाहों पर ध्यान न देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाने की बात की गई। इस अवसर पर प्रत्याषी विधानसभा हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, प्रत्याषी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ला, अषोक कुमार सिंह, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, वीरेन्द्र यादव, संजीव पाण्डेय, षिवानंद मौर्या, राहुल बाजपेयी, पद्मधर सिंह, श्रीमती शैलजा सिंह, अजीत सिंह, सतगुरूदेव लोधी, अनवार खान, मो.जफरूल, कृपाषंकर शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, आलोक विक्रम यादव, चन्द्र प्रकाष बाजपेयी, सुमित्रा रावत, संतोष पासवान, जितेन्द्र पासी, यषपाल भारती, घनष्याम शुक्ला, शषिकांत पाण्डेय, मनोज तिवारी, मेराजुल हसन फारूकी, गिरिजेष श्रीवास्त, दिनेष यादव, अनुरूद्ध दीक्षित, अभय सिंह, राजकुमार द्विवेदी, अमित चैधरी, विजय दीक्षित, सौरभ शुक्ला, कामता प्रसाद गौड़, विनोद प्रताप सिंह, अवधेष चैधरी, गौरव मिश्रा, कामता नाथ सिंह, मो.अषरफ खान, ओम प्रकाष त्रिपाठी, दल बहादुर सिंह, शम्भूषरण पाल, ज्योति प्रसाद पासी, अरूण कुमार यादव, प्रियंका रावत, प्रमोद कुमार बाजपेयी, आषीष त्रिवेदी, जितेन्द्र शुक्ला, ओम प्रकाष पाल, अम्बरीष बाजपेयी, हाफिज रियाज, विजय पटेल, अनिल कुमार मिश्रा, रमाकांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जनपद की दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल संख्या में परिवर्तन

**रायबरेली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन सामान्य को सूचित किया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद की 02 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 180-रायबरेली एवं 183-ऊँचाहार से प्राप्त भवन परिवर्तन सम्बन्धी संशोधन प्रस्ताव को आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदित प्रस्तावों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 180-रायबरेली में पूर्व में अवस्थित मतदेय स्थल संख्या 60 प्राथमिक विद्यालय सरांय मुगला कक्ष सं0-01 को आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थल संख्या 60 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरांय मुगला कक्ष सं0-01 में किया गया है।इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 183-ऊँचाहार पूर्व में अवस्थित मतदेय स्थल संख्या 155 पूर्व माध्यमिक विद्यालय जिगना कक्ष सं0-01 को 155 मिनी सचिवालय जिगना कक्ष सं0-01 एवं 317 प्राथमिक विद्यालय जमुनियाहार कक्ष सं0-01 को 317 प्राथमिक विद्यालय नरवापार कक्ष सं0-01 में आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थल किया गया है।

# रायबरेली का जनमानस 2024 के आम चुनाव में गांधी परिवार को देगा करारा जवाब - अजय अग्रवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव के संग मोदी का परिवार यात्रा के साथ लालगंज पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के संस्थापक और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यात्रा में शामिल सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल तथा अन्य वाहनों में बैठे कार्यकर्ताओं ने हम हैं मोदी का परिवार के उद्घोष के साथ लालगंज की राजनीति में हलचल मचा दी । अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद पत्रकारों से मुखातिब रायबरेली से लोकसभा का टिकट मांग रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल बिहारी वाजपेई के बताए रास्ते पर चलकर पूरे विश्व में हिंदुस्तान का नाम रोशन किया है। वहीं भाजपा को भी एक विशाल संगठन बनाने का काम किया है। आज कई प्रदेशों में भाजपा की सरकारे है। भाजपा नेता ने कहा कि2024 लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी रायबरेली में भी गांधी परिवार को हराकर प्रदेश से कांग्रेस का सफाया करने का काम करेगी। रायबरेली का जनमानस कांग्रेस



की वोट लो राज करो की नीति को समझ गया है। स्वतंत्रता के बाद से दो बार को छोड़कर गांधी परिवार का ही रायबरेली की संसदीय सीट में कब्जा रहा है, इसके बावजूद रायबरेली का विकास नहीं हुआ है। जबकि स्मृति ईरानी के अमेठी से जीतने के बाद वहां पर विकास की गंगा बह रही है ।रायबरेली आज भी विकास से अधूरा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जनपद में सड़कों का जाल बिछ गया है।एम्स पूर्णतया बनकर तैयार हो गया है। लोगों को दिल्ली मे होने वाला इलाज रायबरेली में मिलने लगा है। रेल कोच व रेल पहिया कारखाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही शानदार ढंग से उत्पादन कर रहा है। हजारों स्थानीय लोगों को भी काम मिला है। केंद्र सरकार की लोकप्रिय योजनाओं का लाभ प्रत्येक घर तक पहुंचा है। योगी सरकार ने किसानों के नलकूपों का बिजली बिल माफ करके बहुत ही सराहनीय काम किया है। किसानों का दर्द सबसे पहले भाजपा की सरकार ने ही समझा है ।किसान सम्मान निधि के बाद अब किसानों को अपने निजी नलकूपों के लिए बिजली बिल नहीं देना पड़ेगा। यह सरकार के द्वारा किसानों को दी गई बहुत बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री आवास, फ्री राशन योजना सहित तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। जनता में भाजपा को लेकर अंडर करंट है। भाजपा की मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार राम मंदिर बनवा दिया है। धारा 370 को समाप्त कर दिया है ।भाजपा जो कहती है वह करती है ,यह जनता भी जानती है।इसी यात्रा के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने ही 7 जनवरी को रायबरेली के सिविल लाइन में उत्तर प्रदेश में 80 में 80 का नारा दिया था और यह नारा अब भाजपा का पूरे प्रदेश व्यापी नारा बन गया है और यह नारा सच होगा ।

जब हम अमेठी के साथ-साथ रायबरेली की सीट भी लाखों वोट से जीत कर आएंगे और मोदी जी का दिया नारा भारत में 400 पार भी 2024 के चुनाव में साकार होगा । कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता अग्रवाल और क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने मोदी गारंटी वैन पर पहुंचकर मोदी जी का भाषण भी सुना और अपने सुझाव भी पेटिका में डाला।कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया।

# अमावां बीआरसी में आयोजित हुआ "हमारा आंगन-हमारे बच्चे"

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अमावां ब्लॉक में सोमवार को श्हमारा आंगन-हमारे बच्चेश् उत्सव का आयोजन बीआरसी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रभारी सीडीपीओ रेनू शुक्ला रही। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना से की गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बीडीओ ने सम्मानित किया।खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने कहा अपने विद्यालयों में आपको लीडर बनकर बच्चों को है पढ़ाना होगा। बच्चों से जितना ही बेहतर समन्वय होगा। बच्चे उतना ही बेहतर करेंगे। हमें समाज से बेहतर तालमेल लेकर ही बच्चों को अपने विद्यालय में लाना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को हमें उनका दोस्त बनकर पढ़ाना होगा। आंगनबाड़ी केंद्र के बारे में उन्होंने हम पांच गांवों में लर्निंग कॉर्नर बनवा रहे है। लालपुर सहित अनेक जगहों पर बेहतर आंगनबाड़ी केंद्र बना रहे है। उन्होंने कहा कि हमें केद्रों पर लर्निंग प्रति प्राइमरी में अंतर दिखना चाहिए।



एनईपी के तहत बच्चों को बेहतर एजुकेशन देने हैं। इसके लिए हमें आंगनबाड़ी केंद्र को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने कहा बच्चे अपने आसपास से बेहतर तरीके से सिख सकें, इसके लिए हमें बच्चों को ट्रेंड करना होगा। बच्चों को साफ-सफाई व अन्य चीजों को लेकर सजग करना होगा। प्रभारी सीडीपीओ रेनू शुक्ला ने कहा हमें बच्चों को इस तरह से पढ़ाना होगा कि वे आपसे इस तरह से घुलमिल जाए कि आपसे दूर न हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के लर्निंग कॉर्नर को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों से बेहतर सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को सिखाना चाहिए इसमें हमारी मदद पुस्तकालय कर सकते हैं। बच्चों को बेहतर तरीके से आगे सीखना है तो हमें भी अच्छा अपने विद्यालय की लाइब्रेरी से पढ़ना होगा। पुस्तकें ही हमें हमेशा कुछ नया सिखाती है। उत्सव के दौरान प्राथमिक विद्यालय चकपीराशाह और मन्चितपुर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अध्यक्षता मो.मतीन ने की और कार्यक्रम का संचालन नोडल बल्ला नीरज कुमार ने किया।इस मौके पर एआरपी रितेश कुमार, अब्दुल मन्नान, डॉ. एसएस श्रीवास्तव, सलाउद्दीन अंसारी, बृजेन्द्र कुमार, रामेश्वर नाथ, विनोद यादव, के ज्योति, आयशा, पूनम, प्रीति, सविता, प्रतिमा सिंह, स्वीटी सिंह, ज्योति वर्मा, आशुतोष, जय सिंह, हनी गुलाटी, सत्यभामा, मनीषा सिंह, विश्राम सहित सैकड़ों शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

# जिले का प्रत्येक व्यक्ति करेगा नि:शुल्क बस सेवा से रामलला के दर्शन:दिनेश प्रताप सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** वासियों के लिए भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या में बने राम मंदिर दर्शन के लिए प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क बस रवाना हो रही है। उक्त जानकारी देते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जिले के सभी मंडलों से एक-एक बस प्रत्येक रविवार को जाएगी, जिसमें प्रभु श्री राम के निशुल्क दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रायबरेली वासी को अयोध्या दर्शन कराने का संकल्प उन्होंने लिया है और जब तक एक-एक व्यक्ति को अयोध्या दर्शन नहीं करा देंगे तब तक यह निशुल्क बस सेवा जारी रहेगी। इस यात्रा के संयोजक विजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी लोग अपने मंडल के अध्यक्ष को अपना नाम नोट करवा दें जिससे कि आवश्यकता अनुसार बस की व्यवस्था की जा सके। सभा की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस पुनीत कार्य के लिए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान किया।सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतिक्षा के बाद अब प्रभु श्री राम मंदिर दर्शन के लिए किसी को भी कोई असुविधा नहीं होगी।इस अवसर पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष आरबी सिंह, अजय त्रिपाठी,वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी विनोद बाजपेई,मुकेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह,दिनेश त्रिपाठी,मुकेश श्रीवास्तव,अनुभव कक्कड़,अरविंद श्रीवास्तव,जिला महामंत्री शरद सिंह, पूर्व जिला महामंत्री विशाल पांडे,जितेंद्र सिंह,संजय सिंह,अखिलेश तिवारी,अभिषेक वर्मा, जनमेजय सिंह, मोहित अग्रवाल,परमजीत सिंह गांधी,आदि लोग उपस्थित रहे।

# एन.एस.पी.एस त्रिपुला में घोषित हुआ सत्र 2023-24 सीनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में सत्र 2023-24 सीनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा,सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति व गेस्ट ऑफ ऑनर की भूमिका में उपस्थित अभिभावकों के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में रैंकर्स छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं को भी अपनी कमियों का अन्वेषण कर अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इसके साथ ही उन्होंने आधुनिक परिवेश में अच्छी शिक्षा के लिए छात्र,




अभिभावक और शिक्षकों के सकारात्मक संबंधों को अति आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने अभिवावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय परिवार उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में घोषित परीक्षा परिणामों के क्रम में सर्वप्रथम एकेडमिक कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 9 के घोषित परीक्षा परिणामों में राशी सिंह चंदेल, अंशिका सिंह एवं अंशिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 11 के घोषित परीक्षा परिणामों में तैय्यबा कय्यूम, ऋषभ तिवारी व समीर यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सीनियर सेकेंडरी एवं सेकेंडरी विंग में कक्षा 11 में अब्दुल अजीज़, प्रिया यादव, प्रशंसा जायसवाल, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान पर रहे, कक्षा 9 में आदित्य, आरती यादव, मो.स्माइल, आयुष यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही उन बच्चों को भी अवार्ड दिए गए जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी लगन को कायम रखते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराई इन बच्चों में कक्षा 9 के मो.आजम,आदित्य,रुद्रेश यादव,दीपांशी सिंह, शिवानी, पारुल यादव, सोनाक्षी श्रीवास्तव, दिव्यांशी, स्नेहा मौर्य,अम्बुज चैरसिया,हरिओम चैरसिया और कक्षा 11 की सुप्रीत गुप्ता रही।इतना ही नही विद्यालय ने उन बच्चों को भी सम्मानित किया जिन्होंने विद्यालयी शिक्षा से इतर प्रतियोगिताओं में मुकाम हाशिल किया ऐसे बच्चों में इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड विजेता आस्था सिंह और इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड विजेता आनन्द बाजपेई, आराध्या अवस्थी,आरती यादव,उत्कर्ष सिंह,अद्रिका विश्वकर्मा,राशी सिंह,तैय्यबा कय्यूम को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस एवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए छात्रों के अथक परिश्रम, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग की प्रशंसा करते हुए सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका संचिता त्रिवेदी एवं अरबी यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो0 फैज़ान खान, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, शिवकरन पाल, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, एवं गिरीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# चैहान गुट की कोर कमेटी की बैठक में 11 जिलाध्यक्षों को अनुशासनहीनता के चलते किया गया निष्कासित

**रायबरेली।** आल इण्डिया उद्योग व्यापार मण्डल चैहान गुर ने 11 जिलाध्यक्षो को निष्काषित किया और इन सबके अनुशासन हीनता व व्यापारियों के प्रति सतोष जनक कार्य न करना जिलाध्यक्ष के ऊपर दलाली व समय पर व्यापारियो के साथ न खड़ा होना व संगठन के साथ मिलकर न खड़ा होना व संगठन के अपनी मनमानी करना जिला प्रभारी जिला कोर कमेटी की शिकायत पर प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री ने अपने विशेषाधिकारों का प्रयोग करते हुए इन जिला अध्यक्षो को निष्काषित किया। इलाहाबाद जिलाध्यक्ष, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष, फतेहपुर जिलाध्यक्ष, जौनपुर जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष, बलरामपुर जिलाध्यक्ष, शाहजहाँपुर जिलाध्यक्ष, खीरी लखीमपुर जिलाध्यक्ष, पीलीभीत



जिलाध्यक्ष, जौनपुर जिलाध्यक्ष, फैजाबाद जिलाध्यक्ष इन 11 जिलों के जिलाध्यक्ष के नामों के चयन बहुत जल्द ही घोषित किया जायगा। इसकी जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री सरसर अवतार सिंह द्वारा लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष को सौंपा है।यह 11 जिलो में स्थानीय पदाधिकारियो व व्यापारियो से सम्पर्क कर अध्यक्ष प्रत्येक जिलो में नामित करके देगे जिसकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री करेगे।

सर्वसम्मत से प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामन्त्री जिला कोर कमेटी, जिला अध्यक्ष व महिला जिला अध्यक्ष व महिला महामंत्री व युवा सचिव आदि की उपस्थिति में 31 मार्च 2024 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से सुपर मार्केट रायबरेली में होली मिलन समारोह आल अडिया चैहान गुट व्यापार मण्डल मनायोगा।

# पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**सलोन,रायबरेली।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली रमजान जैसे त्योहार शांति के माहौल में मनाए जाने के लिए उप जिलाधिकारी सलोन और सीओ के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई हुई।जिसमें शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की गयी है।जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में जहां एक ओर लोकसभा का चुनाव संपन्न होना है, वहीं दूसरी ओर होली और रमजान का त्यौहार भी मनाया जाना है।एसडीएम आशुतोष राय ने कहा कि कहा की इस कस्बे की यह परंपरा है कि यहां दोनों वर्गो के लोग एक दूसरे के त्योहार का आपस में मिल जुल कर मनाते हैं।शांति समिति की बैठक में लोगों से होलिका दहन स्थल के संबंध में जानकारी हासिल की और समस्याओं के निस्तारण के निर्देश अधीनस्थों को दिए। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को तुरन्त दें।

# करोड़ों की लागत से बनी टंकी बनी शो पीस

## ठीकेदार के लापरवाही का ख्यामियाजा लोगों को पेयजल के लिए भटकना मजबूरी बन गई है

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** यमुनापार लापर दक्षिणाचल विकास खंड कोरांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ोखर दस हजार आबादी पेयजल समस्या के निजात पाने को लेकर टंकी भी मिली यहां के लोगों को मिला नही तो बस पानी।आज हालात यह है कि पानी की टंकी शोपीस साबित हो रही है।



इसका निर्माण वर्ष 2003 मे कराया गया था । इसके बनने से इस पहाड़ी क्षेत्र मे बसे लोगों को उम्मीद जगी कि अब पेयजल संकट खत्म हो जाएगी । लेकिन उन्हें क्या मालूम था ,कि यह व्यवस्था भी जल्द ही धड़ाम हो जाएगी । यहां के लोग पानी पीने को लेकर आज भी ठीकेदार के लापरवाही का ख्यामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है ।नतीजतन पेयजल के लिए भटकना इनकी मजबूरी बन गई है । ऐसे मे लोगों को यदि पानी पीने के लिए विवश होना पड़ रहा है ।टंकी का निर्माण बीस वर्ष पूर्व कराया गया था । इससे इटरिहान, कालिकन धाम, बड़ोखर, महुली, मानपुर सहित दर्जनों गांव के लोग लाभान्वित होते रहे । टंकी का निर्माण के लिए वर्ष 2004 मे पाइप लाइन बिछाई गई थी । 45 हजार लीटर की छमता की टंकी का निर्माण कार्य हुआ ।आरोप है कि निर्माण घटिया होने से मिट्टी पड़ते ही पाइप लाइन जगह - जगह लीक हो गई । जिससे दर्जनों गांव के लोगों के घरों तक जलापूर्ति की मंशा पर पानी फिर गया ।

इतना ही नही वर्ष 2003 मे बनी टंकी जर्जर हालत मे पानी टपक रहा है । टंकी का पानी गिर जाने पर घरों मे लगे, नल मे केवल बूंद - बूंद पानी आने से लोगों को फजीहत बनी हुई है ।

बड़ोखर मे कालिकन धाम धार्मिक स्थल होने से लोग दूर -दराज के लोग दर्शन करने के लिए आते है ।लेकिन पानी के अभाव मे इधर-उधर भटकना पड़ता है । जबकि इस स्थान पर सोमवार व शुक्रवार को भारी तादाद मे लोगों का आवागमन होता है ।

ग्रामीणों ने इस बाबत मे कई बार तहसील दिवस लिखित प्रार्थनापत्र दिया ।लेकिन सुनवाई न होने से समस्या जस की तस बनी रह गई ।जिससे पेयजल संकट नसीब नही हो पा रहा है ।

## एसएन मेहरोत्रा के निधन पर एसीए ने जताया शोक



फाइल फोटो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की शोक सभा यूपीसीए और एसीए निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में हुई जिसमें इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एसएन मेहरोत्रा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, खुर्शीद अहमद राईन, प्रितेश सोनकर, अंकित पांडेय आदि ने खेद व्यक्त करते हुए सांत्वना प्रकट की।

# सत्य प्रकाश मिश्र बने उप-पुलिस अधीक्षक रीवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव( प्रयागराज)।** पांडेयपुर कोरांव निवासी ग्वालियर मध्य प्रदेश में रक्षित निरीक्षक के पद पर नियुक्त सत्य प्रकाश मिश्रा का प्रमोशन उप-पुलिस अधीक्षक रीवा के पद पर हुआ। 2000 बैच के सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त सत्य प्रकाश मिश्रा का प्रमोशन 2011 में इंस्पेक्टर के पद पर हुआ। जिसके बाद उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस खुशी के मौके पर युवा नेता और समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने एक बैठक आयोजित की जिसमें सभी लोगों ने खुशी जाहिर कि और उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर से उप पुलिस अधीक्षक का सफर निश्चित ही उनके योग्यता को दर्शाता है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे, राजेश पांडेय, राजा चौबे, गोविंद नारायण मिश्रा, अनूप मिश्रा, बृजेश तिवारी, प्रमुख मुकेश कोल, चंद्रेश पांडेय, गोलू सिंह, आदि लोगो ने उनको शुभकामनाए बधाई दिया है।



# लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च कराया सुरक्षा का एहसास

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** लोकसभा चुनाव को लेकर खीरी थाना क्षेत्र के लालतारा, सिरहिर, दसौती, खूटां गांव में सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में खीरी थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ व पुलिस के जवानों ने क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया इस दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान थाना प्रभारी आशीष सिंह ने कहा कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव एवं आने वाले होली का त्यौहार पर्व को देखते हुए पुलिस अराजक तत्वों पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान किसी ने किसी प्रकार का दखलन और किसी तरह से अराजकता करने का प्रयास किया तो कार्रवाई की जाएगी । प्रशासन और पुलिस सदैव आपके साथ है ।आपसी भाईचारा सद्भाव कायम रखें। इस अवसर पर इस अवसर पर थाना प्रभारी , बीएसएफ के जवान सहित तमाम पुलिस एवं महिला कांस्टेबल रूट मार्च के दौरान मौजूद रहे ।



# एनएसएस शिविर से मिलता है समाजसेवा का अवसर- प्रो.उपेंद्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महिला सेवासदन डिग्री कालेज बैरहना प्रयागराज की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना सुनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया।मुख्य अतिथि प्रो.उपेंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। समाजसेवा के प्रति जागरूक करना ही एनएसएस शिविर का उद्देश्य है। विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डा.शिव प्रताप सिंह एवं असिस्टेंट प्रोफेसर रवि प्रकाश सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वयंसेविकाओं को नैतिक शिक्षा की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से बड़ों का सम्मान करने, व्यवहार कुशलता व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.पार्वती सिंह ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अधिकारी एसोसिएट प्रोफेसर आराधना कुमारी ने छात्राओं को चरित्र व आचरण के विषय में बताया। कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं को चरित्र निर्माण के लिए नए अवसर मिलते हैं। योग गुरु कौशल किशोर मिश्र ने छात्राओं को विभिन्न योगासनों के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर कालेज परिसर में साफ-सफाई की। स्वयसेविकाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गई। प्रो.रूबी वर्मा, प्रो.इच्छा नायक, पुस्तकालयाध्यक्ष संजय वर्मा, ज्योति मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# चुनाव में गठबन्धन धर्म का पालन करें कार्यकर्ता-राजेश पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** यमुनापार करछना विधानसभा रोकड़ी ग्राम सभा में जिला स्तरीय मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राम मनोहर पटेल की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। मासिक बैठक में सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता राजेश पटेल बुलबुल ने कहा कि लोक सभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है।हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।इलाहाबाद लोक सभा सीट भाजपा के खाते में है।पार्टी के सभी कार्यकर्ता गठबन्धन के प्रत्याशी को जिताने के लिए भाजपा से तालमेल बनाकर पूरी ताकत से जुट जाँय।इस सम्बन्ध में यदि किसी कार्यकर्ता या संगठन पदाधिकारी को कोई दिक्कत होती है तो वह पार्टी के पदाधिकारियों से संपर्क कर सहयोग ले सकता है।पार्टी जिलाध्यक्ष राम मनोहर पटेल ने मासिक बैठक में चुनाव को लेकर मंथन करते हुए ,सभी पदाधिकारियों की बात सुनी।उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी निर्देश पर आगे बढ़ना होगा।सभी कार्यकर्ता बहन अनुप्रिया पटेल और अपना दल के हित मे कार्य करेंगे।पार्टी संगठन के निर्देश पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।आप सब पूरी ऊर्जा के साथ बस्तियों में जाकर पार्टी नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं।बैठक में राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी सामिल हुए । मौके पर गोकुल सिंह पटेल , ब्रजेश पटेल, फुलचंद पटेल , कन्हैया लाल पटेल , विनोद पटेल, सम्राट राहुल मौर्य , इन्द्र जीत पटेल,परमा नन्द पटेल जी, महेंद्र पटेल ,शिव कुमार पटेल, दिनेश पटेल , कुलदीप पटेल , विवेक पटेल, विवेक कुमार पटेल , अतुल पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पीपुल्स स्कूल में सातवां वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया



**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी क्षेत्र के मड़ोका स्थित फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में रविवार को सातवां वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी रहे। विशिष्ट अतिथि मणि शंकर द्विवेदी व भगवत कुशवाहा रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने नेत्र गायन, नेत्र नाटिका, नाटक, आदि प्रस्तुति की। जिससे वहां मौजूद दर्शकों का मोह लिया।मौजूद लोगों में प्रधानाचार्य सुषमा चौबे, संगीत शिक्षिका शिल्पा कुशवाहा, बबीता अग्रहरि, अमरदीप, नितेश, शिवानी जायसवाल,एकता, तनीशा, वैष्णवी, शिवानी शुक्ला, आदि रही।

## प्रशिक्षण संस्थान में हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**थरवई ,प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के शेख अहमदपुर सहसों स्थित चंद्रा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीते दिनों हुए चोरी का खुलासा आज तक नहीं हो सका है। बताते चलें बीते 2 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने कमरे में लगे दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने दुकान के अंदर रखा एलसीडी, प्रिंटर, मॉनिटर केबल वायर सहित लगभग 200000 रुपए कीमत का उपकरण और कैश बॉक्स से 25000 नगदी चुरा ले गए। संस्थान के प्रधानाचार्य ने चोरी की सूचना थरवई पुलिस को लिखित रूप से दी। लेकिन चोरी का खुलासा थरवई पुलिस नहीं कर सकी है।

# तेज रफ्तार कर ने दो किशोरो को कुचला, इलाज के दौरान हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ,प्रयागराज।** सोमवार की सुबह फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय घूरदास उर्फ महजुदवा के सामने सोमवार की सुबह 9 बजे कार की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया ,जहां इलाज के दौरान अनमोल यादव 15 वर्ष पुत्र आलोक यादव व अनुज यादव 14 वर्ष पुत्र राम सिंह यादव निवासी अमोलवा की मौत हो गई। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।बताया जाता है कि फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अमोलवा गांव निवासी उक्त दोनों किशोर सोमवार को सुबह फूलपुर की ओर जा रहे थे, कि प्राथमिक विद्यालय सराय घर दास उर्फ महजुदवा के सामने जैसे ही पहुंचे कि सामने से आ रही बैगन आर कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे अनमोल यादव व अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए ।मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस तथा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए, जहां हालत नाजुक होने के कारण उचित इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया ।



# सिंहगढ़ में बीए, बीएससी के छात्रों को वितरित किए गए स्मार्टफोन



**होलागढ़ ( प्रयागराज )।** इलाके के पंडित राम कुमार शुक्ल महाविद्यालय सर्वागौहान उर्फ सिंहगढ़ में सोमवार को बीए और बीएससी के दर्जनों छात्र और छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रबंधक रामानुज शुक्ल ने स्मार्ट फोन वितरित किया। प्रबंधक रामानुज शुक्ल ने बताया को कुल 281 पंजीकृत बच्चो के लिए सरकार ने उनके तकनीकी / डिजिटल ज्ञान बढाने के उद्देश्य से सभी बच्चों को निःशुल्क लावा कंपनी का स्मार्ट फोन दिया है। बताया कि बच्चो का नाम,आधार आदि से मिलान करके धीरे धीरे वितरित किया जा रहा है। सोमवार को प्रीती पटेल,अंजली यादव,अनिकेत,संजीत साहू,पूर्णिमा मिश्र,पूजा वर्मा,स्वाति विश्वकर्मा,निकिता विश्वकर्मा,सपना गुप्ता सहित कुल बाइस बच्चों को स्मार्ट दिया गया।वितरण का क्रम इसी तरह चलता रहेगा।इस मौके पर राजू मिश्र,दिलीप मौर्य,अंबुज,आजाद तिवारी, राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# तीन पहिया मालवाहक व पिकअप में भिड़ंत फल विक्रेता की दर्दनाक मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव, प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के जलालपुर नेशनल हाईवे संसार ढाबा के पास रविवार को संतरा लाद कर जा रहे तीन पहिया माल वाहक में ओवरटेकिंग के चक्कर में पिकअप में भिड़ंत हो गई, जिसमें पिकअप पलट गया वहीं चालक बाल बाल बच गया। संतरा से भरी थ्री व्हीलर में बैठे फल विक्रेता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज के थाना पूरामुक्ति लालबारा निवासी अशोक कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह जो फल विक्रेता थे। रविवार को अपने तीन पहिया मालवाहक गाड़ी में संतरा लाद कर मुंडेरा से नीमी थरिया के लिए जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे जलालपुर संसार ढाबा के पास पहुंचा था कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही पिकअप में ओवर टेकिंग के चक्कर में जोरदार टक्कर हो गई। वहीं आगे जाकर पिकअप पलट गया। जिसमें चालक सुरक्षित रहा तथा तीन पहिया माल वाहक में बैठे फल विक्रेता अशोक कुमार पुत्र गुलाब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक अशोक कुमार के दो बेटे व एक बेटी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।अशोक कुमार की मौत से पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# मऊआइमा के एक मकान में घुसकर लाखों की चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम घीनपुर निवासी विनोद कुमार दुबे पुत्र गोपीनाथ दुबे के यहां रविवार रात चोरों ने लाखों का सामान उठा ले गए।जानकारी के मुताबिक चोर घर के पीछे हाते में कूदकर परिजनों का कमरा बाहर से बंद कर कमरों में रखी सन्दूक, अलमारी उठा कर आंगन में रख कर घर की महिलाओं के सोने,चांदी के अभूषणों, नगदी लगभग डेढ से दो लाख रुपए, अन्य कीमती सामानों आदि लगभग दस की चोरी करने में सफल रहे। तथा सारे सामानों को अस्त व्यस्त कर दिए।सोमवार को सुबह जब परिजन सो कर उठे तो उक्त लाखों की चोरी की जानकारी हुई।इसकी सूचना 112 नम्बर और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी हुए घर से दूर एक बिना नम्बर की बाइक को उठा ले गई और बीयर की खाली बोतलों को देखा। बताया गया कि लाखों की चोरी से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है तथा ग्रामीण भयभीत हैं।इसके पूर्व मऊआइमा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं में से पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।



# वर्तमान में बदला रंगपर्व का स्वरूप

**लेड़ियारी (प्रयागराज)-** होली पर्व को अब महज कुछ दिन ही बचे हैं । बाउजूद इसके गांव में त्यौहार को लेकर चहल - कदमी नहीं दिखाई दे रही है । कुछ वर्ष पूर्व को लेकर युवाओं के साथ बुजुर्ग भी पखवाड़े भर पहले होली के गीत गुनगुनाते थे । और तैयारी में लगे रहते थे । वह सब कुछ अब सपना बनता जा रहा है । हाइटेक युग में रंगपर्व का स्वरूप ऐसा बदला कि माहौल भी बदल गया है । फगुआ गीतों के साथ ही ढोलक की थाप भी अब कम ही सुनाई देती हैं । आज यहां बात कर रहे हैं लेड़ियारी क्षेत्र की । यहां होली की चमक फीकी पड़ती दिख रही है । होली खेले रघुवीरा बिरज में होली पिया - पिया शब्द सुनवै , आज बिरज में होली रे हुरियारो की टोली अब गांवों में नहीं सुनाई देते । रंगों से सराबोर कर देने वाली होली में मिठास घोलने वाले गीत भी नहीं सुने जाते । फगुआ का राग ढोलक की थाप और झांझों की झंकार के बीच पुरानी पीढ़ी त्यौहार मनाती थी तो स्वहीन बनता था । उसकी अब कमी है । लेड़ियारी गांव निवासी 90 वर्षिय चंद्रिका प्रसाद बताते हैं कि अब साथियों के नहीं होने से गांव में फगुआ गीत का महत्व खत्म होता जा रहा है । 60 बरमदीन अग्रहरि , 90 वर्षीय श्याम नारायण यादव , 91 वर्षीय राम नारायण आनंद जी, संतोष कुमार द्विवेदी गोबरा ने बताया कि फगुआ गाने वाले शारीरिक रूप से कमजोर हो चुके हैं। अब सामंजस्य का अभाव गायकों की कमी और बढ़ता वैमनस्व आदि से परंपरा दम तोड़ रही हैं ।

# हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपर में खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉश प्रभा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में प्री प्राइमरी और को लोकोटेड आंगनवाड़ी कार्यकर्ती और संबंधित विद्यालयों के नोडल शिक्षको के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी से दो दो बच्चों को कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया गया था। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ पांडेय ने कहा की नन्हे मुन्ने बच्चों को खेलकूद के माध्यम से पठन पाठन पर जोर देने की आवश्यकता है उन्हें खेलकूद और खिलौने के माध्यम से पढ़ने पर जोर देने की जरूरत है।

ब्लॉक के लहसुनिया पंचायत के पांच पांच बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अफरोज अहमद, रघुवीर कुमार,बसंत लाल, मोहम्मद हबीब, कमल गुप्ता, अभिषेक कुमार, रामपूजन तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री आदि लोग उपस्थित रहें।

# रमजान का चांद दिखा गांव मे चहल-पहल एवं बढ़ी रौनक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** शाम होते ही रमजान का चांद का दीदार होने की सूचना पर लोग झूम उठे। कस्बा भारतगंज स्थित सोमवार को विभिन्न मोहल्लों में चांद दिखते ही लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद देते नज़र आये। वहीं रमजान का माह संयम,साधना, इबादत का माह इस्लाम मज़हब में कहा जाता है। तथा रमजान में ही कुरान भी पूर्ण हुआ था। इसलिए यह पवित्र माह भी माना जाता है। रमजान माह के 30 दिनों को तीन अशरो में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत का है। ऐसी मान्यता है कि पहले अशरे (1-10 दिन )में जो लोग रोज़ा रखते हैं और नमाज अदा करते हैं। उन पर अल्लाह की रहमत नाजिल होती है। तथा दूसरा अशरा (11-20 दिन) मगफिरत ( गुनाहों से माफ़ी) का माना जाता है। तीसरा अशरा (21-30 दिन )जहन्नम की आग से बचाने के लिए होता है। यानि प्रत्येक अशरा दस दिनों का होता है। वहीं सूफी खानें आलम नक्शबंदी कहते हैं कि इस माह को ईद - ए- सगीर या ईद -ए-सदका भी कहते हैं। बहरहाल मंगल को पहला रोजा होगा। जिससे नगर के लेड़ियारी बाजार सहित मोहल्लों के साथ इलाके के बाजारों में लोगों की चहल-पहल एवं रौनक बढ़ गई। जिससे दुकानदारों के चेहरे पर चमक एवं खुशी दिखाई पड़ी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गरीब मुस्लिम महिलाओं को राशन वितरण किया

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के निर्देश पर सदियापुर करेली में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रयागराज महानगर एवं एकता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा गरीब अल्पसंख्यक मुस्लिम महिलाओं को रमजान के मुबारक महीने में निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर महानगर संयोजक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रयागराज नवाब खान ने गरीब और कमजोर मुस्लिम महिलाओं को निशुल्क राशन वितरण किया। इस अवसर राजेश केसरवानी, अस्मत कमाल, उस्मान हुसैन , इम्तियाज गुड्डू, निगहत खान, मो सरीफ, मो मुजीब, शमशुल बेलाल, अहमद, मनोज शुक्ला, राकेश भारतीय, प्रशान्त शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



# जय सेल्स और दौलत हुसैन सेमीफाइनल में

## रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति 'प्रयागराज कप' टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

**प्रयागराज।** जय सेल्स वॉरियर्स ने श्री सहायक क्रिकेट क्लब को 38 रन से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति %प्रयागराज कप% टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जय सेल्स की जीत के साथ दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने भी ग्रुप %बी% के अंतिम चार में प्रवेश किया।

डीएवी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में जय सेल्स वॉरियर्स ने 20 ओवर में 190 रन (रोहित राजपाल 60 नाबाद, अंशुमान पाण्डेय 28, सिद्धार्थ मिश्र 28, प्रथम मिश्र 24, राहुल राजपाल 21, अश्वनी तिवारी 2/29) बनाये। जवाब में श्री सहायक क्रिकेट क्लब की टीम 13.2 ओवर में 156 रन (कृष्णा साहू 55, वर्तुल शुक्ला 46, शशांक मेहरोत्रा 3/29, आदर्श पटेल 2/26, आदर्श मिश्र 2/32) पर सिमट गई। रोहित राजपाल को रेलवे के क्रिकेटर अनूप सिंह ने जस्टिस ग्रुप की तरफ से मैच ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में मोहम्मद आरिफ व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की।

मंगलवार को रामबाबू क्लब का मुकाबला जमुना क्लब से सुबह नौ बजे और फाफामऊ क्लब का मुकाबला रिज़वी क्लब से दोपहर एक बजे से होगा।



# शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश में दखल देने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने सोमवार कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई शुरू की। उच्च न्यायालय ने संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले में सीबीआई जांच का निर्देश दिया था।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वकील से उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख को इतने दिनों में गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

### पश्चिम बंगाल सरकार ने दिया यह जवाब

राज्य सरकार के वकील ने जवाब दिया कि उच्च न्यायालय ने जांच पर रोक लगा दी थी और अदालत से निर्देश मिलने के बाद एक दिन के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। वकील ने अदालत को यह भी बताया कि सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी अधिकारियों से जुड़े संदेशखाली मामले में उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश में दखल देने से इनकार किया। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस और सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों को हटा दिया।

**सीबीआई ने शेख के नौ करीबियों को भेजा समन**

वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शेख के नौ करीबियों को समन जारी किया है। एजेंसी ने उन्हें आज पेश होने के लिए कहा है। सीबीआई को इन नौ लोगों पर संदेह है कि इन्होंने ईडी के अधिकारियों पर हमला किया।

### हमले के बाद फरार हो गए थे शाहजहां शेख

सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से जुड़े तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ली है। ईडी के अधिकारी राशन वितरण घोटाला मामले की जांच के सिलसिले में तलाशी लेने के लिए पश्चिम बंगाल गई थी। जिस दौरान शेख के समर्थकों ने कथित तौर पर उन पर हमला किया था। इस मामले में एक पश्चिम बंगाल के एक पूर्व मंत्री को भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, हमले के बाद शाहजहां शेख फरार हो गए। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद शाहजहां शेख को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया।

### महिलाओं का उत्पीड़न, जमीन कब्जाने का भी आरोप

शेख और उनके सहयोगियों पर संदेशखाली की महिलाओं ने यौन शोषण और जमीन के पट्टों को जबरन कब्जाने का आरोप भी लगाया है। इस मामले में भाजपा ने राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी सरकार पर शेख को बचाने का आरोप लगाया था। वहीं, टीएमसी ने इन आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया था।

## पत्रकार सुधीर चौधरी को झारखंड में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तारी से राहत मिली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जनवरी में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर रांची में दर्ज एक प्राथमिकी के सिलसिले में टेलीविजन (टीवी) समाचार प्रस्तोता सुधीर चौधरी को सोमवार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद टीवी चैनल पर चौधरी ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ ने पत्रकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की इन दलीलों पर गौर किया कि वह गिरफ्तारी के खतरे का सामना कर रहे हैं। पीठ ने आदेश दिया, ''अगले आदेशों तक, कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए।'' न्यायालय ने चौधरी की याचिका पर राज्य पुलिस और अन्य को नोटिस भी जारी किया।

## नए कानून के तहत न हो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग में रिक्त पड़े चुनाव आयुक्त दो पदों को भरने के लिए जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैठक होने वाली है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक याचिका दाखिल की गई है। इसमें मांग की गई है कि केंद्र सरकार नए कानून चुनाव आयुक्त (सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति न होने दे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने की बात कही है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, ''आप हमें एक ईमेल भेजिए। हम देखेंगे।'

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं। सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही निर्वाचन आयोग में इकलौती सदस्य रह गए हैं। इससे पहले अनूप पांडे फरवरी में चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए।

जया ठाकुर ने अपने आवेदन में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका लंबित है। इस पर 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया था। इसी दौरान चुनाव आयोग के एक सदस्य अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता ने कहा कि चूंकि लोकसभा चुनावों का एलान जल्द हो सकता है। इसलिए चुनाव आयुक्तों की भर्ती भी तुरंत करने की जरूरत है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट को नियुक्ति को लेकर साफ दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत है।

मुख्य चुनाव आयुक्त/आयुक्त के वेतन के संबंध में खंड 10 में संशोधन किया है। आयुक्तों को अभी सुप्रीम कोर्ट के जजों के बराबर वेतन मिलता है, लेकिन नए कानून के तहत उसमें आयुक्तों का वेतन कैबिनेट सचिव के बराबर कर दिया गया। कैबिनेट सचिव का वेतन जजों के बराबर है, लेकिन भत्तों व अन्य सुविधाओं में खासा अंतर है। सेवा शर्तों से जुड़े खंड-15 में संशोधन के साथ खंड 15(ए) जोड़ा गया है, जो चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण से जुड़ा है। खंड-15 में आयुक्तों के यात्रा भत्ते, चिकित्सा, एलटीसी व अन्य सुविधाओं को जिक्र है, जबकि 15 (ए) में कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त जो फैसले लेंगे, उसके खिलाफ प्राथमिकी नहीं हो सकेगी, न ही फैसलों को कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित खंड में संशोधन किया है, जिसमें आयुक्तों के सर्च पैनल का स्वरूप तय किया है। संशोधन के बाद अब आयुक्त की नियुक्ति से पहले देश के कानून मंत्री और भारत सरकार में सचिव स्तर के दो अधिकारी मिलकर पांच व्यक्तियों का पैनल तैयार करेंगे। इसी पैनल से अगला आयुक्त नियुक्त होगा।

**क्या है नए कानून में प्रावधान?**

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) कानून को लेकर शुक्रवार को एक सरकारी अधिसूचना जारी की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति को सिफारिशें करने के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में एक चयन समिति का प्रावधान है।

## ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में शाहजहां शेख के नौ करीबियों को समन, आज सीबीआई के समक्ष पेशी

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख के नौ करीबी सहयोगियों को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें सोमवार को यानी की आज पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। सीबीआई को इन सभी नौ लोगों पर पांच जनवरी को शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमला करने में शामिल होने का संदेह है।

सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। बता दें कि राशन वितरण घोटला मामले में एजेंसी की जांच के सिलसिले में तलाशी लेने गए ईडी के अधिकारियों पर करीब एक हजार लोगों ने हमला कर दिया था। इस मामले में राज्य के एक पूर्व मंत्री को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, ईडी अधिकारियों पर हुए इस हमले के बाद ही शाहजहां शेख फरार हो गया था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद शाहजहां शेख को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया।

### संदेशखाली की महिलाओं ने भी लगाया आरोप

संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने निलंबित टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। इस मामले में भाजपा ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी पर शाहजहां शेख को बचाने का आरोप लगाया था। वहीं टीएमसी ने इन आरोपों का पलटवार करते हुए भाजपा पर राज्य में राजनीति करने का आरोप लगाया था।

## बंगाल में उम्मीदवारों के चयन में टीएमसी की हताशा दिखती है : अधीर रंजन चौधरी

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अंतर्कलह की वजह से बेहद हताश हो चुकी है और पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की उसकी पसंद से यह स्पष्ट है। टीएमसी ने रविवार को कोलकाता में एक बड़ी रैली में राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसके साथ ही उसने विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगियों के लिए कोई सीट नहीं छोड़ी।

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, आंतरिक कलह की वजह से टीएमसी की स्थिति दयनीय हो गयी है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के दिशाहीन होने का दावा करते हुए चौधरी ने कहा कि टीएमसी को जनसभा के माध्यम से अपनी ताकत दिखानी पड़ रही है।

## 'दोस्त को शादी के लिए लड़की नहीं मिल रही'

### जल संकट सुलझाने के लिए शख्स ने राहुल गांधी से लगाई गुहार




**बंगलूरू।** कर्नाटक के बंगलूरू में जल संकट ने भीषण कोहराम मचाया है। भारत की टेक राजधानी के नाम से मशहूर इस शहर में गर्मियों से पहले कई जलाशय सूख चुके हैं। इसे लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने चिंता जताई है। वहीं, आम लोगों को कई गुना अधिक दाम देकर पानी के टैंकर लेने पड़ रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक शख्स ने जल संकट की समस्या को सुलझाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को टैग कर दिया। इतना ही नहीं शख्स ने इसके पीछे जो वजह दी, उसे लेकर पोस्ट वायरल हो रहा है।

एक्स पर पोस्ट में नरेंद्र नाम के शख्स ने कहा, 'राहुल गांधी जी, कृपया बंगलूरू का जल संकट प्राथमिकता से खत्म करने के लिए कदम उठाएं। बंगलूरू में आईटी इंडस्ट्री में काम कर रहे मेरे एक दोस्त ने हाल ही में अपने काम का अनुभव साझा किया। वह शादी के लिए लड़की ढूंढ रहा है, लेकिन कोई भी जल संकट की वजह से बंगलूरू में काम करने वाले व्यक्ति से शादी करने के लिए तैयार नहीं है।'

### 'बंगलूरू ने तीन-चार दशक में नहीं देखा ऐसा सूखा'

बंगलूरू में पानी की भारी कमी के बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में पिछले तीन-चार दशक में इतना भीषण सूखा नहीं पड़ा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सूखा पहले भी पड़ा था, लेकिन हमने कभी इतनी बड़ी संख्या में तालुकाओं को सूखा-प्रभावित घोषित नहीं किया।'' उन्होंने कहा, ''जहां भी कावेरी नदी के पानी की आपूर्ति की जानी है, वहां की जा रही है, लेकिन बेंगलुरु में करीब 13,900 बोरवेल में से लगभग 6,900 बोरवेल काम नहीं कर रहे।'' कर्नाटक डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने ''चीजों को अपने नियंत्रण में ले लिया है'' और पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था की गई है।

## भाजपा सांसदों ने किया पीएम मोदी का जोरदार स्वागत, बांसुरी स्वराज भी पहुंचीं




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली हरियाणा को जोड़ने वाले द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया है। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के सभी सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली से भाजपा के घोषित उम्मीदवार भी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम पहुंचने पर लोगों का अभिवादन किया।

दिल्ली से भाजपा के मौजूदा सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार गुरुग्राम पहुंचे और पीएम मोदी का स्वागत किया। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुरुग्राम में एक रोड शो में शामिल हुए। यहां उन्होंने करीब एक लाख करोड़ की 112 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट की योजनाओँ का लोकार्पण किया। जिसकी वजह से दिल्ली और गुरुग्राम के एनएच-48 पर यातायात में सुधार आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों संग श्री रामलला के दर्शन किए

**अयोध्या।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और कई प्रमुख नेताओं के साथ सोमवार को अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला का दर्शन-पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। राम जन्मभूमि पर दर्शन करने के बाद भजनलाल शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, '' मुझे आज यहां अयोध्या पहुंचकर खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, '' मैंने पहले टेंट में दर्शन किए थे, यह सुखद है कि हम भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान श्रीराम का दर्शन कर रहे हैं। मैं अभिभूत हूं कि रामलला के इतने भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है।'' शर्मा के साथ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी, जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा, राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री दिलावर के अलावा वहां के मुख्य सचिव सुधांशु भी मौजूद रहे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार, जमीन आवंटन में देरी पर जताई नाराजगी




**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने नई कोर्ट बिल्डिंग के लिए जमीन आवंटन में हो रही देरी के लिए महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई है। नई कोर्ट बिल्डिंग मुंबई के उपनगर बांद्रा में बनाई जानी है। हाईकोर्ट की जस्टिस देवेंद्र उपाध्याय और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की सदस्यता वाली डिविजन बेंच ने राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि वह कोई असहज स्थिति पैदा नहीं करना चाहते हैं।

### सरकार पर 2018 के आदेश के उल्लंघन का आरोप

पीठ ने वकील अहमद अब्दी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। याचिका में आरोप लगाया गया कि सरकार ने साल 2018 के हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार को अदालत की नई इमारत के लिए जमीन आवंटन करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने माना कि दक्षिण मुंबई में मौजूद कोर्ट बिल्डिंग जर्जर हालत में है और उसमें न्यायिक अधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीते साल सरकार ने कोर्ट को बताया था कि 30 एकड़ जमीन के आवंटन की मंजूरी दे दी गई है और राज्य के राजस्व दस्तावेजों में जरूरी बदलावों के बाद जमीन आवंटित कर दी जाएगी।

### कोर्ट ने जताई नाराजगी

वहीं सरकार की तरफ से पेश हुए वकील अभय पाटकी ने बताया कि जिस जमीन का आवंटन किया जाना है, उस पर कुछ न्यायिक अधिकारियों के आवास हैं और पहले उन आवासों के लिए वैकल्पिक जगह की तलाश की जा रही है। इस पर चीफ जस्टिस उपाध्याय ने कहा कि 'बॉम्बे हाईकोर्ट की इमारत की स्थिति सभी को पता है। इस इमारत की और एनेक्सी इमारत की हालत भी खराब है। हमारे अधिकारी वहां काम करते हैं और उनकी जिंदगी पर संकट है। वे खतरनाक हालात में काम करते हैं उनके पास स्टोरेज और घूमने के लिए जगह नहीं है। सीढ़ियों की भी हालत खराब है।' कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार को पता था कि जमीन खाली नहीं है फिर इतने लंबे समय से कुछ क्यों नहीं किया गया? क्या पुनर्वास के लिए कोई योजना है? याचिका में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर जमीन आवंटन में देरी की जा रही है क्योंकि सरकार की जमीन आवंटन में कोई रुचि नहीं है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 28 मार्च तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है, जिसमें सरकार को जमीन खाली करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा गया है।

## ईडी पर हमले की जांच के सिलसिले में टीएमसी नेता के घर पहुंची सीबीआई, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मांगे




**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले की जांच के सिलसिले में सोमवार को उत्तर 24 परगना के बनगांव का दौरा किया। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को हमला किया गया था, जब वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शंकर आध्या को गिरफ्तार करने पहुंची थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### हमले के एक दिन बाद आध्या की गिरफ्तारी

उन्होंने कहा, ईडी के अधिकारियों पर भीड़ ने उस वक्त हमला किया, जब वे कथित राशन घोटाले के सिलसिले में आध्या से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी लेने गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष आध्या को करीब 17 घंटे तक चली तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया था।

### ईडी की टीम पर किया था पथराव

भीड़ ने कथित तौर पर ईडी की टीम को आध्या को अपने साथ ले जाने से रोकने की कोशिश की और उनके वाहनों पर पथराव किया था। उन्होंने बताया कि टीम के साथ मौजूद सीआरपीएफ कर्मियों को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

### 'टीएमसी नेता के परिवार को दिया नोटिस'

उन्होंने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों ने आध्या के परिवार को नोटिस भी दिया और घर में लगे सीसीटी कैमरों की पांच जनवरी की फुटेज मांगी। केंद्रीय एजेंसी ने बनगांव नगर पालिका के मौजूदा अध्यक्ष गोपाल सेठ के घर का भी दौरा किया और सिमुलतला इलाके के सीसीटीवी फुटेज मांगे, जहां आध्या का घर है। सेठ ने कहा कि उन्होंने सीबीआई को बताया कि 25 दिनों तक का ही फुटेज स्टोर किया गया है।

### सीबीआई के सामने पेश हुए शाहजहां के करीबी

इस बीच, शाहजहां शेख के एक करीबी सहयोगी जियाउद्दीन मोल्ला उसी दिन संदेशखाली मे ईडी की एक अन्य टीम पर हमले के सिलसिले में कोलकाता में सीबीआई के सामने पेश हुए। मोल्ला ने पत्रकारों से कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं।

## जीएमआर हैदराबाद हवाई अड्डे को मिला एएसक्यू सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा पुरस्कार

**हैदराबाद।** जीएमआर हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सोमवार को कहा कि उसे 1.5-2.5 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता वाली श्रेणी में एशिया-प्रशांत क्षेत्र का वर्ष 2023 का लिए हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 2023 में वैश्विक स्तर पर भाग लेने वाले 400 से अधिक हवाई अड्डों में से उसे एक बार फिर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के एएसक्यू सर्वेक्षण में यह पुरस्कार दिया गया है। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रदीप पणिक्कर ने कहा, हम इस मान्यता के लिए टीम और सभी हवाईअड्डा हितधारकों को उनके समर्पण, अथक परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं।

## 3000 सरकारी कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा, लालडुहोमा सरकार ने की कार्रवाई



**आइजोल।** मिजोरम में कम से कम 3,365 सरकारी कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अपने स्थान पर अवैध रूप से काम करने वाले दूसरे लोगों को काम पर रखा है। पिछले साल दिसंबर में राज्य की कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने उन व्यक्तियों के बारे में जानकारी मांगी है, जो कर्मचारियों के बदले काम कर रहे थे। लालडुहोमा ने जनवरी तक उन्हें खुद रिपोर्ट करने को कहा था।

इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग सबसे आगे है। यहां करीब 1,115 लोग कर्मचारियों के बदले काम कर रहे हैं। वहीं दूसरे स्थान पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग है, जहां 624 लोग है। बिजली विभाग में 253 लोग काम कर रहे हैं।

### कर्मचारियों ने बताई वजह

अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखने वाले 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने ऐसा अपने स्वास्थ्य की वजह से किया है। वहीं अन्य 703 कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने घरेलू वजहों से ऐसा किया। लालडुहोमा ने हाल ही में कहा था कि राज्य कैबिनेट सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपने स्थान पर अन्य लोगों को काम पर रखने के मामलों पर विचार करेगी और अंतिम निर्णय लेगी। मिजोरम में वर्तमान समय में 50,000 सरकारी कर्मचारी हैं।

# 'शिक्षक के बिना देश का विकास संभव नहीं'

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** विकसित भारत मिशन की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए प्रारंभ किए गए निपुण भारत मिशन को सफल बनाने हेतु एसएमसी के अध्यक्ष,सचिव, ग्राम प्रधान एवम स्थानीय निकाय के सदस्यों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवम उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ कस्बे के शिवा गेस्ट हाउस में किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय बंगलहा कुटी के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना व कंपोजिट विद्यालय ढखेरवा खालसा के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी ने जनजातीय समाज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु बीईओ फूलचन्द के निर्देशन, नोडल एआरपी मधुरेश शुक्ल के सह निर्देशन, नोडल संकुल शिक्षक सुधांशु पंत के संयोजन, शिक्षक गंगाराम, सुनीता कुमारी के सह संयोजन में प्रारंभ किया गया नवाचार, ट्राइबल एजुकेशनल नॉरिशमेंट इनोवेशन ( टेनी ) का शुभारंभ थारू समाज के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अध्ययन सामग्री वितरण कर किया । केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने संबोधित करते हुए सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्त्वपूर्ण योजनाओं को सरल भाषा में सविस्तार बताया व ब्लॉक में ऑपरेशन कायाकल्प में सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रभारियों को और ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने ब्लॉक स्तर पर शुरू किए गए नवाचार के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी निघासन व समस्त टीम की सराहना की और विश्वास प्रकट किया कि यह नवाचार जनजातीय समाज की शिक्षा के स्तर के सुधार में मील का पत्थर बनेगा। बीईओ ने ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्ष व सदस्यों को साधुवाद दिया व उनके उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षक, ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष की आपसी समन्वय के बिना विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती, निघासन क्षेत्र के शैक्षिक उन्नयन हेतु आपसे अधिकतम सहयोग अपेक्षित हैं।एआरपी मधुरेश शुक्ल ने शारदा कार्यक्रम के विषय में और विगत वर्ष के कार्यक्रम में लिए गए प्रत्येक संकल्प के पूर्ण होने उद्घोषणा की और पुष्टि स्वरूप राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों की प्रतिलिपि मुख्य अतिथि महोदय के समक्ष प्रस्तुत की, जिसकी मंत्री जी ने अत्यंत प्रशंसा की और प्रतिलिपियों को अपने अभिलेखीकरण में संरक्षित करने की बात कही।एआरपी मनोज कुमार ने डीबीटी कार्यक्रम, एआरपी देवेंद्र सिंह तोमर ने ऑपरेशन कायाकल्प, एआरपी नेहा उपाध्याय ने निपुण कार्यक्रम, एआरपी अनिल प्रताप सिंह ने एसएमसी के विषय में जानकारी दी।प्राथमिक विद्यालय बेलापरसुआ, कंपोजिट विद्यालय सिंधौना, उच्च प्राथमिक विद्यालय चखरा के विद्यार्थियों द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम का संचालन वैभव पाण्डेय व दिलशाद अहमद के द्वारा किया गया।

# लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी का कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया भव्य स्वागत

**लोकमित्र संवाददाता**



**सिंगाही-खीरी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी से टिकट की हरी झंडी मिलने के बाद वह अपने गृह जनपद लखीमपुर खीरी एवं विधानसभा 138 निघासन पहुंचे।

निघासन पीडब्लू डी रोड स्थित अपने पेट्रोल पंप पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर सभी को धन्यवाद दिया और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने चुनावी समर में कार्यकर्ताओं को जी तोड़ मेहनत कर भारी मतों से जितवाने की अपील की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार लोकसभा क्षेत्र 28 खीरी से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का फूल मालाओं और अंग वस्त्र भेंट कर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर नगर के सभी नगर वासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पलिया विधायक रोमी साहनी का प्रयास रंग लाया



**» नगर पंचायत भीरा के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** प्रदेश के नगर विकास मंत्री ने पलिया विधायक रोमी साहनी के पत्र को गंभीरता से लेकर नगर पंचायत भीरा के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा दिलाने के लिए दो करोड़ बारह लाख रुपए का बजट स्वीकृति किया है जिसके बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य चालू होगा।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री ने आज दोपहर बाद विधायक रोमी साहनी को फोन कर अवगत कराया है कि आपके पत्र पर नगर पंचायत भीरा में पेयजल की सुविधा के लिए दो करोड़ बारह लाख रुपए का बजट स्वीकृति कर दिया है शीघ्र ही नागरिकों को पेयजल की सुविधा मिलेगी। विधायक रोमी साहनी ने नगर विकास मंत्री का आभार जताया है।

## सात कार्यकर्ता वापस पांच पदो पर नई भर्ती, मण्डल महामंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

**धौरहरा-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के दर्जन भर पदाधिकारियों के इस्तीफे सुर्खियों में आने के बाद जिलाध्यक्ष सुनील सिंह सोमवार को गंभीर हो गए।उनके निर्देश पर पार्टी पदाधिकारियों की आकस्मिक बैठक में इस्तीफ़ा देने वाले 12 में से सात लोग भी शामिल हुए।मंडल महामंत्री आनंद शुक्ल की अध्यक्षता में कस्बे के हलवाई मंदिर में हुई बैठक के दौरान इन लोगों ने त्यागपत्र की बात नकारते हुए इसका ठीकरा मंडल उपाध्यक्ष धीरज निगम,व बूथ अध्यक्ष राजेश नाग,सुरेश नाग,राजकुमार साहू और जगदंबा भार्गव पर फोड़ा।आनंद शुक्ल ने बताया कि इन पांच लोगों के अलावा सभी कार्यकर्ता संगठन का काम कर रहे हैं।इन पांच के स्थान पर इनकी निष्क्रियता के कारण काफी पहले से दूसरे कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया जा चुका है। जिलाध्यक्ष के अनुमोदन के बाद इनके नाम की घोषणा की जाएगी।

# महीनो से बंद पड़े दो दर्जन आर ओ प्लांन्ट, माहे रमजान के साथ भयानक गर्मी की होगी शुरुआत

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** आने वाले समय में भयानक गर्मी में आम लोगों की प्यास बुझाने के लिए शुद्ध पानी के लिए केन्द्र व राज्य सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है।और इसके लिए पूरे क़स्बे भर में नगर प्रशासन द्वारा जगह जगह आर ओ प्लान्ट लगाकर आम लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे।

मंगलवार 12 मार्च से मुस्लिम समुदाय में पवित्र माहे रमजान की शुरुआत के साथ आने वाले समय में भयानक गर्मी पड़ने के आसार को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की द्रष्टि से आर ओ के लगभग दो दर्जन फिल्टर व सादे प्लांन्ट कस्बे भर में रोपित किए गए हैं।तब पंचायत प्रशासन द्वारा बताया गया था कि इन बैकल्पिक प्लान्टों के सहारे नगर निवासियों को शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। ज्ञात हो तराई क्षेत्र होने के



नगर पंचायत धौरहरा में शो पीस आर ओ प्लान्ट

कारण यहां के ज्यादातर वासिंदे पेट रोग व गैस से पीड़ित है।मंगलवार को माहे रमजान की शुरुआत के साथ साथ आने वाले समय में भयानक गर्मी पड़ने के आसार दिख रहे है।मगर नगर प्रशासन के विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण कस्बे में लगे आर ओ प्लान्ट शो पीस बनकर रह गए हैं। इस प्रकरण में पंचायत के लिपिक नोमान अहमद से जानकारी चाही तो महोदय का फोन नही उठा।

# जिला समाजवादी पार्टी युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव ने 52 सदस्यीय कमेटी घोषित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिला समाजवादी पार्टी युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव ने 52 सदस्यीय कमेटी घोषित की, सुल्तान खान बने महासचिव व उपाध्यक्ष अतुल कुमार, शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, दीपक यादव, अनुभव रावत, दानिश खा बने! आज समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर अपनी 52 सदस्य कमेटी की घोषणा की जिसमें मुख्य अतीथ फिरोज खान गब्बर मौजूद रहे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कमेटी में उपाध्यक्ष अतुल कुमार, शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, दीपक यादव, अनुभव रावत, दानिश खा महासचिव सुल्तान खान कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मीडिया प्रभारी मोहम्मद अनस, सचिवअशोक यादव, आजाद सिद्दीकी, अविनाश सिंह, आशिक यादव, वीरेंद्र कुमार बबलू, बजरंग उपाध्याय, शशांक यादव, रामदुलारे, समरपाल सिंह, मोहम्मद शरीफ, सुधांशु यादव, अनिल, वीरेंद्र यादव, अजय रावत अज्जू, विशाल यादव, शैलेश कुमार गोस्वामी, प्रेम कांत यादव, सुरेंद्र पाल, मनोज यादव, हिमांशु यादव, पवन कुमार रावत, बृजेश निषाद, सुशील रावत, रियाज खान, अफजल अली, अमन आर्य, रवि शर्मा, उपेंद्र कुमार, अनिल कुमार बाबा, विजय यादव सदस्य- शिवकुमार गोड़, अजय तिवारी अज्जू, राजकुमार, संदीप कुमार, हरिनाथ यादव, बृजेश प्रताप कोरी, प्रिंस, दिनेश कुमार, अफजल खा, जितेंद्र यादव, जीतू श्रीवास्तव, रामचरण यादव गांधी बनाए गए बीकापुर प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा ये चुनाव सविधान को बचाने का चुनाव है, भारतीय जनता पार्टी संविधान को मिटाना चाहती है।

# केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने रपटा पुल का किया लोकार्पण



केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने ग्राम पंचायत बैलहा के गांव मिठुई व मटहिया मार्ग पर रपटा पुल का किया लोकार्पण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**निघासन-खीरी।** ग्राम पंचायत बैलहा के मिठुई के पास केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री द्वारा बनवाए गए रपटा पुल का लोकार्पण किया। इस रपटा पुल बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई इस रपटा पुल बनने से ग्रन्ट नम्बर 12 समेत लगभग एक दर्जन गांवों को लाभ मिलेगा। बरसात के समय लोगों को निकलना मुश्किल था । बच्चे शिक्षा के लिए नाव का सहारा लेते थे।इस समस्या को देखते हुए मंत्री जी ने तुरंत मंजूरी दिलाई जो आज बन कर तैयार हो गया है। जिसका लोकार्पण आज किया गया। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप सबके समर्थन से दस साल सेवा की है आप लोग इसी तरह समर्थन करते रहिए मैं निरंतर इसी तरह सेवा करता रहूंगा। विकास करना हमारा कर्तव्य है सरकार द्वारा देश में निरंतर विकास की गति बढ़ी है।काफी विकास देश का हुआ है।इस दौरान कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय,के पी राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, सिंगाही चेयरमैन मो कय्यूम,लक्ष्मण यादव, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, जुगुल किशोर, श्रवण कुमार लोधी, रमेश लोधी,धनीराम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की, दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, उन विभाग के अफसरों से जाना कि वह कैसे लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए।



डीएम ने वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, वन विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही के सम्बन्ध में भी जानकारी ली एवं जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गतवर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे। बैठक में डीएम ने न्यायालय में लम्बित मुकदमों की समीक्षा करते हुये समस्त एसडीएम व तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। राजस्व वादों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें।

डीएम ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है, राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें।

# 13 मार्च को खीरी आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन



**लोकमित्र, श्रीकान्त शाक्य**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 13 मार्च को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 02 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी।

आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वंय मौजूद रहेंगे।

## श्री विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर में चार कन्याओं की कराई शादी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि पर्व पर गाजे बाजे से निकली गई भगवान भोले शंकर की बारात। बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत, डीजे की धुन पर झूमते गाते बारातियों ने लगाए हर हर महादेव के नारे। बारात में ढोल नगाड़े गाजे बाजे भूत प्रेत और अघोरी बाबा शिव विवाह की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र। वहीं हर साल की भांति इस साल भी 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित श्री विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर चार गरीब असहाय कन्याओं का विवाह पूर्व पार्षद दिलीप यादव व उनके धर्मपत्नी के सहयोग से विधि विधान से मंदिर में कराया गया, कन्याओं को महापौर गिरीश त्रिपाठी, विकास सिंह कबड्डी संघ के अध्यक्ष, मनोज जायसवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता, शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे, नरेश जायसवाल, अर्जुन यादव, अनिल सोनी भाजपा नेता, शाश्वत यादव, प्रियांशु यादव, चंद्रहास यादव को आशीर्वाद दिया।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनी फरियाद, वृद्ध फरियादी को मिलेगा योजनाओ का लाभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार सुबह निघासन तहसील के ग्राम गौढ़ीपुरवा (झंडीराज) निवासी वृद्ध छोटेलाल जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी।'

अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।

डीएम ने फरियादी छोटेलाल की वृद्धावस्था पेंशन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशुशेखर, राशन कार्ड के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को दफ्तर बुलवाया। निर्देश दिए कि आवेदन के लिए जरूरी प्रपत्र लेकर न केवल आवेदन करवाया जाए बल्कि जल्द ही लाभ प्रदान किया जाए। वही फरियादी की मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता को निर्देशित किया।

# सम्पर्क व संवाद के जरिए सरकार की योजनाओं की चर्चा करें : लल्लू सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** विधानसभा अयोध्या के महानगर, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग व शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजकों व अन्य पदाधिकारियों की कार्यकर्ता बैठक कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लॉन में आयोजित की गई। लोक सभा चुनाव में बूथ प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह का 51 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में लोक सभा के संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से वृत्त लिया।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं व विकास को अयोध्या के हर व्यक्ति ने महसूस किया है। कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क अभियान चलाएं। सम्पर्क व संवाद के जरिए सरकार की योजनाओं की चर्चा करें।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरी है। यहां का अद्वितीय विकास हो रहा है। हम सभी की भी जिम्मेदारी कि देश में सर्वाधिक मतों से अयोध्या के चुनाव में विजय प्राप्त हो।पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अयोध्या चुनाव पर पूरे विश्व की निगाहें लगी है। इस बार जीत बहुत बड़े अंतर से हो इस संकल्प के साथ हम सभी को कार्य करना है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ जीतेंगे तथा चुनाव जीतेंगे। चुनाव जीतने का मूल मंत्र बूथ प्रबंधन है। सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ स्तर के कार्यकताओं व पन्ना प्रमुख से लगातार सम्पर्क में रहें। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से लगातार जनता से सम्पर्क व सवांद करते रहें। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि कमजोर व हारे हुए बूथों पर विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जाए। जो बूथ पिछले चुनाव में जीते थे वहां जीत के अंतर को और बढ़ाना है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने कहा कि पिछले चुनाव से जीत के अंतर और बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं।

बैठक में लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह, जिपंअ रोली सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, शक्ति सिंह, विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन, विधान सभा संयोजक रमापति पाण्डेय, जयनारायण सिंह रिंकू, अनुज दास, विजय गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, आशा गौड़, बसंती सिंह, अशोका द्विवेदी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, प्रतीक श्रीवास्तव, परमानंद मिश्र, गन्ना चेयर मैन दीपेन्द्र सिंह, कांशीराम रावत, लक्ष्मण वर्मा, सूरज सोनकर, विशाल सिंह बाबा, रवि शर्मा, प्रतिमा शुक्ला, बालकृष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनडीए के 10 और सपा के तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, अपना दल को एक सीट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हैं। यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे। एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल विच्छेलाल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। सपा की ओर से तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सपा ने बलराम यादव, गुड्डू जमाली और किरण पाल कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में विधान परिषद चुनाव होना तय हो गया है।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अपना दल एस से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा से विच्छेलाल राजभर ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## यूपी को 3666 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यूपी कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद थे।



उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने से लखनऊ में जाम की समस्या खत्म होगी। कानपुर से आने वालों को अयोध्या जाने के लिए लखनऊ के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह पूरे प्रदेश के लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विकास कार्य की झड़ी लगी है। रक्षामंत्री ने पहले शहीद पथ बनवाया और अब रिंग रोड बनवा दिया है।

## आशीष पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधान परिषद के लिए नामांकन किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपना दल एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की उपस्थिति में विधान परिषद सदस्य के लिए विधान सभा स्थित नामांकन कक्ष में नामांकन दाखिल किया।

इस अवसर पर उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी नेता ने हमें दूसरी बार विधान परिषद सदस्य के लिए अवसर प्रदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि सोमवार एनडीए के सभी दलों के 10 सदस्यों को नामांकन करने का अवसर मिला।

पर्चा दाखिला के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, अपना दल एस के विधानमंडल दल के नेता रामनिवास वर्मा, विधायकगण जयकुमार सिंह जैकी, शफीक अंसारी, डॉ सुनील पटेल, जीतलाल पटेल, डॉ. आरके पटेल,सरोज कुरील, रिंकी कोल, डॉ. सुरभि, अविनाश चंद्र द्विवेदी सहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह, नागेंद्र पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गाजीपुर बस हादसे में मंत्री ए .के . शर्मा की सख्त कार्रवाई, तीन निलंबित एक की सेवा समाप्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** गाजीपुर जिले में एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से दु:खद हादसा हुआ है। बस में लगी आग से पांच लोगों की मृत्यु हो गयी वहीं कई लोग झुलस गए हैं। ऊर्जा एवं नहर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने घटना की जानकारी होते ही तीन अधिकारियों को निलंबित और एक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं बस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मंत्री श्री शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता मनीष, एस डी ओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को निलंबित और लाइनमैन नरेंद्र (संविदा कर्मी) की सेवा समाप्ति के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी, मंडलायुक्त, ज़िलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता से बात की। सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाते हुए, घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सहित प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का आग्रह किया है। साथ ही मंत्री श्री शर्मा पीड़ति परिवारों से स्वयं मिलने के लिए गाजीपुर और मऊ भी पहुंचे।

बता दें कि गाजीपुर के मरदह थाना के 400 मीटर के पास एचटी तार के संपर्क में आने से बस में आ आग लग गई। जिसमें कुल 5 लोगों की मौत हो गयी हैं, वहीं 10 से अधिक लोग घायल बताये जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी बताई जा रही है। बस मऊ से एक वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही थी जिसमें कुल 38 बराती बस में सवार थे।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए विभागीय उत्पादों के निर्यात को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय

### राकेश सचान ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने के संबंध में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**» ओडीओपी उत्पादों के विपणन, ब्रांड प्रमोशन एवं ई-मार्केटिंग को बढ़ावा दिये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने हेतु विभागीय स्तर पर की जा रही कार्यवाही एवं कार्यों के संबंध में सोमवार को यहां निर्यात भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए विभागीय उत्पादों के निर्यात को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में विभाग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। एम.एस.एम.ई. (सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्योग) क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था में विशेष भूमिका अदा करता है तथा पूंजी निवेश, उत्पादन एवं रोजगार में सार्थक योगदान देता है।

राकेश सचान ने बैठक में निर्देश दिया कि ओडीओपी उत्पादों के विपणन एवं ब्रांड प्रमोशन एवं ई-मार्केटिंग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से ओडीओपी मार्ट ई-कामर्स पोर्टल को अधिक वाईब्रेट एवं डाइनेमिक बनाने हेतु विभिन्न ई-कॉमर्स कम्पनियों द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाय।

समीक्षा बैठक में एन0एस0ई0 इमर्ज एवं नोडल एजेंसी डिलॉइट संस्था द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। एन0एस0ई0 इमर्ज द्वारा किये गये प्रसतुतीकरण में एम0एस0इम0ई0 सेक्टर के विकास एवं पूंजी निर्माण के लिए राज्य सरकार से एम0एस0एम0ई0 विभाग के ओ॰डी॰ओ॰पी॰, लघु एवं मध्यम उद्यम की प्रदेश में संचालित यूनिट्स को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर कर पूँजिगत निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

डिलॉइट संस्था द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए किये गये प्रस्तुतिकरण में विभागीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई क्लस्टर्स के विकास किये जाने पर जोर दिया गया। डिलॉइट संस्था द्वारा उल्लेख किया गया कि प्रदेश की 11,000 एमएसएमई इकाईयों का योगदान ही जी0डी0पी0 में प्रदर्शित होता है। इस सम्बन्ध में प्रदेश की अधिक से अधिक एमएसएमई इकाईयों का जी0डी0पी0 में योगदान प्रदर्शित हो इसके लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार में चल रहे गैप को पूरा करने का प्रयास किये जाने पर बल दिया गया है।

समीक्षा बैठक में रॉ मैटेरियल बैंक के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुए कोयम्बटूर (तमिलनाडु) तथा ओडिशा में कार्य कर रही संस्था द्वारा संचालित कार्यों के अवलोकन हेतु विभागीय अधिकारियों को विजिट करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक जनपद की स्थानीय निर्यात सम्भावनाओं को एक्सप्लोर करते हुए अधिकतम सदुपयोग, स्थानीय रोजगार सृजन, निर्यात अनुकूल वातावरण सृजन हेतु उद्यमियों को आवश्यक अवस्थापना, लॉजिस्टिक, वित्त पोषण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जनपद को पोटेंशियल एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए समस्त 75 जनपदों में व्यापक अध्ययन व स्टेक होल्डर्स कन्सल्टेशन के माध्यम से जिला निर्यात कार्य योजना तैयार किये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्याय विभाग एवं सीएससी–एसपीवी भारत सरकार द्वारा राज्य स्तरीय "हमारा संविधान हमारा सम्मान" कार्यशाला और मेले का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के 75वें आज़ादी के अमृत महोत्सव पर्व मनाए जाने के क्रम में न्याय विभाग तथा सीएससी-ई- गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के द्वारा जन-जन तक अपनी जनहित सेवाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं मेले का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मर्करी सभागार लखनऊ में किया गया।

कार्यशाला के अंतर्गत "जन सेवा जनता के द्वार" अभियान के द्वारा जिसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर के सीएससी संचालको का प्रशिक्षण और आम जनता तक यह योजना पहुंचाना था, टेली-ला कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन करना और राज्य में टेली-लॉ, न्याय बधु, न्याय सेतु और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला-ग्राम स्तर पर "हमारा संविधान हमारा सम्मान" अभियान की शुरुआत की



गई। कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल तथा स्टेट हैड सीएससी राजेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि नें भारत सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये सीएससी के प्रयासों की सराहना किया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न सेवाओं पर आधारित स्टालों का निरीक्षण किया और प्रचार-प्रसार वाहन को झंडी दिखाई।

विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी ने कहा कि हमारे संविधान का सम्मान लोकतंत्र के कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका पर टिकी है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार सिंह उप महानिदेशक तथा निदेशक डा. प्रवीन कुमार सिंह क्षेत्रीय कार्यालय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ को शाल तथा मोमेंटों देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि भारत के संविधान में संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। सर्विस सेंटरों के माध्यम से टेली-ला योजना एक वरदान के रुप में साबित हो रही है। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज कानपुर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौजूद वीएलई (ग्रामीण स्तरीय उद्यमी) तथा लोगों को सचित्र वर्णन करते हुए योजना के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान टेली-लॉ सेवा में सर्वोत्तम कार्य करने वाले सीएससी जिला प्रबन्धक/पैनल लायार तथा वीएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएससी के नमिता द्विवेदी तथा पैनल लायर नेहा ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण राज्य से लगभग 450 कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों समेत द्वारा सीएससी से संबद्ध 70 से अधिक पैनल लायरों ने प्रतिभाग किया।

## मोबाइल के दौर में सामाजिक सद्भाव, लोककला एवं ग्रामीण लोक संस्कृति को जीवित रखने के लिए राज्य सरकार की अनूठी पहल : जयवीर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 18 मण्डलों के 18 ग्राम प्रधानों/प्रतिनिधियों को ढोलक, हारमोनियम, मजीरा, घुंघरू तथा झींका वाद्ययंत्रों की किट वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों की लोक संगीत एवं विरासत को संवर्धित करने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के समस्त ग्राम सभाओं को चरणबद्ध रूप से वाद्ययंत्रों का सेट प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्रामीण संस्कृति और लोक संगीत की शैली प्रभावित हुई है। इसको जीवंत बनाये रखने के लिए राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतां को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

जयवीर सिंह सोमवार को संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर के परिसर में संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के तहत ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र वितरित करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 18 मण्डलों के 475 ग्राम प्रधान/उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने ग्राम प्रधानों का आवाह्न किया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संभव हो पाया है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सदियों से गॉवों में अपनी लोकगायन की अनूठी परम्परा चलती आई है। मोबाइल के आने से धीरे-धीरे लोककला एवं वाद्ययंत्र विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे हैं। इस लोक विरासत एवं समृद्ध संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। लोक संस्कृति की बहुत गहरी जड़े हैं। गॉव देहात की अपनी अनूठी शैली होती है। इसके माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव का तानाबाना बना रहता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में मोबाइल के कारण लोग एकांतवादी होते जा रहे हैं, जो हमारे लोक जीवन एवं लोक संस्कृति के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

जयवीर सिंह ने कहा कि लोक संगीत एवं कलाकार सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। राज्य सरकार लोक संगीत, कला एवं वाद्ययंत्रों को जीवित रखने के लिए ग्राम पंचायतों को किट प्रदान करने की पहल की है। धीरे-धीरे सभी ग्राम पंचायतों में वाद्ययंत्र उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इससे जहां एक ओर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्राचीन विरासत को जीवंत बनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास तथा राष्ट्र की मुख्यधारा में भागीदारी की शुरूआत गांव से ही होती है। गॉव में ही भारत की आत्मा बसती है।

जयवीर सिंह ने कहा कि वह स्वयं ही लम्बे समय तक ग्राम प्रधान रहे हैं। ग्राम प्रधान विकास की रीढ़ होता है। देश के प्रधानमंत्री ने भारत को ग्लोबल लीडर बनाने का संकल्प लिया है। आज भारत ब्रिटेन का पीछे छोड़कर विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत को ग्लोबल लीडर बनाने में उ0प्र0 ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य कर रहा है। इसमें ग्राम प्रधानों को महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी के कुशल मार्गदर्शन में उ0प्र0 पर्यटन के हब के रूप में विकसित हो रहा है। प्रदेश में 403 विधानसभा क्षेत्रों में एक पर्यटन स्थल विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उ0प्र0 नये भारत का नया उ0प्र0 है।

## नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास

**» नगरों के समृद्ध विकास से नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं: ए.के. शर्मा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ ही उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है।

नगरों के समृद्ध विकास के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार हो, इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है। इसी दृष्टि से नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की 3419 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कल 12 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कर-कमलों द्वारा किया जा रहा।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नगरीय जीवन को बेहतर बनाने के लिए यहां की नगरीय व्यवस्थापन को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही। प्रदेश की योगी सरकार ने इसके लिए कई विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। नगरों को स्वच्छ बनाने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा।

नगर विकास मंत्री ने बताया कि विभाग की 22 योजनाओं के तहत नगरों के विकास के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। इसमें 9458.66 करोड़ रूपये लागत की 3150 कार्यों का शिलान्यास तथा 1632.58 करोड़ रूपये लागत की 269 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय आवश्यकताओं पर हुआ मंथन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्राग नारायण रोड स्थित निदेशालय समाज कल्याण के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक नीति संवाद का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में हुई परिचर्चा में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। कार्यक्रम में असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र भार), डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण, कृष्णा प्रसाद, उपनिदेशक, समाज कल्याण, डॉ. अनीता भटनागर जैन, सुभाष चंद्र, डॉ. अभिषेक शुक्ला, ए के सिंह, रवि भट्ट आदि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक पोर्टल और प्रदेश के युवा प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए अभ्युदय पोर्टल का लोकार्पण किया गया। पहले सत्र में वंचित और निराश्रित वरिष्ठ



नागरिकों के लिए आवासीय सुविधा पर चर्चा की गई। असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण ने वृद्धजनों हेतु पोर्टल लॉन्च करते हुए बताया कि पोर्टल पर वृद्धजनों को वृद्धाश्रम को लेकर आवश्यक जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय सुविधा पर परिचर्चा की। वहीं, दूसरे सत्र में मध्यम वर्ग एवं तीसरे सत्र में संपन्न वर्ग से संबंधित आवासीय सुविधाओं पर संवाद किया गया। चर्चा के दौरान विभिन्न आय वर्ग के वरिष्ठ जनों की समस्याओं, उनकी शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार रखे गए, जिसमें सरकारी पहल के साथ ही एनजीओ, एवं कम्युनिटी आधारित प्रयासों को सम्मिलित करते हुए वरिष्ठ नागरिक नीति पत्र बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर स्मृति चिह्न वितरण किया गया। वृद्धाश्रमों में दी जा रहीं सुविधाएं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है। इन आश्रमों में वृद्धजनों को खाना, गर्म कपड़े, दवाई, मनोरंजन के साधन आदि उपलब्ध कराया जाता है।विभाग द्वारा प्रदेश के 53 लाख वृद्धजनों को पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक नीति के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है।

## न्यू सुपर स्पेशिलिटी ओपीडी कार्डियोलोजी का उद्घाटन

**लखनऊ।** के जी एम यू के न्यू सुपर स्पेशिलिटी ओपीडी कार्डियोलोजी का उद्घाटन कुलपति डा॰ सोनिया नित्यानन्द के कर कमलो द्वारा किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष कार्डियोलोजी डा॰ एस॰ के॰ द्विवेदी, डा॰ ऋषि सेठी, डा॰ माला कुमार, डा॰ एस॰ के॰ सिंह॰, डा॰ बी॰ के॰ ओझा, डा॰ शैलेन्द्र सिंह यादव तथा समस्त संकाय सदस्य कार्डियोलोजी उपस्थित रहें। न्यू सुपर स्पेशिलिटी ओ॰पी॰डी॰ का संचालन हर माह सोमवार से शुकवार समय 01.00 बजे से 02.00 बजे तक संचालित की जाएगी। जिसमे सोमवार डा॰ अक्षय प्रधान Hyperlipidenmia Clinic, मंगलवार डा॰ गौरव चौधरी Structural Heart Disease, बुधवार डा॰ आयुष शुक्ला Arrhythmia Clinic, गुरूवार डा॰ अखिल शर्मा एवं डा॰ नीरज कुमार (बाल रोग विभाग) Congenital Heart Disease, शुकवार डा॰ प्रवेश विश्वकर्मा Heart Failure Clinic, द्वारा स्पेशिलिटी क्लीनिक का संचालन किया जाएगा।

## भारत निर्वाचन आयोग ने नामित केन्द्रीय प्रेक्षकों के साथ की वर्चुअल ब्रीफिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश में कार्यरत आईएएस, आईपीएस, आईआरएएस (आईटी) / आईआरएएस (सी एण्ड आईटी) / आईआरएएस केन्द्रीय प्रेक्षकों की वर्चुअल ब्रीफिंग बैठक की।

वर्चुअल बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा व आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षक सहित कुल 65 केन्द्रीय प्रेक्षकों ने सोमवार को डायल यूपी 112 भवन के सभागार से वर्चुअल प्रतिभाग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्भीक, प्रलोभनमुक्त, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। आयोग द्वारा प्रयुक्त होने वाले आईटी एप्पलीकेशन एवं ईवीएम तथा वीवीपैट से संबंधित जानकारी व निर्देश भी दिए गये। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अनुज कुमार झा, चन्द्रशेखर, कुमार विनीत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नोएडा महानगर के वरिष्ठ सपा नेता नीरज शर्मा व सतपाल यादव समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए

नोएडा। समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा व सतपाल यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता द्वारा महानगर संगठन की ओर से उनको हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई। डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि इससे समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में हम भारी अंतर से जीतने जा रहे हैं।

### एक शातिर गांजा तस्कर को 05 कि.ग्राम गांजा सहित किया गया गिरफ्तार

एटा। थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली सफ़लता, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक शातिर गांजा तस्कर को 05 कि.ग्राम गांजा सहित किया गया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 05 कि.ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अमन गुप्ता पुत्र योगेश गुप्ता निवासी विजय नगर कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जिला एटा को 05 कि.ग्राम गांजा सहित अलीगंज तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी जनसुनवाई

अमेठी। सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

### एक जोड़ा पुन: साथ रहने को हुआ राजी

अमेठी। मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत सोमवार को उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना गौरीगंज मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

### पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

अमेठी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों के विभिन्न बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

### एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत किया गया फ्लैग मार्च

अमेठी। आगामी त्यौहारों व लोक सभा चुनाव-2024 को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी लल्लन सिंह व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/CISF द्वारा थानाक्षेत्र संग्रामपुर के कस्बा ठेंगहा, मिश्रौली व टीकरमाफी में व थाना अमेठी द्वारा जंगलराम नगर, भीमी, टिकरी महमदपुर आदि में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर, मिश्रित आबादी वाले स्थानों में एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया।

### एंटीरोमियो अभियान के तहत चलाया गया चेकिंग अभियान

अमेठी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद के थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व थाना जगदीशपुर की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

### डीएम, एसपी द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

अमेठी। आगामी त्यौहारों व लोक सभा चुनाव-2024 को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए 11.03.2024 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र अमेठी में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/CISF के साथ कस्बा अमेठी में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी, क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री लल्लन कुमार सिंह व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

### 2 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो नफर अभियुक्तगण की हुई गिरफ्तारी

मछली शहर जौनपुर। अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर, महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय मछलीशहर के पर्यवेक्षण तथा प्र0नि0 मछलीशहर अशेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11.03.2024 की सुबह समय 06.30 बजे से पुराफगुई नहर पुलिया कस्बा मछलीशहर से अभियुक्त मो0 साहेब अंसारी पुत्र मो0 सनजेब अंसारी निवासी पुराफगुई थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा की बरामदगी हुई।

## छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति हैं : पंकज गुप्ता 'पंकी'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** दिनांक 11 मार्च 2024 को इण्डियन स्टूडेंट पॉवर ने अपना 9वां स्थापना दिवस दिव्य एकेडमी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। संगठन के संरक्षक पंकज गुप्ता 'पंकी' ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ केक काटकर व मिठाई खिलाकर सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संगठन विगत 9 वर्षों से युवाओं की प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का कार्य रहा है। सभी विद्यार्थी को 'स्थापना दिवस' के अवसर पर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। यद्यपि संगठन प्रत्येक वर्ष डॉ कलाम प्रतिभा खोज परीक्षा कराकर हजारों की संख्या में उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित करता है। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य लगातार जारी है। स्थापना दिवस के अवसर पर ही संगठन का विस्तार किया गया तथा संगठन की कार्यकारणी में बदलाव किया गयज्ञं संगठन अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया ने कहा कि आज के युवा छात्र ही देश का भविष्य और राष्ट्र के कर्णधार है। स्थापना दिवस के अवसर पर नई कार्यकारणी का गठन करते हुए सिद्धार्थ कनौजिया ने हिमांशु पटेल को बाराबंकी जनपद का जिलाध्यक्ष, अभिषेक व शादाब को जिला उपाध्यक्ष, विनीत वर्मा को जिला महासचिव, शिवम कनौजिया को सचिव, अविनाश वर्मा को जिला महामंत्री, आकाश वर्मा, अहिंषक, हिमांशु वर्मा को जिला संयोजक, अमित कुमार सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, सतीश शर्मा को मीडिया प्रभारी, अर्जुन धीमान, बृजेश गौतम को आईटी सेल प्रभारी तथा आकाश मिश्रा को कार्यसमिति के पद पर नियुक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष आर के ने किया। इस अवसर पर हिमांशु सैनी,विनय रावत, अमन प्रियदर्शी, अहिंशक, मोनू वर्मा, प्रिंस कनौजिया, दिव्य एकेडमी के संचालक संजय शर्मा सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण, दो अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार, तालों की चाबी बनाने के बहाने बनाते थे घरों को निशाना, 88200 रुपये व सोने के आभूषण बरामद। रविवार को वादी राजीव वर्मा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि उनके घर से अज्ञात चोरों द्वारा कुल 88200 रुपये व सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए हैं।

इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।सोमवार को थाना कोतवाली नगर एटा पर गठित टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गंजडुण्डवारा रोड धान मील के पास से दो शातिर अभियुक्त नानक सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी राजगढ थाना राजगढ जिला धार, मध्य प्रदेश,शमशेर सिंह पुत्र ओमकार



निवासी नन्दुरवार थाना नन्दुरवार जिला नन्दुरवार, महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय चोरों को चोरी किए गए माल 88200 रुपये व सोने के आभूषणों सहित गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तगण महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं तथा तालों की चाबी बनाने का कार्य करते हैं।

ये उत्तर प्रदेश में आकर अलग-अलग शहरों में जाकर गलियों आदि में घूम-घूम कर चाबी बनाने के नाम पर घरों की रैकी करते हैं। साथ ही मौका पाकर मकान मालिकों की नजरों से बचते हुए चोरी कर लेते हैं। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अन्य जनपदों तथा राज्यों में इस प्रकार के अपराधों का किया जाना स्वीकार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

## जिला पंचायत तथा जिलाधिकारी ने ऑफिसर्स क्लब में आयोजित जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** अध्यक्षा, जिला पंचायत श्रीमती राजरानी रावत एवं जिलाधिकारी ने आज ऑफिसर्स क्लब में जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही इस अवसर पर मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। तथा बच्चों ने अपने हथेलियां पर मेहंदी लगवा कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

माननीय अध्यक्षा ने ऑफिसर्स क्लब में जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा की गई यह बहुत ही सराहनीय पहल है। उन्होंने जिलाधिकारी से एक समिति बनाकर भविष्य में प्रतिवर्ष इस प्रदर्शनी को आयोजित करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यानिक फसलों में रुचि रखने वाले तथा इसके माध्यम से जनपद के विकास में योगदान देने वाले किसान अपने उत्पादों को जनपद स्तर पर प्रदर्शित करते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पुष्प प्रदर्शनी के आयोजनों से बच्चों में फूलों के प्रति बहुत लगाव बढ़ता है और वह अपने घरों में विभिन्न प्रकार के फूल लगाते हैं और अपने घरों को फूलों से सजाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत परिसर में भी रंग-बिरंगे फूलों को लगवाया जाएगा, जिससे आने वाले समय में इस तरीके की जब भी कोई प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, तो उसमें जिला पंचायत भी प्रतिभाग कर सके।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लगभग 20 साल बाद यह पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई है। हम सभी को इस तरीके के कल्चर को अपनाना चाहिए और सभी को अपने-अपने घरों में रंग-बिरंगे फूलों को क्यारी और गमले में लगाकर अपने घर को और सुंदर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में पेंट माई सिटी के अंतर्गत शहर की दीवारों को पेंट किया जा रहा है, जिन पर विभिन्न प्रकार के संदेशों को उल्लिखित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुष्प प्रदर्शनी लगाई जाने की प्रेरणा मंडलायुक्त, अयोध्या गौरव दयाल से मिली, जिनके मार्गदर्शन में आज यहां पर जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन से औद्यानिक किसानों के साथ ही अन्य किसान साथियों को प्रेरणा मिलती है, जिससे वह विभिन्न प्रकार की फूलों की खेती करके काफी मुनाफा कमा सकते हैं।फ्लावर गुलाब, डहेलिया, लिलियम जरबेरा, कार्नेशन इत्यादि हेतु लगभग 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें श्री मैनुद्दीन ने गुलाब, जरबेरा, कार्नेशन, लिलियम में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

### पौराणिक तीर्थस्थल स्थल चर्चाओं में जिम्मेदारों द्वारा सरकार की स्वच्छता अभियान की उपेक्षा

**बाराबंकी।** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार जहां स्वच्छता व साफ सफाई पर विशेष बल दे रही है तो वहीं जनपद के सिरौलीगौसपुर विकासखंड के गैर जिम्मेदार और लापरवाही की चर्चा समाचार पत्रों में कि जिम्मेदारों द्वारा सरकार की स्वच्छता अभियान की उपेक्षा कर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जी हां ! पूरा मामला सिरौलीगौसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत किन्तूर (कुन्तेश्वरधाम ) का है जहां साल के साल बीत जाते परन्तु हाशिये पर स्वच्छता व साफ सफाई। सवाल बड़ा कुन्तेश्वर धाम के परिसर शौचालय निर्माण समय से गुणवक्ता का शिकार हैं, ठेकेदार द्वारा थोपा गया। ऐसा सूत्रों ने जानकारी साझा की हैं। शौचालय बन्द रहता आये श्रद्धालुओं को सुविधा नहीं मिल पाती हैं। इस पौराणिक तीर्थस्थल स्थल में गंदगी का अंबार लगा रहता है। इसके पूर्व में स्थानीय लोगों के द्वारा प्रशासन सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने व गंदगी के बारे में जानकारी देकर मांग की थी।

## जी एल बीआईएमआर में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएलबीआईएमआर में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों ने भाग लेकर अध्यापको से अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति और संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने पूर्व छात्रों को कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी को भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की निदेशक डॉ. सपना राकेश के सशक्त संबोधन के साथ हुई। डॉ0 सपना राकेश ने पूर्व छात्रों के साथ उनके विचार और जीवन यात्रा पर गहन अंतर्दृष्टि साझा की। सत्र में छात्रों ने ईटीएल की दुनिया की खोज पर चर्चा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के अपने अनुभवों से अवगत कराया।

'टीम सहयोग' के पूर्व छात्रों ने एक परिवर्तनकारी सत्र 'कक्षा से क्यूबिकल्स' का भी आयोजन किया। अंत में एक प्रश्नओत्तर सत्र में प्रथम वर्ष के छात्रों ने पूर्व छात्रों से अपनी जिज्ञासा से भरे सवाल पूछे। कार्यक्रम के बाद क्रिकेट का एक मैत्री मैच खेला गया जिसे फैकल्टी इलेवन ने जीता। इस दौरान सभी अध्यापक गण और छात्र मौजूद रहे।

## नगर में सम्पन्न हुई विश्व हिन्दू परिषद् की प्रांतीय बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड़ पर विश्व हिन्दू परिषद् की प्रांत बैठक आहूत हुईं तीन सत्रीय बैठक में मुख्य अधिकारी के रुप में सोहन सिंह सोलंकी क्षेत्र संगठन मंत्री तथा पूर्व राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल ने दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ हुआ संगठन दृष्टि से 25 जिलों की ब्रज प्रांत की जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक रही सोहन सिंह सोलंकी ने सभी को रामजन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व उनके दर्शन की शुभकामनाएं प्रांतीय कार्यकर्ताओं को दी उन्होंने बताया देश के कुल 6 लाख 10 हज़ार गावों में से 5 लाख 94 हज़ार 884 गांवो में आयोध्या रामजन्मभूमि से दर्शन आमन्त्रण रुप में पूजित अक्षत वितरण हुआ 17 करोड़ 74 लाख 25 हज़ार 509 कुल परिवारों लगभग 90 करोड़ से ज्यादा लोगों तक पूजित अक्षत पहुंचाए गए 167 संत परंपराओं में 131 संत परंपराओं के लोग प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हुए 84 आस्था ट्रेनें विहिप द्वारा इस धार्मिक आयोजन में चलाई गईं। रामलला प्राण प्रतिष्ठा केवल आयोजन मात्र नहीं इससे देश में अनुशासित समाज, संस्कारित समाज, मर्यादित, कर्तव्यनिष्ठ, धर्माधारित जीवन, समरस, समृद्ध समाज का निर्माण होगा सभी को अपने जीवन में रामलला के आदर्शों की प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए। दूसरे सत्र में राजेश कुमार प्रांत संगठन मंत्री ब्रज प्रांत ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठपूर्ति वर्ष के समापन की योजना रखी आगमी दुर्गा वाहिनी वर्ग, बजरंग दल , और पर्षदीय वर्गो की जानकारी दी बैठक में क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख यशपाल , क्षेत्र संयोजिका दुर्गा वाहिनी रीना शर्मा,प्रांत मंत्री अनुज सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुनील पाराशर, प्रांत संयोजिका शशिबाला वार्ष्णेय, प्रांत मातृ शक्ति संयोजिका हिमाचल जादौन,सुधाकर गुप्ता जिलाध्यक्ष, शिवांग गुप्ता ज़िला मंत्री आदि बैठक में उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन गेम खिलाकर महिला से ठग लिए 13 लाख रुपये

**साहिबाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्रनगर सेक्टर-2 में शातिर ने महिला को ऑनलाइन गेम में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 13 लाख रुपये ठग लिए। साइबर सेल टीम और पुलिस खाते से फोन नंबर से शातिरों का पता कर रहे हैं।

राजेंद्रनगर में रहने वाली भाव्या निधि त्यागी ने पुलिस को बताया कि उनके फोन पर ऑनलाइन गेम खेलने के लिए मैसेज आया था। गेम खेलने के दौरान शातिर ने उन्हें कुछ नियम-शर्तें बताईं फिर एक-एक गेम निशुल्क खिलाकर उन्हें निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। वह शातिर के जाल में फंस गईं और उसके कहने पर सात खातों में कई बार बचत व चालू खाते से 13 लाख रुपये की रकम निवेश कर दी। आरोप है कि जब उन्होंने डिजिटल अकाउंट पर दिख रही रकम व मुनाफे को मांगा तो ठग ने और रुपये जमा करने की शर्त रख दी। इससे वह घबरा गईं। बाद में ठग ने फोन बंद कर दिया।

## खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी, व्यापारी व स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी ली जिस पर अभिहित अधिकारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 165 विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 169 नमूने संग्रहित किए गए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा गया जिनमें से 144 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिनमें से 99 नमूनों की जांच रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं आई है उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में ए0ओ0 कोर्ट में कुल 146 मामले पंजीकृत कराए गए हैं इसके अतिरिक्त जनपद में दूध के 35 नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए जिनमें से 28 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें 20 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए दूध के मामले में इस वित्तीय वर्ष में 22 मामले ए0ओ0 कोर्ट में पंजीकृत कराए गए। बैठक में ड्रग निरीक्षक ने बताया कि ड्रग विभाग द्वारा बगैर लाइसेंस संचालित 7 मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई जिसमें से 6 के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग व ड्रग विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों/प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिए।

### भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया ज्ञापन

**एटा।** भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब किसान मजदूर सुरक्षा हेतु। और आवास के लिए काशीराम आवासीय वर्ष 2010 कॉलोनी का निर्माण कराया गया था। लेकिन आज 14 वर्ष बीतने के उपरांत भी गरीबों को सुविधाओं से वांछित रखा गया है। काफी समय से साफ सफाई की व्यवस्था नगरपालिका के द्वारा न कराने की वजह से नाली चौक हैं। गटर न साफ होने से मल मूत्र नालियों में बह रहा है। जिसमे गंभीर बीमारियों का डर आम जन मानस में व्याप्त है। छोटे बच्चे वृद्ध महिलाएं बुजुर्ग चलने फिरने में असमर्थ है। मेरा मुख्य चिकित्स अधिकारी से विनम्र निवेदन है कि उनके लिये डॉक्टर एंव नर्सिंग स्टाफ की टीम गठित करके एक कैम्प लगावें जिससे आम जन मानस को राहत मिलें। ज्ञापन देने में राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा, राष्ट्रीय सचिव सुरेंदर यादव,राष्ट्रीय महामंत्री गौरव ठाकुर,जिला अध्यक्ष विपिन यादव,जिला सचिव नितिन पुंढीर,आदि लोग उपस्थित रहें।

## स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को वितरित हुए 100 स्मार्टफोन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** सकीट ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत तारा चंद महाविद्यालय वैश्य खेड़यिा मे बुधवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो डॉ एस के रावत एंव नोडल अधिकारी डीजी शक्ति के हाथों से स्मार्टफोन बी ए एंव बीएससी के छात्र और छात्राओं को वितरण किया गया। बच्चे स्मार्टफोन पाते ही बच्चों के चेहरे पर दिखी अलौकिक खुशियां। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान स्मार्ट स्मार्टफोन की आती समस्याओं को देखते हुए। योगी सरकार विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए स्मार्टफोन वितरण कर रही है। प्रो डॉ एस के रावत ने छात्र छात्राओं को संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए टैबलेट एवं स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही है।




जिससे भविष्य में देश को सशक्त बनाने के लिए छात्र-छात्राएं सक्षम हो सकें। जिस तरीके से शिक्षक छात्र-छात्राओं के जीवन को सशक्त बनाने के लिए ईमानदारी से मेहनत करते हैं। उन गुरुओं के सभी आभारी हैं। और सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया। सम्मानित आँगतकों में प्राचार्य डॉ अम्बरीष यादव,कार्यक्रम अध्यक्ष अजंट सिंह उपस्थित रहे। प्राचार्य अमरीश यादव ने बताया की सरकार द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी रूप में सक्षम बनाए जाने के लिए 100 स्मार्टफोन वितरण किए गए हैं। कार्यक्रम में सरंक्षक तारा सिंह, प्रबन्धक आशुतोष यादव,ठाकुर संजीव राठौर,प्रवक्ता अनिल कुमार, अमरनाथ कश्यप, अभिषेक, प्रदीप कुमार ,राहुल कुमार , करिश्मा शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## अलीगंज रामलीला मैदान का बाउंड्री वॉल एवं सौन्दरी करण का हुआ शिलान्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** तहसील अलीगंज रामलीला कमेटी द्वारा लंबे समय से बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यकरण की मांग की जा रही थी लगभग 1 साल पहले उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ के रामपुर दौरे के दौरान अलीगंज रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा उनको एक मांग पत्र सोपा गया इसके बाद इस मांग को मान लिया गया जनवरी के महीने में इसके लिए सरकार द्वारा पैसा अलॉट किया गया इसके बाद आज बाउंड्री बाल एवं सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया गया इस अवसर पर प्रदीप कुमार गुप्ता विधायक पुत्र सूरज राठौड़ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता बॉबी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य विनोद कुमार आर्य अभिषेक गोपाल शर्मा राकेश वर्मा श्याम पाल सिंह सूर्यकांत गुप्ता डॉ योगेश यादव प्रदीप गुप्ता टीपू नगर के सभी प्रमुख लोक एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डूंडाहेड़ा स्थित 50 बेड का संयुक्त अस्पताल उपकरणों के अभाव में अब तक नहीं हुआ शुरू

**गाजियाबाद।** डूडाहेड़ा में बनकर तैयार हुआ 50 बेड का संयुक्त अस्पताल उपकरणों के अभाव में शुरू नहीं हो पा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव के बाद ही अस्पताल का उद्घाटन के बाद मरीजों का इलाज शुरू होगा। वहीं, एमएमजी में बनने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का काम भी शुरू नहीं हो पाया है जबकि करहेड़ा में 50 बेड के अस्पताल का प्रस्ताव शासन में अटका है। डूंडाहेड़ा में 19 करोड़ की लागत से बनाए गए 50 बेड के संयुक्त अस्पताल में मेटरनिटी विंग के रूप में चालू करने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इसके लिए जरूरी संसाधन मंगाने के लिए शासन को एक महीने पहले ही मांग पत्र भेजा गया था। अस्पताल की इमारत लगभग दो महीने पहले बनकर तैयार हो चुकी है। स्टाफ की तैनाती भी की जा चुकी है।

## जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा 100 वे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल एवं भव्य आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा श्री अरि दमन कुमार जैन मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली के सहयोग से 100 वे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि जैन मिलन साहिबाबाद



द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह के द्वितीय सोमवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में न सिर्फ स्थानीय बल्कि दूर दराज के क्षेत्रों से भी आंखों के विभिन्न प्रकार के मरीज अपने इलाज के लिए आते हैं एवं लाभान्वित होते हैं। यह शिविर मंदिर परिसर में आयोजित किया जाता है जिसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक द्वारा मरीजों का सफल इलाज किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को 100 वे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। इस बार इस शिविर में 24 मरीजो का सफल ऑपरेशन किया गया। इसके अलावा 112 मरीजो को चश्मो का वितरण निशुल्क किया गया। ज्ञात हो की आंखों के मरीजों के मोतियाबिंद का इलाज खेकड़ा स्थित एडीके जैन अस्पताल में निशुल्क किया जाता है तथा मरीजो को साहिबाबाद से खेकड़ा ले जाने भोजन की व्यवस्था एवं वापस साहिबाबाद तक पहुंचाने का खर्च जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा वहन किया जाता है। इस शिविर में प्रमुख रूप से सर्वश्री ए के जैन, सुनील पैच वाले,प्रदीप जैन, राजेश जैन, संजीव जैन तथा अन्य समाज सेवकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# ट्रेनिंग पूरा करने वाली 104 महिलाओं ने किया ड्रोन संचालन का किया प्रदर्शन

## महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है डबल इंजन की सरकार

### इफको फूलपुर में ड्रोन दीदियों को नि:शुल्क वितरित किए गए ड्रोन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** डबल इंजन की सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी इसी का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में प्रयागराज में नमो दीदी ड्रोन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा करने वाली सौ से अधिक महिलाओं को निशुल्क ड्रोन वितरित किए गए । आर्थिक उपार्जन के लिए ड्रोन पाकर महिला लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

घरेलू काम काज में अपना पूरा समय निकाल देने वाली ग्रामीण महिलाओं को डबल इंजन की सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की है जिससे उनकी आर्थिक आय में बड़ी बढ़ोत्तरी होगी। प्रयागराज के इफको फूलपुर कारडेट में सोमवार को 104 नमो ड्रोन दीदियों निशुल्क हाई टेक ड्रोन प्रदान किए गए।

फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने बताया कि अलग-अलग तिथियों में 15-15 दिन की ट्रेनिंग देकर इन महिलाओं को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान उत्तीर्ण सभी ड्रोन दीदियों को डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन डीजीसीए की ओर से प्रमाण पत्र भी दिए गए। इन सभी ड्रोन दीदियों ने परिसर के पास ही खेतों में उर्वरक से भरे ड्रोन चलाकर अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। फूलपुर के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, ड्रोन दीदी तथा सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### परिवार की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार-लाभार्थी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आज जिन 104 ग्रामीण महिलाओं ने नमो ड्रोन दीदी का प्रशिक्षण प्राप्त कर निशुल्क ड्रोन हासिल किए उसमे ज्यादातर घरेलू काम काज करने वाली महिलाएं हैं।

हेता पट्टी की खुशबू त्रिपाठी ने ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग पूरा करने के बाद आज ड्रोन हासिल किया। खुशबू त्रिपाठी का कहना है कि घर के कामकाज को पूरा करने के बाद अपने बचे हुए समय का वह सही इस्तेमाल कर सकेंगी। आसपास के किसानों के खेतों में ड्रोन के जरिए उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव कर अपने घर की आमदनी का अतिरिक्त जरिया भी उन्हें इससे मिलेगा।

नैनी की सुनीता देवी का कहना है कि ड्रोन का प्रशिक्षण पाने के बाद अब उनके पास आर्थिक आय बढ़ाने का अतिरिक्त जरिया मिल गया है। अपनी जरूरत के लिए अपने परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## तस्कर किसान के बछड़े को काट कर उठा ले गए मांस

लोकमित्र ब्यूरो

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के असरावे खुर्द गांव में रविवार की रात एक किसान के बछड़े को तस्कर चुरा ले गए। उन्होंने उसे काट कर मांस उठा ले गए। सुबह अवशेष देख कर किसान के होश उड़ गए। उसने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

असरावे खुर्द गांव निवासी मुकेश यादव पुत्र गिरजा शंकर ने बताया कि उसने मवेशी पाल रखे हैं। वह अपने मवेशी को घर के बाहर बने छप्पर में बांधते हैं। आरोप है कि रविवार की रात उनका एक बछड़े को तस्कर उठा ले गए और उसे करीब एक किलोमीटर दूर शंकर सरोज के गेहूं के खेत में काट कर उसका मांस उठा ले गए। सुबह चारा देने के लिए बाहर निकले किसान को एक बछड़ा नहीं दिखा तो वह उसकी खोज करने लगा। तलाश के दौरान उसका चमड़ा और सिर का अवशेष गेहूं के खेत में पड़ा हुआ मिला। अपने मवेशी का कटा हुआ अवशेष देख कर किसान के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। इस संबंध में एयरपोर्ट इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे कराया जायेगा।

# सोना चांदी बेड टीवी और स्कूटी भी सब गंगा में डाल दो

## लाखों को गृहस्थी गंगा में प्रवाहित करने पहुंची युवती

**प्रयागराज।** इस वैज्ञानिक युग में अब अभी वहम का बोलबाला है। ऐसा ही एक उदाहरण रविवार दोपहर प्रयागराज में अरैल घाट पर देखने को आया जब एक युवती अपनी गृहस्थी का पूरा सामान गंगा में प्रवाहित करने के लिए दो मालवाहक टेंपो में लोड कर पहुंच गई। उसने नाविकों से वाद विवाद करने के बाद सारा सामान नाव में लाद दिया लेकिन उसी समय सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। किसी तरह उसे समझा बूझकर सामान सहित वापस भेजा।हुआ यह की एक युवती दो टैम्पो में लाखों को सामान लेकर पहुंची और नाविकों से उसे गंगा में प्रवाहित करने की बात करने लगी। पहले तो नाविकों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन वह सामान गहरे पानी में प्रवाहित करने के लिए मनमाना पैसा देने की बात कहने लगी।इस पर दो नाव में पूरे सामान को लाद लिया गया। इसी बीच सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने युवती को समझा बुझाकर वापस टैम्पो में सामान लदवाकर उसे वापस भेजा। करीब चार घंटे तक घाट पर हंगामा चलता रहा। घाट के पुरोहितों ने बताया कि दोनों मालवाहक में लाखों के कीमती आभूषण के साथ नकदी, गृहस्थी का सामान और एक स्कूटी थी।नैनी पुलिस ने बताया कि वाराणसी के पांडेय हवेली निवासी अंतरा मित्रा रविवार दोपहर अरैल घाट पर दो मालवाहक पर तीन पलंग, बिस्तर, अलमारी, डायनिंग टेबल, गोदरेज के कई अलमारी, कुर्सी, स्कूटी समेत भारी मात्रा में सामान, सोने चांदी के आभूषण लेकर अरैल घाट पर पहुंची। उसने टैम्पो से सामान उतारकर घाट पर रख दिया था। वह उसे गंगा में प्रवाहित करने के लिए नाव में भी लदवा लिया। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना नैनी पुलिस को दी। पुलिस ने जब युवती से सामान प्रवाहित करने का कारण पूछा तो उसने बताया इन सामानों में किसी ने काला जादू कर दिया है। इससे हमारे पिता की मौत हो गई। मां और मैं भी काफी परेशान रहती हूं। इस सामान को जो भी लेगा वह काला जादू से पागल हो जाएगा। इसलिए वह इसे गंगा में प्रवाहित करने के लिए पहुंची है।पुलिस के मना करने पर वह प्रवाहित करने की जिद में अड़ी रही। अरैल चौकी प्रभारी परमानंद सिंह ने बताया कि युवती नैनी में रुद्रा अपार्टमेंट में किराये पर रहती थी। वहीं से सामान लेकर यहां पहुंची थी। वर्तमान में दिल्ली में अपनी मां के साथ कहीं रहती है। उसे समझाकर वापस भेज दिया गया।

**☞काला जादू का वहम, पुलिस ने किसी तरह समझाया**

## अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा प्रभू दयाल निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक भन्टू राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ओम प्रकाश पटेल

निवासी अदर मलाक थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरूण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा पंकज कुमार पाठक निवासी कनवार थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 23 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# राष्ट्रीय महामंत्री की गिरफ्तारी से नाराज अभाविप छात्रों ने फूंका पुतला

## अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री सिलीगुड़ी में गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आज छात्रसंघ भवन पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध आंदोलित अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल को गिरफ्तार करने पर ममता सरकार का पुतला फूंका गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। आज इसी संबंध में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल अन्य कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलित थे तथा उनके द्वारा विरोध किए जाने पर गिरफ्तार कर लिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा छात्रसंघ भवन पर ममता सरकार द्वारा गिरफ्तारी एवं तानाशाही के विरोध में पुलता फूंका गया तथा ममता सरकार के इस्तीफे की मांग की।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने कहा कि ममता सरकार के विरुद्ध आंदोलन कर रहे अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदू महिलाओं को चिन्हित कर उनके साथ दुराचार के अनेकों प्रकरण सामने आए हैं और सरकारी मशीनरी का इस्तमाल करते हुए इस प्रकरण को समाज से दूर रखने के काफी प्रयत्न किए गए हैं।

# मौन पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अरुण मिश्रा सम्मानित

## तीन दिवसीय मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन



**प्रयागराज।** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन सोमवार को हुआ। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। साथ ही मौन पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मौन पालक अरूण मिश्र को सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि नारायण शहद उद्योग, अलोपीबाग के संचालक अरूण मिश्र करीब ढ़ाई दशक से मौन पालन कार्य से जुड़े हुए हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता की शहद के लिए सात श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि ने शील्ड और प्रत्येक वर्ग की शहद के प्रथम पुरस्कार के पारितोषिक के तौर पर तीन -तीन सौ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। अधीक्षक, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज श्री उमेश चन्द्र उत्तम ने बताया कि इस प्रदर्शनी को कुल-26 भागों में विभक्त किया गया था। जिसमें कुल-370 प्रतियोगियों ने 1622 प्रविष्टियाँ प्रदर्शनी में लगायी। इसमें गमलों में मौसमी फूल, जैसे, जेरेनियम, फ्लाक्स, बरवीना, डहेलिया, कलेडुला, आदि शोभाकार एवं हरे-भरे पौध,कैक्ट्स एवं सकुलेन्ट पौधे, गमलों में सब्जियों के पौध गुलाब व अन्य पुष्पों के कट फ्लावर, महिलाओं व बच्चों द्वारा निर्मित पुष्प विन्यास/आकृतियाँ फलों के बने पदार्थ, बोनसाई, शहद, फोटोग्राफी व पेन्टिंग आदि की प्रतियोगितायें आयोजित की गयी। श्री उत्तम ने बताया कि अरूण मिश्र मौन पालन के क्षेत्र में लम्बे अर्से से काम कर रहे हैं और प्रतियोगिता में उच्च गुणवत्ता की शहद के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही चौराहा में रहता है अंधेरा



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के थाना कौशाम्बी के सामने लगी स्ट्रीट लाइट लगभग 6 माह से खराब हो गई जिससे थाना के सामने अंधेरा रहता है आपको बतादें कि कौशाम्बी थाना के सामने पूर्व विधायक लाल बहादुर ने पर्यटकों व क्षेत्रीय लोगों को सुविधा के लिए अपने निधि से स्ट्रीट लाइट लगवाई थी जिससे चौराहा में अंधेरा न हो सके लेकिन कई वर्षो से स्ट्रीट लाइट खराब हो गई जिसके कारण विदेशी पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों को मवेशियों का डर बना रहता है स्थानीय दुकानदार व लोगों को कहना है कि प्रशासन व जनप्रतिनिधि ध्यान दें तो समस्या का समाधान कर दें। जिससे लोगों को सुविधा अनुसार चौराहा की सुंदरता बढ़ सके ।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी।

इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# विजय सुपर स्टार बनी मीडिया खेल महोत्सव की चौंपियन

## फाइनल मुकाबले में पहलवान सुपर किंग्स को दी मात

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मीडिया खेल महोत्सव में विजय सुपर स्टार ने अपना विजय पताका फहरा दिया है। फाइनल मुकाबले में विजय सुपर स्टार ने पहलवान सुपर किंग्स को मात दी है। केपीएल टी10 मुकाबले के आखिरी और निर्णायक दिन खेल प्रेमियों का जमावड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम में रहा। मैदान में दर्शकों के हुजूम के साथ साथ अनेक विशिष्ट अतिथि इस मौके के साक्षी बने। विजेता टीम को डेढ़ लाख नगद तथा उपविजेता टीम को 51000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

सोमवार के दिन मीडिया खेल महोत्सव का का निर्णायक दिन था। इस दिन फाइनल मुकाबले सहित कुल तीन मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मुकाबला सुल्तान सुपर इलेवन और पहलवान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पहलवान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 रन बनाए। जवाब में सुल्तान की टीम की



शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन फिर भी वो लड़ते हुए मैच हार गई। हालांकि सुल्तान सुपर इलेवन की तरफसे बिहार से आए खिलाड़ी प्रदीप यादव और रिंकू यादव आइकॉन प्लेयर की तरह खेल रहे थे।शशिवेंद्र ने सुल्तान सुपर इलेवन की तरफ से सर्वाधिक स्कोर बनाया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला विजय सुपर स्टार और उत्तम ब्लेजर्स के बीच खेला गया। दोनो टीम देश व प्रदेश भर के सितारों से सजी हुई थी। इस मुकाबले में उत्तम ब्लेजर्स निर्धारित दस ओवर में मात्र 65 रन बना सकी। जौनपुर से आए धीरज सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी की और मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया।

फाइनल मुकाबले में विजय सुपर स्टार और पहलवान के बीच घमासान हुआ। फाइनल मुकाबला 8 ओवरों का खेला गया। पहले बल्लेबाजी पहलवान सुपर किंग्स ने किया और 58 रन बना सकी। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजय सुपर स्टार की टीम एक समय लड़खड़ाती नजर आई लेकिन आइकॉन प्लेयर रंजीत यादव ने मोर्चा संभाला और अपनी टीम को जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले में जीते सारे प्लेयर को कौशाम्बी मीडिया की तरफ से नगद पुरस्कार और आकर्षक इनाम दिए गए। फाइनल मुकाबले के ही दिन कौशाम्बी के लिए खेलों में खास मौका रहा। जनपद की सुनीता सरोज का चयन नेशनल एशियन एथलेटिक चैंपियनशिप में हुआ है। उसमे शामिल होने सुनीता को दुबई जाना है। फाइनल मुकाबले के दिन खिलाड़ियों के हौसले को बढ़ाने सुनीता भी मैदान पर मौजूद रहीं। मैचों के दौरान पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार, बलबीर सिंह, प्रेम चंद्र चौधरी, संजय जायसवाल, शिवेंद्र कुमार मौर्य रिंकू, पूर्व विधायक लाल बहादुर, हुबलाल दिवाकर, अनुज सिंह, अशोक कुमार, मुंसब अली उस्मानी आदि लोग मैदान पर मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर मानव श्रृंखला के माध्यम से जनता जनार्दन को किया गया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज रायबरेली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मतदाता जागरूकता को लेकर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे । उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह , तहसीलदार मंजुला मिश्रा , खंड विकास आधिकारी ,खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। स्थानीय विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा उक्त कार्यक्रम में रंगोली, निबंध, भाषण, गीत ,नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में विद्यालयों के बच्चों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता भी शामिल हुई। थाना अध्यक्ष खीरो द्वारा भी उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशासनिक सहयोग



प्रदान किया गया। एटीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी अप्रैल मई मन में लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है। अपर जिला अधिकारी द्वारा मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित भी किया गया। उप जिला अधिकारी व तहसीलदार द्वारा बच्चों के कार्यक्रम को देखते हुए उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लेखपाल संदीप त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक शिव प्रकाश त्रिवेदी, उमाकांत तिवारी मनमोहन पांडे विनय त्रिपाठी, विपिन कुमार गुप्ता तथा अन्य विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने विकसित भारत मोदी गारंटी वैन के माध्यम गांवो में किया प्रचार प्रसार



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज रायबरेली।** सोमवार को भाजपा पदाधिकारियों ने सरेनी विधानसभा के एक दर्जन स्थानों पर मोदी की गारंटी वैन से जहां प्रचार प्रसार किया वहीं सुझाव पेटिका में लोगों से उनके सुझाव पत्र भी डलवाने का काम किया। सोमवार को भाजपा के रंग में रंगी मोदी गारंटी वैन घुरवारा गांव पहुंची ,जहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह ने मोदी गारंटी वैन का स्वागत किया और वैन के माध्यम से भाजपा के विचारों से जनता को अवगत कराने का काम किया। साथ ही विकसित भारत के लिए सुझाव पत्रिका में लोगों के सुझाव पत्र भी डलवाए। घुरवारा के बाद मोदी गारंटी वैन लालगंज पहुंची जहां सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,अभियान संयोजक दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता सचिन रस्तोगी ,बूथ अध्यक्ष दिनेश दीक्षित के नेतृत्व में लोगों से सुझाव पत्र आमंत्रित किए गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। उसने अपने घोषणा संकल्प के अनुसार जनता से किए वादे पूरा किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन सेवक के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं ।प्रधानमंत्री विकसित राष्ट्र के साथ-साथ जनता के विकास के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं ।उन्होंने लोगों से भाजपा को ही जिताने का आह्वान किया। इस मौके पर ललित कुशवाहा ,करुणेस श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव से अभिभावक हुए जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के बीआरसी कौशाम्बी में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम किया गया जिसमे जवाहर लाल यादव खंड शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी ने ग्रामीण बच्चों को प्री-प्राइमरी शिक्षा दिलाने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे समारोह आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बच्चों को मनोरंजक व ज्ञानवर्धक पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में आयोजित हुआ। मौजूद सीडीपीओ ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। अभिभावकों में जागरूकता पैदा करने के लिए हर ब्लाक स्तर पर यह उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक व बुनियादी शिक्षा में उनकी व घर परिवार की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। इस अभियान के तहत तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित करवाने व नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के लिए जागरूक रहने और आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राइमरी स्कूल भेजने की शपथ भी दिलवाने के साथ ही इसमें अभिभावकों को बताया जाएगा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में किस तरह से अब बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस मौके में रमेश चंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजकुमार तिवारी,लाल सिंह,धर्मेश सिंह,अवनीश त्रिपाठी,सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मलीत रही।

# विकास कार्यों में अनियमितता बरतने पर होगी कार्रवाई- कविता पासी



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 5 पंडित गिरधारी लाल मेहता नगर के जिल्ला पर मोहल्ले में 17.5 एचपी नलकूप और पंप हाउस जिसकी कीमत लगभग 23 लाख रुपए से लगना था, सभासद विक्रम सिंह ने बताया कि नलकूप कि बोरिंग सिर्फ 380फीट ही हुई है जबिक 400फीट से ज्यादा बोरिंग होनी चाहिए, बोर काटने के बाद तत्काल उसमे पाइप भी लोर कर दिया गया, सोमवार को नगर अध्यक्ष कविता पासी ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कार्यस्थल पर ही ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया की सम्बन्धित ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए तय मानकों एवं गुणवत्ता का सख्ती से पालन किया जाए इसके लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान ईओ रामसिंह, लिपिक बबलू गौतम, जेई मनोज सिंग, अनिरुद्ध कुमार सहित अन्य नगर कर्मी और मुहल्ले के लोग रहे।

# डंका बजते ही प्रारंभ हुई चौरासी कोसीय होली परिक्रमा

## रामाध्वनि के गगन भेदी जयकारों के साथ रामादल प्रथम पड़ाव कोरौना हुआ रवाना



**विमल मिश्रा**

**सीतापुर ।** महर्षि दधीचि की स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुनी अमांवस्या को नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ में स्नानोंपरान्त परंपरागत रूप से पहला आश्रम के महंत व चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला के अध्यक्ष नारायण दास उर्फ नन्हकूदास के द्वारा डंका बजाते ही आज भोर चार बजे से सभी परिक्रमार्थियों ने रामाध्वनि के गंगन भेदी जयकारों के साथ यह धार्मिक परिक्रमा प्रारम्भ कर दी है । इस धार्मिक परिक्रमा में साधू , संत , महन्त , मठाधीश , ढोल , नगाड़ो के साथ हाथी घोड़ा पालकी पर सवार होकर परिक्रमा कर रहे हैं ।

इस मौके पर मेला अधिकारी / उपजिलाधिकारी पंकज कुमार सक्सेना व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार यादव सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने संत महंतों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया । और सभी परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा कर प्रथम पड़ाव कोरौना के लिए रवाना किया । सभी परिक्रमार्थी प्रथम पड़ाव कोरौना पहुंच कर यहां के द्वारकाधीश भगवान के दर्शन करेंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे । भोर होते ही सभी परिक्रमार्थी गोमती नदी पार कर अपने दूसरे पड़ाव जनपद हरदोई के हरैंइया पड़ाव को प्रस्थान करेंगे । सभी परिक्रमार्थी जनपद हरदोई के चार पड़ावों की नित्य प्रति परिक्रमा और रैन बसेरा करते हुए छठे दिन फिर गोमती नदी पार कर जनपद सीतापुर के छठे पड़ाव देवगवां आ जाएगे । सभी परिक्रमार्थी जनपद सीतापुर के बाहरी पड़ावों का भ्रमण और रैन बसेरा करते हुए एकादशी तिथि को महर्षि दधीचि की पावन तपोभूमि पर कस्बा मिश्रित आ जाएगे । यहां सभी परिक्रमार्थी पांच दिनों तक रैन बसेरा करके रात्रि विश्राम करते हुए नित्य प्रति यहां की पंचकोसी परिक्रमा करेंगे । तथा पूर्णिमा तिथि को दधीचि कुंड तीर्थ में बुडकी स्नान करके अपने-अपने गृह जनपदों को प्रस्थान करेंगे ।

> होली परिक्रमा मेला की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली गई हैं । जनपद में पड़ने वाले सभी पड़ाव स्थलों पर साफ सफाई बिजली पानी स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है मेला प्रशासन द्वारा सभी मेलार्थियों का सहयोग किया जा रहा है । किसी भी परिक्रमार्थी को कोई समस्या का सामना नही करना पड़ेगा ।
>
> **पंकज कुमार सक्सेना**
> **उप जिलाधिकारी मिश्रिख**
>
> चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला के सभी पड़ाव स्थलों पर चोर उचक्कों से निपटने के लिए सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है । परिक्रमार्थियों के सहयोग हेतु सभी पड़ाव स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है । ताकि किसी भी परिक्रमार्थी को कोई समस्या न होने पाए ।
>
> **राजेश कुमार यादव**
> **पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख**
>
> महर्षि दधीचि की तपोभूमि पर प्रारंभ हुई चौरासी कोसीय धार्मिक होली परिक्रमा मेले में परिक्रमार्थियों की चिकित्सा व्यवस्था हेतु 10 मोबाइल बाइक , दो मेडिकल यूनिट तथा 108 एंबुलेंस प्रत्येक पड़ाव पर तैनात की गई है । इसके साथ फर्माशिष्ट रवी यादव , महिलाओं की सेवा हेतु स्टाफ नर्स विभा सहित एक दर्जन तक चिकित्सक 24 घंटे प्रत्येक पड़ाव पर तैनात किए गए है ।
>
> **डा0 प्रखर श्रीवास्तव**
> **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख**

# राष्ट्रीय महामंत्री के गिरफ्तारी पर ममता सरकार का फूका पुतला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी के कार्यकर्ताओं ने मंझनपुर चौराहे पर पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी सरकार का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया।काशी प्रांत निजी विश्वविद्यालय कार्य संयोजक ऋषभ द्विवेदी ने कहा की पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता सरकार द्वारा संरक्षित तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय महिलाओं का शारीरिक एवं मानसिक शोषण के विरोध एवं घृढित अपराध करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर विद्यार्थी परिषद देश व्यापी आंदोलन कर रही है। जिसके सापेक्ष पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विरोध मार्च निकाल कर आंदोलन कर रहे थे ।

लेकिन ममता सरकार द्वारा पोषित पुलिस प्रशासन भी घृणित कार्य पर उतर आई और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर निर्दयतापूर्ण लाठीचार्ज कर जबरन अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क शुक्ल,केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुब्रत अधिकाय एवं अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले गई। ऐसा घृणित कार्य ममता बनर्जी सरकार का महिला सुरक्षा के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है साथ ही यह भी दिखाता है की राज्य में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान में ममता सरकार अक्षम हो चुकी है। मंझनपुर तहसील संयोजक सिवांशु शुक्ला ने कहा की ममता बनर्जी का एक महिला होने के बाद भी नारी सम्मान को अपने पाले गए गुर्गो द्वारा तार तार करना महिला विरोधी प्रवृत्ति को दर्शाता है।

बंगाल में कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी से पूरे देश भर में ममता सरकार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा। विद्यार्थी परिषद अंतिम न्याय तक की लड़ाई लड़ती रहेगी।

# छः वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित को तेवारा मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

## 06 वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मो0 मकसूर खान निवासी कमालपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरूण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिपक वैश्य, रामरती, निवासीगण अझुआ थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरूण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा हव्वा उर्फ गुलाब पासी निवासी धुमाई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा भइया लाल, मदन निवासी बम्हरौली थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## नाजायज चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा राजेश कुमार निवासी महमूदपुर उखैया थाना करारी को 01 अदद नाजायज चाकू के साथ उखैया खास से गिरफ्तार किया गया।

## बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा पर पंजीकृत एससीध्एसटी एक्ट से सम्बन्धितबाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओ व छात्राओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी चायल तथा थाना प्रभारी के कुशल निर्देशन मे शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह के द्वारा स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# कनैली क्षेत्र में इंस्पेक्टर विनीत सिंह व मिलिट्री फोर्स के साथ किया एरिया डोमिनेशन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र कनैली में मिलिट्री फोर्स के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आज कनैली क्षेत्र का मिलिट्री फोर्स के साथ इंस्पेक्टर विनीत सिंह के साथ चौकी इंचार्ज मनोज तोमर भ्रमण किया।

बता दे कनैली चौकी इंचार्ज मनोज तोमर ने इंस्पेक्टर विनीत सिंह के साथ आज क्षेत्र में मिलिट्री फोर्स के साथ भ्रमण किया। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा की बिना किसी के दबाव के खुलकर मतदान करें तथा मतदान केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया। पुराना खोपा नया खोपा अतरसुया आसदापुर आदि गांव का भ्रमण किया तथा मतदान के दौरान बाहर से ड्यूटी में आने वाले फोर्स को ठहरने के स्थान की सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिसमें हेड कांस्टेबल अंकुर तिवारी कांस्टेबल निखिल कांस्टेबल रजनेश कांस्टेबल रूपेंद्र यादव माय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# नगर पालिका की भूमि पर हो रहा अवैध कब्जा जिम्मेदार मौन शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के तन्ना पर मुहल्ले की भूमि पर इन दोनों स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं इससे लोगों में नाराजगी है। नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के तन्ना पर मुहल्ले में एक व्यक्ति सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से मिट्टी डालकर कब्जा कर रहा है अवैध रूप से मकान का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस व्यक्तियों ने इससे पहले भी लाखों की भूमि में अवैध रूप से निर्माण किया है। लोगों का आरोप है कि सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे मे कुछ कर्मचारियों की मिली भगत है। मुहल्ले के लोगों ने प्रकरण की शिकायत उप जिला अधिकारी व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से की है। लोगों का कहना है कि यदि सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त न कराया गया तो स्थानी लोगों को दिक्कत होगी। अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान को ग्रामीणों ने ध्वस्त करने की मांग की है।

## ग्रामोदय के विद्यार्थियो को एनएसएस शिविर शानदार प्रदर्शन

चित्रकूटः पिछले एक सप्ताह से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर, सम्मेलन के लिए चयनित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों ऋषभ रघुवंशी और श्रद्धा सिंह दिखित ने शिविर में अपनी उत्कृष्टता का सराहनीय प्रदर्शन किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रभारी अधिकारियों-प्रेक्षक व्यवस्था, बैलेट पेपर व्यवस्था,पोस्टल बैलेट पेपर व्यवस्था,मीडिया एवं पेड न्यूज तथा निर्वाचन व्यय लेखा के साथ बैठक की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने से सम्बन्धित कार्यो की विधिवत जानकारी रखें तथा निर्वाचन को गम्भीरता से लिया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कौशाम्बी थाने की पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया एरिया डोमिनेशन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा थाना



क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# नोडल शिक्षकों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करने का हुनर सीख रहे हैं शिक्षक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु नोडल शिक्षकों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां जवाहरलाल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात किया गया। प्रशिक्षण में परिषदीय विद्यालयों के 65 नोडल शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में शारदा कुमार सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु शिक्षक की प्रविधियां, कक्षा कक्ष प्रबंधन, पाठ सहगामी क्रियाएं,एवं अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प तथा समर्थ मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी



गईद्य प्रशिक्षण पंकज साहू फिजियोथैरेपिस्ट के द्वारा सभी प्रकार की दिवव्यांगताओ के कारण व बचाव तथा होम बेस्ड एजुकेशन के बारे में प्रकाश डाला गया। साथ ही अनिल सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा बौद्धिक दिव्यंगता से ग्रसित बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गयाद्य प्रशिक्षण में समस्त एआरपी एवं बीआरसी स्टॉफउपस्थित रहे।

# अपने हक के लिए दिन भर धूप में जली प्रेम दीवानी नहीं मिला न्याय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महेवाघाट, कौशाम्बी।** प्रेमी के झांसी में आकर युवती ने अपनी बसी बसाई गृहस्थी को तबाह कर दिया। अब हक पाने की जद्दोजहद कर रही है। पुलिस अधिकारियों की चौखट पर फरियाद के बावजूद उसे अब तक न्याय नहीं मिल सका है।

महेवाघाट इलाके के रायपुर गांव में बीते साल अपनी भाभी के मायके आई युवती के ऊपर उसकी भाभी के चचेरे भाई ने ऐसे डोरे डाले कि वह प्रेम दीवानी हो गई द्यरिश्तेदारी का युवक उसे सतरंगी सपनों का महल दिखाकर पति के पास से दिल्ली भाग ले गयाद्य वहां पहुंचकर जीवन भर साथ रहने की कसमें लेकर शादी कर लिया और बहुत समय तक दिल्ली में ही समय बिताय। थोड़े दिनों पहले ही दोनों वापस आए और युवती के मायके धाता कस्बे में कई दिन रहेद्यवहीं से युवक ने उसे खर्च के लिए रुपए देकर अपने गांव रायपुर भेज दियाद्य प्रेमी से पति बन चुके युवक ने अपनी पत्नी को भरोसा दिया था की घरवालों से उसकी बातचीत हो चुकी है और कोई परेशानी नहीं होगीद्य उसने यह भी कहा था कि 2 दिन बाद पीछे से वह भी आ जाएगाद्य लेकिन रविवार को अपनी ससुराल रायपुर पहुंची युवती को उसके ससुरालियों ने मारपीट करते हुए घर से धक्के देकर बाहर निकाल दियाद्य मामले में इलाकाई पुलिस का कहना है की उच्च अधिकारियों के जरिए मामला संज्ञान में आया है लेकिन अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है यदि कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# गुम हुए मोबाइल फोन को थाना संदीपन घाट पुलिस द्वारा बरामद कर पीड़ित को किया सुपुर्द




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना संदीपन घाट पुलिस बल द्वारा गौसपुर बाजार मे खोई हुयी मोबाईल फोन विवो अनुमानित कीमत 18000 रूपये, जिसके पंजीकृत स्वामी अनिल कुमार पुत्र श्री सुभाष चन्द्र निवासी पन्तरवा तालाब बह्मरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज है। श्री अनिल कुमार जी की मोबाईल को सकुशल तलाश कर उनको सुपुर्द किया गया। श्री अनिल द्वारा पुलिस परिवार के समक्ष खुशी जाहिर करते हुए आभार किया।

# पुलिस पर थाने में बैठाकर आरोपी का चालान न करने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में तमंचे से फायर कर जान लेने के प्रयास के एक आरोपी को पुलिस पर थाने में बैठाने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिजनों ने सोमवार को मामले की शिकायत पुलिस अपर महानिदेशक से करते हुए आरोपी को जेल भेजने की गुहार लगाई है।

कोटिया गांव निवासी राजेश कुमार पाल पुत्र सुखलाल पाल ने बताया कि चार मार्च की रात भाई के साले नागेन्द्र पाल के साथ निमंत्रण में जाने के लिए घर से बाहर निकला था। इसी दौरान गांव के ही श्याम बाबू उर्फधोनी, रामबाबू उर्फराजू, दिलसुख उर्फ लल्लू अपने दो अन्य साथियों के साथ नागेंद्र को जान से मारने की नियत से श्याम बाबू उर्फधोनी ने तमंचे से फायर झोंक दिया था।

गोली नागेंद्र के पैर में लगी थी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। तहरीर मिलने के बाद सरायअकिल पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर छह मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।चार दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने एक आरोपी का न्यायालय चालान कर दिया जबकि एक आरोपी अभी भी थाने पर बैठा है।पीड़ित परिजनों ने आरोपी से अपनी जान का खतरा बताया है। पीड़ित ने सोमवार को मामले की शिकायत पुलिस अपर महानिदेशक प्रयागराज जोन से करते हुए आरोपी को जेल भेजने की गुहार लगाई है।

# बिजली विभाग की मांगो को लेकर सकिपा का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट का घेराव कर ऊर्जा मंत्री को भेजा ज्ञापन

## बकायेदार किसान उपभोक्ताओं का बकाया बिल हो माफ, जमा कराया गया बिजली बिल ब्याज सहित किया जाए वापस- अजय सोनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे सोमवार 11 मार्च को किसान नेता अजय सोनी की अगुवाई में तमाम किसानो एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कलक्ट्रेट मंझनपुर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन, नारेबाजी के बाद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के नाम संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कौशांबी राजेश रॉय को सौपा। सौंपे गए ज्ञापन में बकायेदार किसानो के बकाया बिजली बिल माफ करने और सभी किसानो को मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिए जाने की मांग की गई। साथ ही एक अप्रैल 2023 से अब तक जमा कराए गए बिजली बिल को ब्याज सहित किसानो को विद्युत विभाग द्वारा वापस किए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने ज्ञापन ऊर्जा मंत्री तक पहुंचाने एवं अपने स्तर पर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



सोमवार 11 मार्च को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई पार्टी के तमाम कार्यकर्ता पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में एकजुट हुए। इसके बाद अजय सोनी की अध्यक्षता में कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में बोलते हुए अजय सोनी ने कहा कि बकायेदार किसान उपभोक्ताओं का बकाया बिल माफहोना चाहिए साथ ही सभी किसान उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिलना चाहिए। आगे कहा कि एक अप्रैल 2023 के आगे से आज तक विद्युत विभाग द्वारा किसानों से जमा कराया गया विद्युत बिल ब्याज सहित किसानों को वापस किया जाए। इसके बाद तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं एवं किसानो के साथ अजय सोनी ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कौशांबी राजेश रॉय को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बकायेदार किसानो का बकाया बिल माफ करने, एक अप्रैल 2023 से अब तक जमा कराया गया बिजली बिल ब्याज सहित किसानो को वापस करने, किसी भी किसान का कनेक्शन न काटे जाने एवं काटे गए कनेक्शन का कनेक्शन तत्काल जोड़े जाने सहित कई मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, मुन्ना लाल तिवारी, सुरजीत वर्मा, तेज बहादुर पटेल, भैरवदीन गौतम, राजकुमार साहू, परिहार लोधी, बद्री प्रसाद प्रजापति, मो सारुख, जयलता त्रिपाठी, रश्मि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के छात्रों को दी गयी पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी एसपीसी क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना मानिकपुर के एसपीसी पुलिस अधिकारी निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव तथा एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा राजकीय कम्पोजिट विद्यालय ऐलहा में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्रों को उत्तर प्रदेश पुलिस से परिचय कराया। साथ ही पुलिस संरचना व कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढाया।

स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की छात्राओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता के लिए महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित, जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया। साथ ही शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट्स वितरित किये गए। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया गया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के सम्बन्ध में पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो जिससे उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुये बताया कि अक्सर छोटे बच्चों को हमारे जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और हम समझ नहीं पाते, इसके सम्बन्ध में खुलकर बतायें तथा घर पर अपने छोटे भाई-बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में जानकारी दी।

## कमिश्नर ने किया बूथों का निरीक्षण



**चित्रकूट:** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 की तैयारी को लेकर 236 -चित्रकूट विधानसभा एवं 237- मानिकपुर विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्रों में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सोनपुर, खोह, कंपोजिट विद्यालय बनकट, सीनियर बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र कर्वी, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, प्राथमिक विद्यालय कोलगदहिया, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल बघौडा, कंपोजिट विद्यालय कोठिलिहाई आदि का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, दिव्यांग मतदाता एवं 80 प्लस के मतदाताओं की जानकारी बूथ लेवल अधिकारियों से किया। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट में 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन देने के दौरान मांडलिक मंत्री सुरेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय, मिथलेश कुमार यादव, जिला महामंत्री विनय कुमार पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष राधे श्याम तूफानी, सुजीत कुमार पाण्डेय, बद्री नारायण दीक्षित, राधेश्याम सिंह, नीलाभ गुप्ता, शिव प्रकाश वर्मा, रामकृष्ण पाण्डेय, वंदना वर्मा, ज्योति रिछारिया, नीलू पाण्डेय, शिवपूजन यादव, विजय वर्मा, दीनानाथ, ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट संजीव श्रीवास्तव, मंत्री प्रेम चंद्र शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर श्रीनारायण पाण्डेय, मंत्री राघवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर शंकर दयाल सिंह, मंत्री खेमराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी ब्रम्हादीन मिश्रा, मंत्री लवलेश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ शिवबाबू शुक्ला, मंत्री रमा शंकर सिंह, अजय सिंह, हेमराज गर्ग, संतोष सिंह, नरेंद्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय के विद्यार्थी विकसित भारत एम्बेसडर आर्टिस्ट वर्कशॉप में हुए शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट:** नेशनल गैलरी ऑफ मार्डन आर्ट, ललित कला अकादमी नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत एम्बेसडर आर्टिस्ट वर्कशॉप में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ललित कला में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो ने सहभागिता की।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियो ने इस अवसर पर तैयार कृतियो को प्रदर्शित किया।

# विद्वानों ने श्रीराम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर किया मंथन




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट:** राष्ट्रीय रामायण मेले के चौथे दिन प्रभु श्रीराम की महिमा की रसधार बही। मानस मर्मज्ञों, विद्वनों ने श्रीराम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन किया। रामलीला में प्रभु श्रीराम के जनकपुर में आगमन और नगर भ्रमण का मंचन देखने को भारी भीड़ उमड़ी। सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां, भजन, लोकगीत, लोकनृत्य का दर्शकों ने लुत्फ उठाया।

सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने पूजा अर्चना से किया। इसके बाद ब्रज श्रीकृष्ण रामलीला संस्था के कलाकारों ने फुलवारी लीला का मंचन किया। जिसमें दिखाया गया कि विदेहराज जनक की नगरी में गुरु विश्वामित्र, प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के साथ पहुंचे। नगर भ्रमण किया। नगरवासियों ने राम और लक्ष्मण के अलौकिक छवि को निहारते रहे। तत्पश्चात बाग में पहुंचे। जहां माता सीता से मुलाकात हुई। यह लीला देख मौजूद भारी तादाद में दर्शक रोमांचित रहे। अपरान्ह बाद भजन गायकों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। जिसे सुन श्रोता भावविभोर हो गए। मंच की शोभा देखते ही बनती थी। शाम होते ही रंगबिरंगी आकर्षक लाइटो से मंच स्थल जगमगा जाता है। कार्यक्रम में मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, कोषाध्यक्ष शिवमंगल शास्त्री, प्रद्युम्न दुबे लालू, मनोज मोहन गर्ग, विनोद मिश्र, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, घनश्याम अवस्थी, मो यूसुफ, राम प्रकाश श्रीवास्तव, हेमंत मिश्रा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सूरज तिवारी, कलीमुद्दीन बेग, सत्येन्द्र पांडेय, इम्तियाज अली लाला, राजेन्द्र बाबू, रवि कौशल, विनोद पांडेय, मंसूर अली, विकास, नत्थी सोनकर आदि मौजूद रहे।

### ----चित्रकूट सृष्टि की आदिम रचना-----

चित्रकूटः चतुर्थ दिवस की विद्वत गोष्ठी एवं सारस्वत सत्र का शुभारंभ करते हुए हिन्दी साहित्य के ख्यातिलब्ध साहित्यकार पुरातत्वविद एवं अनुसंधानकर्ता डा चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने कहा कि चित्रकूट सृष्टि की आदिम रचना है। इसके पर्वत, नदी और भौगोलिक स्थिति इसकी प्राचीनता के साक्ष्य है। यहां की पाठा क्षेत्र के बोली और भाषा भी आर्य भाषाओं में सबसे प्राचीन पाई जाती है। चित्रकूट की गुफाएं और उन सुरंगो से जाने वाले मार्ग भी इसकी प्राचीनता के प्रमाण हैं। इसकी भौगोलिक संरचना में जिस भू परपटी की बनावट पाई जाती है वह हिम संस्कृति अर्थात हिमालय की संस्कृति से भी पुरानी है। डा ललित ने चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत को गुफाकालीन आदिम बताया और ओज से प्राप्त अत्रि ऋषि की वृहद रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि कामदगिरि के चार द्वार अंदर जाने के रास्ते थे।

यह पर्वत अपने भीतर एक विशाल गुफा की भांति रहस्यपूर्ण है। इसके भीतरी भाग में एक सरोवर है। स्वर्ण और मणियो जटित एक मंदिर भी है। अत्रि रामायण के अनुसार इसकी संरचना सृष्टि के पहले शिल्पकार विश्वकर्मा द्वारा की गई थी। उन्होंने प्रमाण स्वरूप अत्रि रामायण की पंक्तियों को रामायण मेला में आए हुए विभिन्न विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि कामदगिरि को रामगिरि भी कहा जाता है, क्योंकि भगवान राम ने वनवास काल में सीता और लक्ष्मण के साथ इसी गिरि में निवास किया था। डा ललित ने यह भी कहा कि कामदगिरि ने कामनाओ तथा काम को परिपूर्णता प्रदान करने वाला पर्वत है। चित्रकूट की अग्नेय धरती भी इसे सृष्टि की आदिम रचना सिद्ध करती है। उन्होंने काव्य की पंक्तियों द्वारा इस धरती को सर्वोपरि बताया।

चित्रकूअ सा तीर्थ नहीं है कोई भुवन-भुवन में, कामद सा देवता नहीं सृष्टि और त्रिभुवन में। विद्वत संगोष्ठी में आंध्र प्रदेश हैदराबाद की डा पी. नागपदमिनी ने हिन्दी और तेलगू की रामकथा पर प्रकाश डाला। मुजफ्फरपुर से आए डा संजय पंकज ने कहा कि सांस्कृतिक विकास के बिना कोई भी राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। राम का सांस्कृतिक व्यक्तित्व सम्बन्धों के बड़े संसार में समाहित है। वे रिश्तो को निबाहना जानते थे। एक पत्नीव्रती राम ने स्वयं वनवास स्वीकारा मगर अपने वयोश्रेष्ठ होते माता-पिता के लिए राजभवन को ही सर्वोपरि माना। उनके भीतर करुणा और सेवा की अटूट निष्ठा थी। भारतीय संस्कृति के विराट पहचान हैं राम। संगोष्ठी में शोध पत्र पढ़ने वालों में डा. प्रमिला मिश्रा, डा. किरण त्रिपाठी, डा. सुमन सिंह, डा. एन. अनंत लक्ष्मी, पी.एस. बंगारैया हैदराबाद आदि प्रमुख रहे।

रामकथा में व्याख्यान देने वालों में डा हरि प्रसाद दुबे फैजाबाद, के. विजयालक्ष्मी, डा. आशा कुमारी आदि विद्वान रहे।

रामकथा प्रवचन सभा में मप्र भिडं से आए डा देवेन्द्र चौहान रामायणी ने कहा कि भरत जी आठ सागरो के खान हैं। मां सरस्वती भरत जी के हृदय में आठ सागरों का बखान करती हैं। इसलिए उनकी बुद्धि हरण करने में हिचकिचाती है। श्री रामायणी ने भरत के अंदर शील, गुण, विनय, बड़ाई, भ्रतृत्व, भक्ति, भरोसा और भलाई पर चर्चा की। उन्होंने शील गुण पर व्याख्यान देते हुए बताया कि शील की उत्पत्ति भरत के अंदर जन्मजात रही। गोसवामी जी कहते हैं मंदिर मय सब राजहि रानी शोभा शील तेज की खानी। कौशिल्या शोभा की खान, इनसे राम जी का प्राकट्य, कैकेई शील की खान हैं। जिनसे भरत जी का प्राकट्य होता है और माता सुमित्रा तेज की खान है। चित्रकूट में जब गुरुदेव वशिष्ठ जी कहते हैं कि हे आर्य श्रेष्ठ भरत आप अपने मन की बात रघुनाथ जी के सामने कहें। तब भरत जी उत्तर देते हैं-महुं सनेह सकोच वश सन्मुख कहे न बैन।

दर्शन तृप्त न आज लग प्रेम प्यासे नैन। बिहार सीतामढ़ी से आए विमल कुमार परिमल ने कहा कि राम के जीवन में जो संघर्ष है वह एक मनुष्य की नीयति है। संघर्षो से जूझते हुए सकारात्मक भाव को जीने वाले राम जीवन पर्यन्त समाज और मूल्य के लिए समर्पित रहे। वे विश्व में अतुलनीय हैं। आज भी अनुपम और श्रेष्ठ हैं राम।

बांदा से आए मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल ने सत्संग की महिमा पर कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला सत्संग के लिए महत्वपूर्ण मंच है। सत्संग से श्रोताओं को सीधे चार फल धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष सशरीर मिलते हैं। इतना ही नहीं सत्संग की महिमा का ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी प्रशंसा करते हुए नहीं थकते हैं। विधि हरि हर कवि कोविद बानी, कहत साधु महिमा सकुचानी। बिन सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिन सुलभ न सोई। भाग्य वश सज्जन लोग कुसंग में पड़ जाते हैं तो भी वे सांप की मणि के समान उनके जीवन में कुसंग का कोई असर नहीं पड़ता है। ऐसी सत्संग की महिमा है। सठ सुधरहि सत्संगति पाई। पारस परस कुधातु सुहाई। सत्संग के समीप आने से जैसे लोहा पारस के संपर्क में आने से सोना हो जाता है ठीक वैसे ही सत्संग करने से सठ भी सुधर जाते हैं।

मुम्बई से पधारे पं वीरेन्द्र प्रसाद शास्त्री ने कहा कि मानव को शांति क्यों नहीं मिल पाती इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि मानस के अंतर्गत गोस्वामी जी के शब्दो में सुखी मीन जहां नीर अगाधा, जिमि हरि शरण न एकौ बाधा, जल सकोच विकल भइ मीना, अबुध कुटुम्बी जिमि धन हीना। उन्होंने बताया कि अगाध जल में मीन उसी तरह सुखी रहती है जिस तरह से एक भक्त अपने प्रभु के श्री चरणों का सुदृढ़ आसन प्राप्त करने के बाद सारी चिंताओ से मुक्त रहता है। जब जल कम रहता है तो मीन तडपती रहती है। उसको शांति नहीं मिलती। जिस तरह से घर का मुखिया अबोध हो तो घर परिवार के सदस्य दुखी रहेंगें।

अगर हमें शांति जीवन में चाहिए तो प्रभु के श्रीचरणों की शरण लेनी पड़ेगी। भौतिक सुख साधनो में कभी भी मन की शांति संभव नहीं है, क्योंकि वहां शांति की छोटी बहन अशांति निवास करती है। जबकि शांति भगवान के श्री चरणों में निवास करती है। इसलिए शांति प्राप्त करने के लिए श्री चरणों का आश्रय लेना होगा।

शिक्षाविद संपूर्ण शरीर अंग एवं शरीरदानी पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय रामायण मेला काव्य गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिशाहीन समाज को तुलसीदास जी ने अलौकिक स्तम्भ प्रदान किया तथा कवि के प्रति कविता की काव्यांजलि प्रदान किया। उन्होंने तुलसी जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि तुलसी तुमको है अभिनन्दन। दिग्दर्शित कर दिया दिशाहीन हो जीवन सफल बना डाला, हे भक्ति कुसुम हृदस्पंदन हे सत्यदूत मानस चंदन, हे इन्द्रियजित, हे धर्म ध्वजा, हे ज्ञान किरण मृग वृंदावन तुमको प्रणाम, तुलसी है तुमको अभिनंदन। तुमने जीवन का रुद्ररूप हो निडर सच को सिखा तुम तक पहुंचे कोई भक्त ईश नहि श्रद्धा से युक्त कोई इतना शीश, तुमको प्रणाम, तुमको है मेरा अभिनदंन।

जयपुर की साहित्य पदमश्री से सम्मानित डा सरोज गुप्ता ने मेले के चतुर्थ दिवस विद्वत गोष्ठी में बताया कि तुलसीदास जी ने राजतंत्र में लोकतंत्र का संकेत कर उसके सुपरिणाम को घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि राजा राम कथन प्रजा से जो अनीत कुछ भाखो भाई तो मोहि बर्जहु भए बिसराई। कहा कि प्रजा बाढ़ जिम पाए सुराजा जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी सो नृप अवसि नरक अधिकारी। कहा कि आज लोकतंत्र है। दायित्व चतुथ्र स्तम्भ मीडिया का है। वह जागृत लाए। अनैतिकता को बेनकाब करें।

### ---सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध---

**चित्रकूट:** राष्ट्रीय रामायण मेला के चतुर्थ दिवस रघुवीर यादव मऊरानीपुर के दर्शन के लाने तरसत हति नजरिया, मैया खोल दो द्वार की किवरिया और तनक ढका के लानै इतनी कर दै काए सला रघुनंदन लला की प्रस्तुतियों ने दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रामाधीन आर्या मऊरानीपुर ने वंदन अभिनंदन बारंबार, नमन कर इस चित्रकूट की धरती को प्रसतुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। इसी श्रंखला में सुप्रसिद्ध भजन गायक अजय मिश्र मुम्बई की टीम ने भजनों की झड़ी लगा दी। हजारों श्रोताओं की तालियां बटोरी। प्रयागराज की सुजाता केशरी के लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोहा। देर रात तक लखनऊ से आई भजन एवं लोक गीत गायिका तृप्ति शाक्या ने लोकगीत एवं मनोहारी भजनों को गाकर धर्मनगरी को राममय कर दिया।ख्यातिलब्ध कथक केन्द्र नई दिल्ली की डा. समीक्षा शर्मा के कथक नृत्य ने दर्शको को बांधे रखा।

पांडाल में मौजूद हजारो दर्शक टकटकी लगाए नृत्य का आनंद लेते रहे। रासलीला और रामलीला का मंचन देखने को दश्रक दीर्घा में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन डा. घनश्याम अवस्थी ने किया।

### ------संस्कृत भाषा में लिखी रामकथा पर हुई विस्तृत समीक्षा------

**चित्रकूट:** सुल्तानपुर से आए मनीषी साहित्यभूषण डा सुशील कुमार पांडेय ने रामचरित मानस पर संस्कृत भाषा में रामकथा पर लिखित ग्रंथों के प्रभाव की विस्तृत समीक्षा की। रामायण के काग भुसुडि को तुलसीदास ने रामचरित मानस में उत्तम ढंग से प्रस्तुत किया है। मानस के कागभिशुडि सामाजिक समरसता, एकता तथा समता के अदभुद उदाहरण है। काग भुशुडि ने अनेक अभावों के रहते हुए भी अपनी योग्यता तथा विद्वता से समाज में समादर के सुपात्र बने। रामायण मेले का भी यहीं उद्देश्य समाज में समरसता एवं समता के प्रचार प्रसार कर हिन्दुस्तान को बढ़ावा देना ही है। चेन्नई से आए डीजी वैष्णव कालेज के हिन्दी प्राध्यापक डा. अशोक कुमार द्विवेदी 'शान बनारस' ने अपने वक्तव्य में कहा कि भरत जी का चरित्र रामकथा में अविस्मरणीय है। मानसकार ने लिखा है कि यदि भरत जी का अर्विभाव इस धरती पर न हुआ होता तो धर्म की धरती को कौन शिरोधार्य करता। राम पर प्रश्न उठाने वाले लोग यह भूल जाते है कि इस धरा पर सनातन संस्कार को कौन संजोता। राम भारतीयता के संवाहक हैं। नई पीढ़ी को राम से विधिवत परिचित कराना हम सबका दायित्व है। चित्रकूट में 51वां रामायण मेला इस दिशा में एक सार्थक प्रयास है। रामायण मेला के चौथे दिन चित्रकूट में विकास की नई परिभाषाा गढ़ने वाले राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने मंच पर पहुंच कर अपनी प्रस्तुति दे रहे कलाकारों को बुके देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने माला पहनाकर संगठन सचिव का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जनवरी के बाद से देश राममय हो गया है। अब हम लोगों को देश में रामराज्य लाने के लिए अपनी भूमिका और महत्व को समझकर व्यवहार करना है। रामायण मेला में होने वाले कार्यक्रम हमे राम के जैसा आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं।

# कुशल वाटिका में अठठम तप तेले की आराधना 24 मार्च से होगी




**बाड़मेर।** बाड़मेर-अहमदाबाद रोड़ स्थित प्रवर्तिनी प्रमोदश्रीजी म.सा. की समाधि भूमि कुशल वाटिका प्रांगण में दादा जिनकुशल गुरूदेव के प्रत्यक्ष दर्शन दिवस एवं परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. 64वें जन्म दिवस के उपलक्ष में प्रथम बार त्रि दिवसीय अठठम तप तेले की तपस्या का ऐतिहासिक आयोजन 24 मार्च से शुरू होगा, इस त्रि दिवसीय कार्यक्रम के बेनर का विमोचन सोमवार को ब्रह्मसर दादावाड़ी प्रांगण में किया गया। कुशल वाटिका ट्रस्ट के प्रचारमंत्री केवलचन्द छाजेड़ ने बताया कि परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. के आज्ञा व आर्शीवाद से कुशल वाटिका प्रेरिका बहन म.सा. साध्वी डॉ. विधुत्प्रभाश्री की पावन प्रेरणा से व माताजी म.सा. साध्वी रतनमाला श्रीजी आदि ठाणा की पावन निश्रा में कुशल वाटिका में फाल्गुन सुदी पूर्णिमा को दादा कुशल गुरूदेव के प्रत्यक्ष दर्शन दिवस व फाल्गुन सुदी चौदस को एवं परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. 64वें जन्म दिवस के उपलक्ष में प्रथम बार 24 मार्च से 26 मार्च तक त्रि दिवसीय अठठम तप तेले का आयोजन किया जा रहा है। इस त्रि दिवसीय कार्यक्रम के बेनर का विमोचन ब्रह्मसर दादावाड़ी प्रांगण में लाभार्थी परिवार द्वारा सोमवार को किया गया। छाजेड़ ने बताया कि श्री जिनकुशलसूरी सेवाश्रम ट्रस्ट कुशल वाटिका की आज्ञा से अठठम तप का भव्य आयोजन लाभार्थी श्रीमती लेहरीदेवी माणकमल छाजेड़ परिवार सियाणी वाले हाल नवसारी द्वारा होगा, जिसमें कुशल वाटिका में अठठम तप के तेले के आराधको को फाल्गुन सुदी तेरस 23 मार्च को उतर पारणा करवाया जायेगा उसके बाद आराधक फाल्गुन सुदी चौदस 24 मार्च से 26 मार्च तक अठठम तप तेले की आराधना यानि तीन दिन उपवास की तपस्या करेंगे, उसके बाद 27 मार्च चैत्र वदी दूज को तपस्वियो का पारणा करवाया जायेगा। इस त्रि दिवसीय कार्यक्रम में विधिकारक व जैन संगीतकारों द्वारा प्रतिदिन भक्ति भावना का कार्यक्रम होगा और विधि-विधान करवाया जायेगा। इस त्रि दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारिया जोरों पर चल रही है। जिनको भी इस अठठम तप तेले की आराधना करनी हो वों अपना नाम कुशल वाटिका पेढी में लिखवा देवे। इस कार्यक्रम को चार चान्द लगाने के लिए कुशल वाटिका ट्रस्ट मण्डल, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद केयुप, अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद केएमपी सहित जैन समाज के बन्धु व्यवस्था में रहेंगें। बेनर विमोचन के दौरान शासनरत्न किशनलाल छाजेड़ भादरेश, लाभार्थी बाबुलाल छाजेड़ नवसारी, राणामल संखलेचा देवड़ा, राणामल बोथरा, पारसमल गोठी, बाबुलाल बोथरा गुड़ा, मोतीलाल मालू रामसर, सम्पतराज बोथरा अवतारी, कैलाश मालू झाक, प्रकाश पारख, भूरचन्द गोठी, रतनलाल पारख, जितेन्द्र मालू रामसर सहित कई गुरूभक्त उपस्थित थे।

# गगराना के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर मे महन्त राजाराम महाराज के सानिध्य मे बेजुबान जीव संरक्षण सेवार्थ मिशन मिट्टी परिण्डे लगाए



**मेड़ता सिटी ।** गगराना के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर परिसर मे महन्त राजाराम महाराज के सानिध्य मे बेजुबान जीव संरक्षण सेवार्थ मिशन मिट्टी परिण्डा अभियान के तत्वावधान मे डॉ.सुभाषचंद्र व स्टाफ के सहयोग से पर्यावरण प्रेमियो ने 21 मिट्टी के परिण्डे लगाकर सेवा कार्य किए। डॉ.सुभाषचंद्र ने कहा कि मानव सेवा की जिम्मेदारी निर्वहन करने के साथ पक्षियो की सेवा के लिए परिण्डे लगाए। उन्होंने कहा मानव अपनी व्यथा को जाहिर कर देता है जबकि पशु पक्षी अपनी पीडा भोगने को मजबूर होते है। गर्मी मे प्यासे पखेरु दर दर भटकते है फिर भी जलाभाव मे प्यास के मारे काल ग्रसित हो जाते है पर्यावरण संतुलन मे प्रकृति पशु पक्षियो का अहम योगदान रहता है। अतः इनका पोषण संरक्षण करना हमारा नैतिक उत्तरदायित्व बनता है। मिट्टी परिण्डो से जल की शीतलता बनी रहती है ऐसे मे पक्षी शीतल जल पान करके तृप्ति और ताजगी का अनुभव करते है। बेजुबान जीवो की सेवा से दुआए मिलती है दवा से भी अधिक दुआए कारगर होती है। पर्यावरण प्रेमी रामचन्द्र पिचकिया के समक्ष चिकित्सा अधिकारी और कार्मिको ने नियमित बेजुबान जीव संरक्षण सेवा करने का प्रण लिया। इस अवसर पर महन्त राजाराम महाराज राकेश दाधीच श्रीकांत स्वामी सुनिल वैष्णव किरण जांगिड सन्तु कुमारी समाजसेवी हाथीराम प्रजापत रामकिशोर दुर्गाराम धारणिया ग्वाल रामूराम रामकरण गुर्जर ने मिट्टी परिण्डे लगाने मे सहभागिता रही।